राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 186
लखनऊ, सोमवार 24 फरवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





उत्तर प्रदेश के सभी सरकारी दफ्तरों में 15 मार्च तक लगेंगे स्मार्ट मीटर 03

विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में शिक्षकों की भूमिका अहम 12


## संक्षिप्त समाचार

### सर्राफा बाजार में तेजी, 88 हजार के करीब पहुंचा सोना

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है। इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोना 88 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के काफी करीब पहुंच गया है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में रविवार को 24 कैरेट सोना 87,770 रुपये से लेकर 87,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,450 रुपये से लेकर 80,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में मामूली तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,00,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,770 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

### कांग्रेस का अधिवेशन 8 व 9 अप्रैल को अहमदाबाद में

नई दिल्ली। कांग्रेस का अगला अखिल भारतीय अधिवेशन गुजरात राज्य के अहमदाबाद में 8 और 9 अप्रैल को होगा। इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के देशभर के प्रतिनिधि भाग लेंगे। माना जा रहा है कि कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के खिलाफ राजनीतिक मुहिम तेज करने और पार्टी की भविष्य की कार्ययोजना पर विचार किया जाएगा। रविवार को पार्टी ने वक्तव्य जारी कर बताया कि 8 अप्रैल को विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के साथ अधिवेशन शुरू होगा। इसके बाद 9 अप्रैल को एआईसीसी प्रतिनिधियों की बैठक होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे दोनों बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। इसमें कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, विपक्ष के नेता (लोकसभा) राहुल गांधी, कांग्रेस-शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और अन्य एआईसीसी प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### 100 साल पुराना पुल भरभराकर गिरा

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड में स्थित 100 साल पुराना पुल ताश के पत्तों की तरह ढह गया, जिससे इस क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। यह हादसा गरहां-हथौड़ी-अमनौर-औराई सड़क मार्ग पर अमनौर खाखर टोला के पास हुआ। गनीमत यह रही कि हादसे के कुछ मिनट पहले ही एक बस पुल से गुजर चुकी थी, जिसके कारण किसी तरह का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। इस पुल के गिरने से औराई प्रखंड के अतरार अमनौर, महेशड़ा, कटरा प्रखंड की बेरई दक्षिणी पंचायत सहित करीब डेढ़ लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हो गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूनिकॉर्न कंपनीज के कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा

# जॉब क्रिएटर बनने पर फोकस करें युवा

### यूपी बड़ा मार्केट, यहां बहुत डिमांड और संभावनाएं : योगी

समृद्धि न्यूज




आगरा। जनपद के होटल अमर विलास में रविवार को आयोजित यूनिकॉर्न कंपनीज के कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवा जॉब क्रिएटर बनने पर फोकस करें। पहले यूपी में अवसर नहीं थे, लेकिन युवा प्रतिभा ने आइडिया पर काम किया है। जो पहले टेक्नोलॉजी में आगे थे, वह स्टार्टअप में भी आगे हैं। 100 यूनिकॉर्न ताजनगरी में जुटे।

योगी ने तारीफ करते हुए कहा कि ग्रोथ इंजन के तौर पर युवाओं ने प्रेरणा के रूप में काम किया है। हर क्षेत्र में बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2019 में बुंदेलखंड प्रवास के दौरान पांच महिलाएं मेरे पास आईं और नौकरी की मांग की, किसी ने बताया कि वे पांचवीं पास हैं। इस पर राज्य सरकार ने पहल की। मिल्क प्रोड्यूसर का गठन किया गया, उनकी ट्रेनिंग कराई, फिर कार्य प्रारंभ कराया गया। आप आश्चर्य करेंगे कि उनका टर्नओवर 1500 करोड़ का है और इससे 42 हजार महिलाएं जुड़ी हैं। उससे भी अच्छा कार्य आगरा की मिल्क प्रोड्यूसर कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी केवल कृषि ही नहीं, बल्कि सनातन-ज्ञान और परंपरा की भी भूमि है। यूपी में निवेश को बढ़ावा देने को लेकर यहां कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया है। इसमें देशभर के यूनिकॉर्न कंपनी के लोग विचारों का आदान-प्रदान कर रहे हैं। कोई भी यूनिकॉर्न कंपनी बिना निवेशकों के आगे नहीं बढ़ती है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाने के प्रयास चल रहे हैं।

### शंकराचार्य ने की महाकुम्भ की सराहना

शंकराचार्य शंकर विजयेन्द्र सरस्वती जी ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन सरकार और जनता की सहभागिता का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति ही विश्व की आदर्श संस्कृति है और महाकुम्भ इसका जीवंत प्रमाण है। शंकराचार्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस बात के लिए भी सराहना की कि प्रयागराज के प्राचीन नाम को उन्होंने दोबारा स्थापित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कुम्भ राष्ट्र को दिशा देता है। चाहे श्रीराम मंदिर के निर्माण का अभियान हो या देश में सनातन धर्म को शक्ति देने वाली सरकार हो, कुम्भ राष्ट्र को मार्ग दिखाता है। शंकराचार्य ने महाकुम्भ को एकता का कुम्भ बताते हुए इसे अद्वैत कुम्भ कहा। इस अवसर पर श्री शंकरपुर पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्रीकृष्णानंद तीर्थ और महामंडलेश्वर संतोषाचार्य जी महाराज 'सतुआ बाबा' सहित बड़ी संख्या में संतगण उपस्थित रहे।

### सनातन के जन जागरण में कांची कामकोटि पीठ की अहम भूमिका

महाकुम्भनगर। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को महाकुम्भ नगर में पहुंचकर साधु-संतों से भेंट की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ में अब तक विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी स्नान कर चुके हैं, जो सनातन संस्कृति की अद्वितीय आस्था और शक्ति को दर्शाता है। मुख्यमंत्री सबसे पहले विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ पहुंचे, जहां उन्होंने महामंडलेश्वर संतोषाचार्य जी महाराज सतुआ बाबा से भेंट की। इसके बाद वे श्री कांची कामकोटि पीठ के शिविर में पहुंचे और शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कांची पीठ के पूर्व शंकराचार्य जयेन्द्र सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती उतारी। वहीं शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री की प्रशंसा की और 60 करोड़ से अधिक सनातनियों के महाकुम्भ में स्नान करने को भी सराहा। मुख्यमंत्री योगी ने कांची कामकोटि पीठ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस पूज्य पीठ की परंपरा ने सनातन धर्म के जनजागरण और अभिवृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जब भी सनातन धर्म के सामने कोई संकट आया, कांची पीठ ने आगे बढ़कर उसका समाधान किया। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन हो या नेपाल संकट, इस पीठ ने सदैव धर्म की रक्षा के लिए प्रयास किए हैं।

### 62 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई महाकुम्भ में पावन डुबकी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु संगम की त्रिवेणी में स्नान कर चुके हैं और आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में कोई ऐसा मत, मजहब या संप्रदाय नहीं, जहां निश्चित समय पर इतनी बड़ी संख्या में लोग अपनी आस्था व्यक्त करने के लिए एकत्र होते हों। महाकुम्भ सनातन धर्म की दिव्यता और विराटता का प्रतीक है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से



समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सोमवार से प्रारम्भ हो रही यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को पारदर्शी, सुरक्षित व नकल विहीन बनाने को प्रदेश सरकार तैयार है। इस बार परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की जांच हो सकेगी। मनोचिकित्सक अपने प्रयास से परीक्षार्थियों का तनाव दूर करते हुए दिखायी देंगे। महिला परीक्षार्थियों के लिए विशेष हेल्प डेस्क की भी व्यवस्था की गयी है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर परीक्षा केंद्रों पर छात्रों को आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार की सुविधा भी मिलेगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्वास्थ्य किट और प्राथमिक चिकित्सा उपकरण की व्यवस्था की गयी है। परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने के लिए, मेडिकल स्टाफ और प्राथमिक चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। किसी भी आपातकालीन स्थिति में चिकित्सा विशेषज्ञ त्वरित सहायता प्रदान करेंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर प्रशिक्षित मनोचिकित्सक उपलब्ध होंगे, जो परीक्षार्थियों को तनाव, चिंता और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। परीक्षा केन्द्रों के लिए प्रशिक्षित हुए चिकित्सकों के अनुसार समय-समय पर प्रशिक्षित चिकित्सक परीक्षार्थियों से वार्ता करेंगे। परामर्श सत्रों से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और उनकी चिंताओं का समाधान हो सकेगा। परीक्षार्थियों के मानसिक तनाव को कम करने के अलावा आवश्यकता के अनुसार शारीरिक स्वास्थ्य की जांच करायी जायेगी।

## टनल हादसा, अंदर 11 किमी पानी भरा मजदूरों के बाहर आने की उम्मीद कम

एजेंसी

हैदराबाद। तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले में निर्माणाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया। इस दौरान 8 कर्मचारी फंस गए। एनडीआरएफ-एसडीआरएफ रेस्क्यू ऑपरेशन चला रह है।

राज्य सरकार के हक वाली कोयला खनन कंपनी सिंगरेनी कोलियरीज भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। कंपनी के जनरल मैनेजर श्रीनिवास रेड्डी ने रविवार को कहा कि सुरंग में कर्मचारियों के बाहर आने की उम्मीद कम है। नागरकुर्नूल डीएम बी संतोष ने कहा-रेस्क्यू टीमें सुरंग में वहां तक पहुंच गई हैं जहां बोरिंग मशीन काम कर रही थी। लेकिन अंदर फंसे कर्मचारियों से संपर्क नहीं सका। कीचड़ के कारण आगे बढ़ने में परेशानी आ रही है। एसडीआरएफ के अधिकारी के मुताबिक, सुरंग के अंदर जाने का कोई रास्ता नहीं है। घुटनों तक कीचड़ है। सुरंग के अंदर ऑक्सीजन भेजी जा रही है। पानी निकालने के लिए 100 हॉर्स पॉवर का पंप मंगवाया गया है। रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ के 145 और एसडीआरएफ के 120 जवान तैनात हैं। सेना की एक इंजीनियर रेजिमेंट, जो सिकंदराबाद में इन्फैंट्री डिवीजन का हिस्सा है। उसे भी रेस्क्यू में लगाया गया है। हादसा 22 फरवरी की सुबह करीब 8.30 बजे हुआ था। टनल के एंट्री पॉइंट से 14 किमी अंदर टनल की छत का करीब 3 मीटर हिस्सा ढहा है।

### आतिशी दिल्ली विधानसभा में होंगी नेता प्रतिपक्ष

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने रविवार को एलान किया कि पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने इसकी आज घोषणा की। उन्होंने कहा कि 'आप'के विधायक दल की बैठक हुई जिसमें विधायकों ने सर्वसम्मति से आतिशी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुना। श्री राय ने कहा कि आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी बखूबी निभाई है। आतिशी ने नेता प्रतिपक्ष चुने जाने के बाद कहा, मैं पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और सभी विधायकों का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने मुझे नेता प्रतिपक्ष बनाया है। भाजपा ने जो भी वादे किए, विपक्ष के नाते हम उन सभी वादों को पूरा करवाने की जिम्मेदारी निभायेंगे।

# भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी



चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में पाकिस्तान ने टीम इंडिया के सामने रखा था 242 रनों का लक्ष्य

दुबई। कुलदीप यादव (तीन विकेट) और हार्दिक पंड्या (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में पाकिस्तान को 241 के स्कोर पर रोक दिया।

रविवार को यहां पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के लिए इमाम-उल-हक और बाबर आजम की सलामी जोड़ी ने संभल कर शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े। नौं ओवर में हार्दिक पंड्या ने बाबर आजम (23) को केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद अभी स्कोर में छह और रन जुड़े थे कि अक्षर पटेल ने इमाम-उल-हक (10) को रन आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सऊद शकील और कप्तान मोहम्मद रिजवान की जोड़ी ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में अक्षर पटेल ने मोहम्मद रिजवान (46) को बोल्ड कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 36वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने सऊद शकील को आउटकर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया। सऊद शकील ने 76 गेंदों में पांच चौकों की मदद से (62) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। तय्यब ताहिर (चार) को रवींद्र जड़ेजा ने बोल्ड किया। 43वें ओवर में आगा सलमान (19) को कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। इसी ओवर में कुलदीप ने शाहीन शाह अफरीदी (शून्य) को भी आउट किया। 47वें ओवर में कुलदीप ने नसीम शाह (14) को आउटकर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। हारिस रउफ (आठ) रनआउट हुये। 49वें ओवर की चौथी गेंद पर हर्षित राणा ने खुशदिल शाह को कोहली के हाथों कैच आउट पाकिस्तान को 241 के स्कोर पर रोक दिया।

### विराट कोहली ने जड़ा शतक

भारत की ओर से बैटिंग करते हुए विराट कोहली ने सबसे बड़ी पारी खेली विराट ने 111 गेंदों में 100 रन की शानदार पारी खेली। उनका साथ देते हुए अक्षर पटेल ने 3 रन बनाए।

### बागेश्वर धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार पलटी एक की मौत, 10 घायल

छतरपुर। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां बागेश्वर धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार सड़क हादसे का शिकार हो गई। यह दुर्घटना शनिवार और रविवार की दरमियानी रात करीब 6 बजे हुई। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कादरी गांव के पास हुई, जब कार में सवार 11 श्रद्धालु भोपाल की ओर वापस लौट रहे थे। जानकारी के मुताबिक, श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ से बागेश्वर धाम दर्शन के लिए गए थे। रविवार सुबह जब वे भोपाल लौट रहे थे, तो उनकी कार के सामने अचानक एक गाय आ गई। गाय को बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने ब्रेक मारे, जिससे कार का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई।

## शिवरात्रि पर प्रयागराज में नहीं निकलेगा जुलूस

समृद्धि न्यूज

प्रयागराज। महाकुंभ में रविवार (आखिरी वीकेंड) को पूरे दिन भारी भीड़ रही। लेकिन, रात होते-होते भीड़ कम होने लगी है। लोगों ने प्रयागराज से निकलना शुरू कर दिया है। इसके चलते सुलेम सराय की रोड (कानपुर रोड) पर यातायात सामान्य है। जाम की कोई स्थिति नहीं है। इसी तरह अन्य इलाकों में जाम कम हो रहा है।

इससे पहले रविवार सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई। इसका ऑटो, ई-रिक्शा, बाइक वालों ने भी मनमाना पैसा वसूला। भास्कर रिपोर्टर ने मौजा गिरी घाट से संगम तक नाव बुक करने की बात की तो नाविक ने 20 हजार रुपए मांगे। सामान्य दिनों में



नाव बुक करने पर एक हजार रुपए लेते हैं। वहीं, सिविल लाइंस रेलवे स्टेशन के पास बाइकर्स गैंग पूरे दिन मौजूद रहा। इसने यात्रियों को मेला तक पहुंचाने के लिए महज दो किमी के 500 रुपए वसूले। इसके खिलाफ पुलिस ने जीटी जवाहर चौराहे पर अभियान चलाया और 200 से अधिक बाइकें सीज कर दीं। सड़क किनारे खड़े 50 वाहनों को हटवाया। 750 गाड़ियों का चालान किया। शिवरात्रि पर शहर में 16 किमी लंबी शोभायात्रा निकलती है। कई मंदिरों से भी जुलूस निकाले जाते हैं। पुलिस के अधिकारियों ने कमेटी से बात कर शोभायात्रा न निकालने पर राजी कर लिया है। दरअसल, महाकुंभ का आज 42वां दिन है। मेला खत्म होने में 3 दिन और बचे हैं। इसीलिए दिनभर इतनी भीड़ रही कि संगम पर पैर रखने की जगह नहीं बची। रात 8 बजे तक 1.32 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

### राम मंदिर के ट्रस्टी रहे दिवंगत कामेश्वर चौपाल के घर 50 लाख की चोरी

पटना। पुलिस के तमाम दावों के बावजूद राजधानी पटना में चोरी की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रहीं। इस कड़ी में अब बेखौफ बदमाशों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया है। इस बार अपराधियों ने अयोध्या के श्री राम मंदिर निर्माण में पहली ईंट रखने वाले दिवंगत कामेश्वर चौपाल के घर को अपना निशाना बनाया है। परिजनों के अनुसार, करीब 50 लाख की संपत्ति की चोरी हुई है। दरअसल, बीते सात फरवरी को कामेश्वर चौपाल का निधन हो गया था। उनके परिजन श्राद्ध कर्म के लिए सुपौल जिले में स्थित अपने पैतृक गांव गए हुए थे। इसी बीच पटना के बेउर स्थित उनके घर में चोरी कर ली गई। घर का ताला तोड़कर एक-एक कमरे को खंगाल गए।

## किसानों के बीच जाकर बनाई जा रही हैं बेहतरी के लिए योजनाएं : शिवराज

एजेंसी



पटना। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बिहार के मखाना किसानों के लिए घोषित मखाना बोर्ड के गठन को लेकर रविवार को बिहार के दरभंगा जिला पहुंचे। यहां मखाना अनुसंधान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि किसानों की बेहतरी के लिए बनने वाली योजनाओं को कृषि भवन में बैठकर नहीं बल्कि किसानों के बीच जाकर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार का मखाना सुपर फूड है। उन्होंने कहा मखाना का उत्पादन और गुणवत्ता बढ़े, मखाना उत्पादक किसानों की परेशानी दूर हो इसके लिए बिहार में मखाना बोर्ड का गठन किया जा रहा है। हमने तय किया कि कृषि भवन में बैठकर मखाना बोर्ड नहीं बनेगा, बल्कि जिनके लिए ये बोर्ड बन रहा है उनके बीच जाकर चर्चा करेंगे। शिवराज ने कहा कि बिहार में मखाना बोर्ड बनेगा तो किसान भाइयों की सलाह के आधार पर बनेगा। इसके लिए उन्होंने दरभंगा में मखाना उत्पादक किसानों के साथ संवाद किया।

## संघ प्रमुख ने समाज में बदलाव के लिए पांच परिवर्तनों पर दिया बल

एजेंसी

गुवाहाटी। नगर के वर्षापाड़ा स्थित साउथ प्वाइंट स्कूल परिसर में कार्यकर्ताओं के लिए एक बौद्धिक में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने अपने संबोधन में समाज परिवर्तन के लिए पंच परिवर्तन को एक महत्वपूर्ण कुंजी के रूप में रेखांकित किया।



इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के गुवाहाटी महानगर ने आयोजित किया। इसमें बड़ी संख्या में दायित्ववाली कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सरसंघचालक डॉ. भागवत ने समाज परिवर्तन के लिए, आवश्यक पांच परिवर्तनों, अर्थात् सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्यबोध, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समाज में विभिन्न जातियों, मतों, क्षेत्रों और भाषाओं के बीच मित्रता और एकता को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया, ताकि एक समरस समाज का निर्माण किया जा सके।

### विश्वामित्र का भारत होगा विश्व मित्र की भूमिका में : पंडित धीरेंद्र शास्त्री

छतरपुर। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर है। बुंदेलखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास से बड़ी संख्या में अंचल के लोगों को आसानी से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। पहली बार मंदिर में अस्पताल की अवधारणा को साकार करने के साथ ही कैंसर हॉस्पिटल को भविष्य में मेडिकल कॉलेज के रूप में विकसित किया जाएगा। बागेश्वर धाम में दवाएं, ज्ञान और विज्ञान का समन्वय होगा। विश्वामित्र का भारत अब विश्व मित्र की भूमिका में है। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की दशा और दिशा बदलने के साथ ही भारत ने चाँद पर तिरंगा फहराया है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा

# भोजन में खाद्य तेल के उपयोग में लाएं 10 प्रतिशत की कमी

### एक दिन के लिए महिलाओं के हवाले करेंगे सोशल मीडिया अकाउंट

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में आधुनिक जीवन शैली से बढ़ती जा रही स्वास्थ्य समस्या के तौर पर मोटापे का विषय उठाया। उन्होंने इस संबंध में आमजन से अपने भोजन में खाद्य तेल के उपयोग में 10 प्रतिशत की कमी लाने की अपील की। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया पर जागरूकता पैदा करने के माध्यम के तौर पर 10 लोगों को खाद्य तेल में कटौती से जुड़ी चुनौती देने की बात भी कही।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के 119वें एपिसोड में आज मोटापे के विषय पर ओलंपिक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, निखत जरीन तथा स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. देवी शेट्टी से हुई बातचीत सुनाई। उन्होंने कहा कि खाने में तेल के कम उपयोग और मोटापे से निपटना केवल व्यक्तिगत विषय नहीं है बल्कि यह परिवार के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। खानपान में तेल का अधिक इस्तेमाल दिल की बीमारियों, शुगर और उच्च रक्तचाप जैसी ढेर सारी बीमारियों की वजह बनता है।

उन्होंने कहा कि खानपान में छोटे-छोटे बदलाव से हम हमारे भविष्य को मजबूत, सशक्त और रोग मुक्त बना सकते हैं। उन्होंने कहा, आप तय कर लीजिए कि हर महीने 10 प्रतिशत तेल कम उपयोग करेंगे। आप तेल की खरीद में 10 प्रतिशत की कमी लायेंगे। यह मोटापा कम करने की दिशा में अहम कदम होगा। प्रधानमंत्री मोदी 'मन की बात' में पर्यावरण संरक्षण और वन्य जीव संरक्षण जैसे विषयों को लगातार उठाते रहे हैं। इसी क्रम में आज उन्होंने भारत के जीवंत पारिस्थितिक तंत्र की बात की। उन्होंने उन परंपराओं की जानकारी दी जिसके जुड़कर लोग वन्य जीवन और प्रकृति के संरक्षण को प्रेरित होते हैं।

### प्रधानमंत्री ने बागेश्वर धाम पहुंचकर किए बालाजी के दर्शन

छतरपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को मध्य प्रदेश के प्रवास पर छतरपुर जिला स्थित बागेश्वर धाम पहुंच गए हैं। यहां ग्राम गढ़ा में बनाए गए हैलीपैड पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने स्वागत कर उनकी अगुवानी की। बागेश्वर धाम पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बालाजी के दर्शन किए। प्रधानमंत्री कुछ देर बाद बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वे जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली से वायुसेना के विशेष विमान से रविवार को दोपहर करीब दो बजे खजुराहो एयरपोर्ट आए और यहां से वायुसेना के हेलीकाप्टर से ग्राम गढ़ा (राजनगर) पहुंचे। प्रधानमंत्री यहां से बागेश्वर धाम पहुंचे और भगवान बालाजी के दर्शन कर आरती की।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना: 215 जोड़ों का हुआ विवाह

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर के निघासन में लालपुर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर तराई किसान महाविद्यालय मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 215 जोड़ो का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया, इस मौके पर 189 जोड़ों का हिंदू रीति रिवाज और 26 जोड़ों का मुस्लिम परंपरा के अनुसार निकाह कराया गया।



इस मौके निघासन खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने बताया कि शासन द्वारा प्रत्येक जोड़े पर 51000 रुपए व्यय करने की व्यवस्था की जाती है जिसमें से 35000 रुपए वधू के खाते में, और उपहार सामग्री भेंट के लिए 10000 रुपए, सहित भोजन आदि व्यवस्था में 6000 रुपए का व्यय किया जाता है। रमियाबेहड़ खंड विकास अधिकारी सुशांत सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीब और असहाय परिवार की बेटियों की शादी बड़ी ही धूमधाम और रीति रिवाज से की जाती है, वहीं सरकार बेटियों को सुरक्षा, शिक्षा से लेकर रोजगार तक की सुविधाएं प्रदान कर रही है। इस मौके पर एडीओ पंचायत विजय गुप्ता, आईएसबी अनुज कुमार अवस्थी, समाज कल्याण विजय गुप्ता, ग्राम पंचायत अधिकारी उपदेश वर्मा, हर्षित पाण्डेय, प्रियंका सिंह, सुनील पंकज सहित दोनों ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब:** शहर के जीआईसी मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली। एक ही प्रांगण में हिंदू और मुस्लिम धर्म के 215 जोड़े एक साथ विवाह के बंधन में बंध गए। एक ओर जहां ब्राह्मण मंत्रोच्चार कर हिंदू जोड़ों का विवाह करा रहे थे, तो वहीं दूसरी ओर मौलाना निकाह पढ़ मुस्लिम जोड़ों का निकाह करा रहे थे।



## गरीब परिवार की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही सीएम सामूहिक विवाह योजना: डीएम

**डीएम** दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवार की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को आनंद का अद्भुत क्षण बताया। यह योजना लोगों के जीवन में खुशहाली ला रही है। दांपत्य जीवन में खुशहाली व गृहस्थी की स्थापना के लिए 35 हजार की धनराशि कन्या के बैंक खाते में भेजी जा रही है। किसी एक शादी में समय निकाल पाना मुश्किल होता है, लेकिन आज का यह आयोजन ऐसा शुभ व बड़ा कार्यक्रम है, जहां मा. जनप्रतिनिधिगण और जिले के आला अधिकारी वर-वधु पक्ष के लोगों का स्वागत करने, नवयुगलों को शुभाशीष देने आए हैं। उन्होंने उनके सुखमय जीवन की कामना की।

## विदाई में छलके आंसू

**सामूहिक** विवाह के बाद जब विदाई की बेला आई तो परिजनों की आंखे छलक उठी। दुल्हन की रोती आंखे माता पिता से दूर जाने का दर्द बयां कर रही थी तो दूसरी ओर नया संसार बसाने के लिए माता पिता उन्हें आशीष भी दे रहे थे। विदाई के दौरान मंडप से सड़क तक खुशियों के आंसू छलकते रहे।

## जीवन भर साथ निभाने का संकल्प

वर-वधुओं को मंडप बेदी में आचार्य द्वारा सात फेरे कराने के साथ ही सात वचन भी दिलाए गए और हर वचन का अर्थ व्यवहारिक तौर पर समझाया गया। वर-वधु ने भी एक दूसरे का जीवन भर साथ निभाने और एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखने का वचन दिया। तीर्थ, व्रत में वाम भाग में स्थान देने, माता पिता का सम्मान, युवा, प्रौढ और वृद्धा अवस्था में साथ निभाने जैसे वचन एक दूसरे ने किए।

# किशोरी हत्या मामले में हत्यारा जीजा गिरफ्तार

**शराब नशे में की थी साली की हत्या,पत्नी से विवाद में उलझी थी साली**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

भीरा थाना क्षेत्र के मूड़ा खुर्द में किशोरी की हत्या में मृतका की बहन तीन दिनों से पुलिस को गुमराह कर रही थी। सीएम आगमन में ड्यूटी पर भीरा एसओ व्यस्त थे।जिस वजह से केस में जांच की गति धीमी थी।

सीएम के जाते ही भीरा एसओ पुष्पराज कुशवाहा ने केस को बारीकी से जांचना शुरू कर दिया। भीरा एसओ पुष्पराज कुशवाहा ने 24 घण्टा में ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश किया और किशोरी की हत्या के मामले में हत्यारे जीजा को गिरफ्तार कर लिया।



# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार की शाम लगभग 7:00 बजे रतनपुर और महमदपुर के बीच ईट भट्टे के पास अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल शाहजहांपुर भेजा जहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई।


पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र उचौलिया के अंतर्गत ग्राम मठ निवासी मनोज 35 पुत्र शिवदयाल शाम के लगभग 7:00 बजे गांव महमदपुर नरही अपनी बहन के घर से वापस आ रहे थे। इसी दौरान महमदपुर ईट भट्टे के पास सामने से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक ने मनोज की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से मनोज के सिर और पैर में गंभीर चोट आई। तुरंत मौके पर स्थानीय इकट्ठे हो गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल मोटरसाइकिल चालक मनोज को जिला अस्पताल शाहजहांपुर भेजा जहां पर कुछ भी देर में उनकी मौत हो गई। 20 फरवरी को भांजी की शादी होनी थी। मृतक मनोज के परिजनों ने बताया कि 20 फरवरी को भांजी मोहिनी की शादी थी जिसमें घर के सभी लोग गए थे और 21 फरवरी को वापस आ गए थे। घर वालों ने बताया है कि शनिवार की सुबह बहन सुशीला ने मनोज को फिर किसी काम से अपने घर बुलाया जिसके बाद वह शाम को वापस अपने घर जा रहा था और इसी बीच यह हादसा हो गया। मृतक मनोज की पत्नी ममता का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे में अपने पति मनोज को खो देने के बाद ममता का रो-रोकर बुरा हाल है। मनोज के पांच बच्चे हैं जिसमें सबसे बड़ा लड़का सुजीत 11, मनीषा 9, काव्या 2, साल और महक 2 माह की है। अभी हाल ही में बड़े भाई की मौत हुई थी। मृतक मनोज के सबसे बड़े भाई मेवाराम की लगभग 40 दिन पहले ही मौत हुई थी। बड़े भाई की मौत से अभी तक परिजन उबर नहीं पाए थे तब तक यह दुर्घटना हो गई।



# अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से कार के उड़े परखच्चे

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मितौली थाना क्षेत्र के भीखमपुर कस्बा चौराहे पर शनिवार देर रात करीब 10 बजे एक अल्टो कार में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल चालक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है। हादसा इतना भीषण था कि शव कार में बुरी तरह फस गये। कार का दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाले गए। सूचना पर पहुंची मितौली पुलिस ने घटना स्थल की जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।



**50 मीटर दूर जाकर गिरी कार, तीन लोगों की मौत, कार चालक गंभीर रूप से घायल**

जानकारी के मुताबिक हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ककलापुर निवासी विपिन कुमार वर्मा 35 वर्षीय पुत्र राम कुमार वर्मा अपने तीन साथी मे, सतीश कुमार 32 वर्षीय पुत्र श्री राम निवासी खरगापुर, पंकज वर्मा 27 वर्षीय पुत्र शिव कुमार, निवासी सिसावा कला, विपिन कुमार वर्मा 30 वर्षीय पुत्र कामता प्रसाद निवासी डोकरपुर के साथ हरिद्वार में किसी पेस्टीसाइड की कम्पनी की मीटिंग अटेंड करने गये थे। मीटिंग अटेंड करने के बाद घर वापसी के दौरान अपने दोस्त विपिन कुमार को उसके गांव डोकरपुर छोड़ने के बाद कार चालक सहित तीनों कार में सवार होकर घर के लिए निकले। उनकी कार भीखमपुर मेन चौराहे पर रात करीब 10 बजे पहुंचते ही लखीमपुर की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इतना ही नहीं कार 50 मीटर दूर मोहम्मदी रोड पर जाकर गिरी। हादसा इतना भीषण था कि शव कार में बुरी तरह से फस गये।कार का दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाले गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना मितौली पुलिस ने सभी को यूपी 112 की गाड़ी और एंबुलेंस से सीएचसी गोला भेज दिया जहां डाक्टरों ने नवनीत कुमार वर्मा, पंकज कुमार, सतीश कुमार को मृत घोषित कर दिया।

# अबुल कलाम के विचारों से लें सीख, कांग्रेसियों ने किया याद

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम किए गए। शहर की भारत भूषण कॉलोनी में पार्टी के कैंप कार्यालय पर निवर्तमान अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अगुवाई में पुण्यतिथि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वक्ताओं ने मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। सभी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामकुमार वर्मा, प्रेम कुमार वर्मा, कृष्ण किशोर मिश्रा, जसकरण लाल, मोहम्मद अनीस अहमद, रामशंकर पाल, अजय शुक्ला गुड्डू, सरदार जोगिंदर सिंह भोली, मोहनलाल पाल, मोहम्मद डॉ. अनवर अंसारी, शेर सिंह वर्मा, पंकज पटेल, सरदार जसवंत सिंह, दीपेंद्र शुक्ला, विक्रम पटेल, अध्ययन पटेल, आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे। उधर लखीमपुर में जिला कांग्रेस भवन मुख्यालय पर डॉ.रईस अहमद उस्मानी, जावेद अली खान एडवोकेट, रवि तिवारी, रामपाल शाक्य, सरोजिनी अवस्थी, राजेंद्र गुप्ता, अब्दुल कयूम, आदि कांग्रेस जनों मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि मनाई।



## केन्द्रीय मंत्री ने पदाधिकारियों के साथ सुना पीएम मोदी के मन की बात

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने रविवार को स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ महराजगंज स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर सुना। यह इस कार्यक्रम का 119 वां संस्करण था। जिले मे 2084 बूथो पर मन की बात कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियो ने सुना। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने महराजगंज नगर मंडल के बूथ संख्या 200 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियो के साथ बैठकर सुना। मन की बात पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा की प्रधानमंत्री के मन की बात देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में कभी राजनीति पर बात नहीं की, उन्होंने हमेशा राष्ट्र की बात की समाज की बात की। 'मन की बात' कार्यक्रम से हमें एक दिशा मिलती है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत 3 अक्टूबर 2014 को हुई थी, और तब से यह आम लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। पीएम मोदी इसके जरिए सामाजिक जागरूकता, शिक्षा, स्वच्छता, खेल, विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में उपलब्धियों, सरकार की विकास योजनाओं और भारत की वैश्विक स्थिति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय, पूर्व बिधायक शिवेन्द्र सिंह चौधरी, पूर्व चेयरमैन गुड्डू खान, मंडल अध्यक्ष अशोक पटेल, अमरनाथ पटेल, नगर मंडल अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, सभासद लालजी गुप्ता, सानंदन पटेल, श्याम नारायण यादव मौजूद रहे।

# नाला निर्माण में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

**संसारपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

बांकेगंज विकास क्षेत्र की भरिगवां ग्राम पंचायत के मजरा भम्मापुर में नाला निर्माण कराया जा रहा है। भम्मापुर में चल रहे इस नाला निर्माण के कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है इससे स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि भम्मापुर में चल रहे नाली निर्माण कार्य में ठेकेदार व ग्राम प्रधान की मिलीभगत के कारण मानकों की अनदेखी की जा रही है। नाली निर्माण में अव्वल ईटों की जगह पीली ईट व ईटों को जोड़ने के लिए बनाए गये मसाले में मानक के विपरीत अधिक मात्रा में बालू का प्रयोग किया जा रहा है। नाला निर्माण पूर्णतया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता जा रहा है जिससे ग्राम वासियों में काफी आक्रोश है। भम्मापुर गांव के निवासी राम रतन, राम विलास, तिलकराम, रंजीत, ओमवीर व अन्य ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर मानक विहीन हो रहे इस निर्माण कार्य का विरोध किया। यहां मौजूद ग्रामीणों का कहना था कि ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सेक्रेटरी जेई की आपसी मिलीभगत से गांव में नाला निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। घटिया मसाले व पीली ईट से हो रहे नाला निर्माण कार्य से सिर्फ सरकारी धन का ही दुरुपयोग हो रहा है। ऐसे में नाराज ग्रामीणों ने नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन से हस्तक्षेप कर मानक के अनुरूप नाली का निर्माण कराने की मांग की है।



जूनियर इंजीनियर शिव आशीष मिश्रा ब्लॉक बांकेगंज से जानकारी लेनी चाहिए तो उन्होंने कहा की ऑफिस में मिलने आ जाना। वही इस विषय पर ए डी ओ पंचायत आरिफ खान का कहना है प्रकरण मेरी जानकारी नहीं है।

# गन्ने के खेत में मिले दो शावक से ग्रामीण घबराए

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** रविवार अपने खेत पर गन्ने की सिंचाई करने गए खेत स्वामी ने खेत में दो शावक देख होश उड़ गए। साथ ही हड़बड़ाहट हुई कि कही बाघिन आस पास तो नही है। किसी तरह ग्रामीणों व वन विभाग को सूचना देने पर पता चला कि शावक बाघिन के नहीं बल्कि यह फिशिंग कैट के शावक हैं। ग्राम घरथनिया में सौरभ वर्मा अपने खेत में गन्ना सिंचाई करने गए तो खेत में दो शावक देखे। सूचना पर ग्रामीण व वनविभाग की टीम ने लोगों ने जागरूकता करते हुए बताया कि यह फिशिंग कैट के शावक है। साथ ही इनको सहज तरीके से उनका आवास में रखने का संकल्प कराया। फिशिंग कैट के अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे संदीप वर्मा स्वयंसेवक युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं बाघ क्लब के सक्रिय सदस्य ने महेशपुर रेंज से वार्ता कर इसे सुरक्षित स्थान पर आवास देने का निर्णय कर मौके पर वन विभाग की टीम को बुलाकर दोनों शावकों को सुरक्षित सौंप दिया। बता दें कि इनकी शारीरिक बनावट गुलदार से मिलती जुलती है। जिस कारण अक्सर ग्रामीणों को धोखा हो जाता है। बता दे कि बंगाल राज्य की यह प्रजाति फिशिंग कैट बेहद ही शर्मीला वन्यजीव होने के साथ किसानों का मित्र भी है, जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार ने बताते है। कि हर साल फिशिंग कैट की संख्या बेहतर होती जा रही है। इनके संवर्धन के लिए प्राकृतिक आवासों का संरक्षण जरुरी है। बिल्लियां कीचड़ और पानी से नफरत करती हैं, लेकिन मछली पकड़ने वाली बिल्ली ऐसा नहीं करती। यह रहस्यमय मध्यम आकार की बिल्ली की प्रजाति दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया में पाई जाती है। और यह दलदली भूमि में जीवन के लिए अद्वितीय रूप से अनुकूलित है।

**शावकों के फिशिंग कैट होने पर उनके संरक्षण का लिया संकल्प**



# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाबा राममंगलदास का 132वां जन्मोत्सव

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।**

सुरति शब्दयोग के मर्मज्ञ और सर्वधर्म समभाव के प्रतीक एक महान व्यक्तित्व का जीवन अध्यात्म और समाज के वंचित वर्ग के उत्थान हेतु सदैव समर्पित रहा है।सर्व जाति,मत, पंथ और सम्प्रदाय के आध्यात्मिक जिज्ञासु उनके पास आते थे, जिनका वह साधनाजन्य समाधान करते थे।ऐसे महान व्यक्तित्व का नाम परमहंस राम मंगल दास जी महाराज है जो श्री रामनगरी के सिद्ध संतो में शुमार थे और सिद्ध पीठ गोकुल भवन रविवार को संत शिरोमणि के नाम से परिचित सिद्ध संत परमहंस राम मंगल दास जी महाराज का 132वां जन्मोत्सव समारोह था जो समारोहपूर्वक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया।परमहंस जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का श्रद्धापूर्वक स्मरण करने के लिए सिद्ध पीठ गोकुल भवन को जगमगाती लाइटों और सुगंधित पुष्पों से दुल्हन की तरह सजाया गया था। इतना ही नहीं जन्मोत्सव कार्यक्रम से पूर्व शनिवार की सायंकाल से ही मंदिर में भक्तों का आगमन होना प्रारंभ हो गया हालांकि पोलादपुर महाराष्ट्र में भी भक्तों द्वारा परमहंस जी की जयंती पारम्परिक रूप से हर्षोल्लास सहित मनाई गई। सिद्ध पीठ गोकुल भवन में रविवार को जन्मोत्सव समारोह की शुरुआत प्रातः काल मंदिर की गुरुगादी में स्थापित महाराज जी के मंगल विग्रह के कृपाभिषेक के साथ हुई तत्पश्चात गैर जनपद और गैर प्रांतों से आये उनके भक्तों ने अपने गुरुदेव भगवान को आदरांजलि अर्पित की। रामनगरी में महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित भीड़ के कारण बारात न निकलने पर भी श्रद्धालु भक्तजनों का उत्साह कम नहीं दिखा।अपने उत्साह को हर बार की तरह इस बार भी अर्पित करने के लिए इन श्रद्धालु भक्तजनों ने मंदिर परिसर के अंदर ही ढोल और नगाड़ों की थाप पर अपने गुरुदेव भगवान का स्मरण कर मंगल गीत गाकर अपनी आस्था अर्पित की। श्रद्धालुओं से खचाखच भरे मंदिर परिसर में गुरुदेव भगवान की आरती वंदन, भजन और कीर्तन के उपरान्त आयोजित विराट भंडारे में असंख्य श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।मंदिर प्रबंधन की ओर से भंडारे में आए श्रद्धालुओं के अलावा मंदिर के सामने से गुजरने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं को भी इस भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।

**ढोल और नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालुओं ने अर्पित की देवतुल्य गुरुदेव भगवान को आदरांजलि**



# आग लगने से हजारों का हुआ नुकसान

**लखीमपुर खीरी।** आग लगने से घर का सामान जल गया।घर जलने से पीड़ित को हजारों रुपये का नुकसान हो गया।आपको बता दें कि थाना खीरी क्षेत्र की पुलिस चौकी ओयल के अंतर्गत सीतापुर रोड पर स्थित महम्मदाबाद गाँव के रहने वाले प्रकाश, बृजेश और शीलू का गाँव के बाहर कच्चा मकान बना हुआ है जिसमें छप्पर पड़े हुए थे देर शाम को खाना बनाया जा रहा था तभी अचानक से छप्पर में आग लग गई और छप्पर जलने लगा छप्पर को जलता हुआ देखकर घर के लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे घर में मौजूद लोगों ने शीघ्र ही पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। आपको बता दे कि पीड़ित गरीब व्यक्ति है और मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रहा है पीड़ित का पूरा परिवार मजदूरी करके अपना गुजर बस करते हैं।दिनांक 23 फरवरी 2025 को शाम करीब 6 बजे खाना बनाया जा रहा था तभी बृजेश के छप्पर में आग लग गई जिससे उसका पूरा घर का सामान गृहस्थी का सामान जल गया हालाँकि पीड़ित के घर पर सब लोग शाम को मौजूद थे जिससे आग पर जल्दी ही काबू कर लिया गया वहीं पीड़ित ने पुलिस को सूचना नहीं दी है।



## खबरें एक नजर में

### 26 फरवरी को होगा रुद्र महाभिषेक और पार्थिव पूजन



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की रात जागरण कर उनकी भक्ति करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस जागरण को द्वादश महारुद्राभिषेक एवं पार्थिव पूजन में परिवर्तित कर भगवान शिव को प्रसन्न करें। इसके लिए 26फरवरी को रुद्राभिषेक कराया जाएगा। कार्यक्रम आयोजन पंडित रामदेव शास्त्री ने बताया की 26 फरवरी को शहर के नीलकंठ मैदान में विशेष रुद्राभिषेक और पार्थिव पूजन कराया जायगा। उनका कहना है कि अलग अलग पूजन से अलग अलग फल प्राप्त होता है। संतान सुख एवं समृद्धि के लिए दूध से रुद्राभिषेक किया जाता है। रोग निवारण को औषधियों से अभिषेक कराया जाता है। श्री की प्राप्ति के लिए शहद से अभिषेक किया जाता है। भगवान शिव को प्रिय अन्य दिव्य पदार्थों से पूजन किया जाता है। नीलकंठ मैदान में विद्वानों द्वारा संपूर्ण रुद्री पाठ के साथ दिव्य अनुष्ठान होगा। यजमान बनने के लिए तुरंत संपर्क करें और अपना स्थान सुनिश्चित करें।

### प्राइमरी स्कूल राजापुर में वार्षिकोत्सव और क्राफ्ट प्रदर्शनी




**लखीमपुर खीरी।** नगर के राजापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय राजापुर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा विद्यालय द्वारा वार्षिकोत्सव की सुंदर तैयारियाँ और हस्तशिल्प प्रदर्शनी अन्य विद्यालयों के लिए अनुकरणीय प्रेरणा है। ऐसे प्रयास स्वयं विद्यालयों में होने चाहिए। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के बच्चों द्वारा हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया जिसमें बच्चों द्वारा निर्मित इको फ्रेंडली बैग, वर्ली आर पेंटिंग, लिप्पन आर्ट वर्क, जूट वर्क आदि शामिल थे। समारोह में विद्यालय ने बच्चों ने अतिथि स्वागत, पर्यावरण संरक्षण, बेसिक शिक्षा की चुनौतियाँ सहित अन्य विषयों पर नाट्य एवं नृत्य प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत कीं। विद्यालय प्रधानाचार्या रितु अवस्थी ने कहा शहर के अभिभावकों ने इस सरकारी स्कूल पर विश्वास जताया और अपने बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाया तो हमने भी बच्चों की प्रतिभा विकसित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। स्कूल के बच्चों ने जिले और प्रदेश स्तर तक अपनी विभिन्न प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर विद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन छात्र अंतस मौर्य और अभी पांडे ने किया। इस दौरान शिक्षिकाएं सविता दीक्षित, दिव्या गौतम विद्यालय छात्राएं अलीशा, अशिका, आर्या, आरुष, सावन, प्रीति, प्रियांशी, सुहानी आदि मौजूद रहे।

### प्रोजेक्ट अमृत के तहत अलीगंज नहर पर चलाया स्वच्छता अभियान



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ रविवार, 23फरवरी 2025को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एव निरंकारी राजपिता रमित जी के आशीर्वाद से किया गया। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत' का शुभारंभ किया था। इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल स्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच को विकसित करना है। इसी प्रेरणा के साथ, इस वर्ष तृतीय चरण को और अधिक व्यापक, प्रभावी एवं दूरगामी दृष्टि से आगे बढ़ाया गया है, ताकि यह अभियान निरंतर विस्तार पाकर समाज में जागरूकता, सेवा और समर्पण की एक सशक्त लहर उत्पन्न करे। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि यह वृहद अभियान देशभर में 27राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है। इस महाअभियान की यह अभूतपूर्व व्यापकता इसे एक ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करेगी। इसी कड़ी में शाखा गोला के अंतर्गत अलीगंज रोड स्थित बड़ी नहर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय संचालक रंजीत सिंह, बहन प्रमिला खुराना, सेवादल संचालक लालजी प्रसाद शिक्षक रामनरेश सोनी, सिल्वर सिटी अकेडमी कोटवारा के प्रबंधक हरमोहन खुराना मीडिया प्रभारी करन सिंह व सैकड़ो की संख्या में सेवा दल के जवान एवं बहने बच्चे व निरंकारी सातसंगत के महत्मा उपस्थित रहे।

### जम्मू-कश्मीर की समरिक स्थिति पर हुआ कार्यक्रम



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** सी.जी.एन.पी.जी कॉलेज में जम्मू कश्मीर अध्ययन केन्द्र (अवध चैप्टर) एवं राजनीति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जम्मू कश्मीर की सामरिक स्थिति विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कॉलेज के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में परिचर्चा की शुरुआत करते हुए राजनीतिशास्त्र के विभाग प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अखंड भारत हमारे समस्त भारत वासियों का अनवरत संकल्प है। अखंड भारत हमारी राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। राजनीति शास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. विश्वनाथ ने जम्मू के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर की अवस्थित भारत की दीर्घकालिका सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हिन्दी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ.विकास वैरसिया ने जम्मू कश्मीर के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार अंग्रेजों ने अपनी कूटनीतिक साजिशों के तहत भारत का विभाजन कराया। राजनीति विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. पूर्व श्रीवास्तव ने जम्मू कश्मीर की वैश्विक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐतिहासिक भूलों के कारण जम्मू कश्मीर की स्थिति आज जटिल बनी हुई है। परिचर्चा को आगे बढ़ाते हुए भूगोल विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. गौरव अवस्थी ने जम्मू कश्मीर के भू-राजनैतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर की अवस्थिति भारत को एक विशिष्टता प्रदान करती है। परिचर्चा के समापन पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रमोद दीक्षित ने उपस्थित सभी शिक्षक एवं छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए संकल्प दिवस के महत्व एवं उद्देश्यों पर व्यापक प्रकाश डाला। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के अनिल कुमार, डॉ. सुनील गुप्ता, देवानंद, राकेश कुमार अग्रहरि, डॉ. शेषमणि विश्वकर्मा आदि शिक्षक एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### शिवरात्रि व होली पर्व के लिए शांति कमेटी बैठक आयोजित



**ईसानगर खीरी।** महाशिवरात्रि, रमजान व होली के मद्देनजर थाना परिसर में शांति कमेटी बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र गंगवार ने दोनों पर्वों को शांति पूर्ण करने के लिए लोगों से की अपील की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महा शिवरात्रि के पूजन के लिए क्षेत्र के प्रसिद्ध शिवमंदिरों पर पूजन के लिए आने वाले भक्तों को कोई असुविधा न हो इसके लिए मंदिरों पर पुलिस तैनात रहेगी। दारू पीकर हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। होली से पहले चिंहित जगहों पर कच्ची शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जायेगा। बच्चों को चार पहिया दो पहिया वाहन होली पर्व पर बिलकुल चलाने को न दें। होली पर्व मेल मिलाप का पर्व है जिसे हंसी खुशी के मनायें। होली मे विवादों को भूल कर मिल जुल कर पर्व मनायें। इस अवसर पर क्षेत्र के ग्राम प्रधान सहित अन्य संभ्रांत लोग व पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

### फरेन्दा विधायक ने अम्बेडकर पुस्तकालय को दिए एक लाख रुपए का दान



**फरेन्दा, महराजगंज।** डॉ. अंबेडकर पुस्तकालय के जमीन क्रय हेतु फरेंदा के लोकप्रिय विधायक वीरेंद्र चौधरी ने अम्बेडकर पुस्तकालय महाअभियान के संस्थापक एवं आरटीआई जगत अभियान के जनक भीमसेन गौतम को आज एक लाख रुपए की सहयोग राशि प्रेषित किया। महाअभियान को इतनी बड़ी धनराशि देने वाले विधायक वीरेंद्र चौधरी महाअभियान के दूसरे बड़े दानवीर हैं। विधायक के सहयोग देने पर बाबूलाल मैनेजर, दिनेश चंद्र ग्राम प्रधान कम्हरिया खुर्द,युवराज कुमार, रामनरेश पासवान, कृष्ण कुमार, डॉ. दुर्गेश चंद्र, संजय कुमार राव आदि लोगों ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

# उत्तर प्रदेश के सभी सरकारी दफ्तरों में 15 मार्च तक लगेंगे स्मार्ट मीटर

**उप्र पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष ने जारी किया आदेश**

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों और भवनों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। 15 मार्च तक सभी सरकारी कार्यालय और भवनों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का लक्ष्य रखा है। उप्र पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल ने यह आदेश जारी किया है। उनके इस आदेश पर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आपत्ति जताई है।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि एसएटी (साइट एक्सेप्टेंस टेस्ट) पास किए बिना किसी सरकारी भवन में बिजली के स्मार्ट प्रीपेड मीटर ना लगाए जाए। लक्ष्य को पूरा करने के लिए एसएटी पास किए बिना ही सरकारी भवनों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने की तैयारी है। इस तरह का कारनामा जनता के साथ यूपी में किया गया है, इसलिए सरकारी भवनों में स्मार्ट मीटर लगाते हुए इसे दोहराया ना जाए।

अवधेश कुमार के अनुसार, किसी भी घर या दफ्तर में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए साइट एक्सेप्टेंस टेस्ट (एसएटी) और फील्ड इंस्टॉलेशन एंड इंटीग्रेशन टेस्ट (एफआइआइटी) पास करना जरूरी है। यूपी में अभी पांच लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं लेकिन बिजली कंपनियों के अधिकारी स्मार्ट मीटर लगाने में इन टेस्टों की अनदेखी की गई है। परिणाम स्वरूप हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तमाम उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर में पावर फैक्टर गलत रिकॉर्ड करना और रिसीवर के गलत फैक्टर बताने की खामी का शिकार होना पड़ा। कई उपभोक्ताओं के यहां खराब क्वालिटी के स्मार्ट मीटर लगाए गए। बड़े पैमाने पर मिली स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की इन खामियों के सामने आने पर इसकी जांच कॉर्पोरेशन के निदेशक वाणिज्य करवा रहे हैं। अवधेश कुमार का यह भी कहना है कि पावर कार्पोरेशन अभी तक बिना आदेश के ही सरकारी भवनों में स्मार्ट मीटर लगा रहा था।

करीब दो हजार सरकारी भवनों में मौखिक आदेश के तहत स्मार्ट मीटर लगाए गए है। कई सरकारी भवनों में साइट एक्सेप्टेंस टेस्ट पास किए बिना ही स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। इन सरकारी भवनों में लगाए गए स्मार्ट मीटरों में भी पावर फैक्टर गलत रिकॉर्ड और रिसीवर के गलत फैक्टर बताने जैसी दिक्कत आ सकती हैं, इसलिए इस मामले में सावधानी बरती जाए ताकि स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी किसी तरफ ही कोई गड़बड़ी ना करने पाए।

**नहीं होगी कोई गड़बड़ी**

पावर कारपोरेशन चेयरमैन आशीष कुमार गोयल का कहना है कि सरकारी भवनों में स्मार्ट मीटर लगाने में सारे मानक पूरे हो, इसका ध्यान रखा जा रहा ही सरकारी भवन में स्मार्ट मीटर लगाने में हर स्तर पर क्वालिटी पर ध्यान दिया जा रहा है कहीं भी क्वालिटी के साथ कोई समझौता नहीं होगा। स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य नामी कंपनियों को दिया गया है और स्मार्ट मीटर लगाने में कहीं कोई गड़बड़ी नहीं होने पाएंगी।

## बूथ स्तर तक सुनी गई मन की बात, कई बड़े नेताओं ने की शिरकत

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 119वें संस्करण को पूरे जोश और उत्साह के साथ सुना गया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने लखनऊ की मध्य विधानसभा के हलवासिया कोर्ट, बूथ संख्या 234 पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर इस कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, रजनीश गुप्ता, प्रवीण गर्ग, सुधीर हलवासिया और सुविद प्रवीण कंचन भी मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि लखनऊ में कई बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं ने ध्यानपूर्वक सुना। इसमें कई प्रमुख नेता शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बूथ संख्या 327 (एस.टी.पी., बड़ी लाल कुर्ती, मंडल कैंट 4) पर कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक पंकज सिंह विधायक ओपी श्रीवास्तव के साथ पूर्व विधानसभा सुगमऊ प्राथमिक विद्यालय, बूथ संख्या 54 पर पहुंचे।

# क्या वन ट्रिलियन डॉलर में अमेरिका से आया '21 मिलियन डॉलर' भी जुड़ा है : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने वर्ष 2029 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को एक हजार अरब डॉलर किए जाने के सरकार के दावे पर एक बार फिर तंज कसा है। उन्होंने भाजपा की डबल इंजन की सरकार पर तंज कसते हुए बोला कि जनता पूछ रही है कि कहीं डबल इंजन में एक इंजन 'विदेशी' तो नहीं? उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट कर ये तंज कसा है। इसमें उन्होंने अमेरिका से मिले 21 मिलियन डॉलर के बारे में भी सवाल किए है।

दरअसल, अमेरिकी संस्था यूएसएड की फंडिंग को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों से भारत में शुरू हुआ बवाल थमा भी नहीं है कि ट्रम्प ने एक और बयान दे दिया। पहले उन्होंने कहा था कि अमेरिका से मिले 21 मिलियन डॉलर का मकसद किसी और को चुनाव जिताना था। उनके इस बयान पर विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया थी कि यह बयान बेहद परेशान करने वाला है। लेकिन अब (शुक्रवार 21 फरवरी) को ट्रंप ने इस मामले पर ताजा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि 21 मिलियन डॉलर 'भारत में मतदान बढ़ाने के लिए दिए गए थे जो मेरे दोस्त प्रधानमंत्री मोदी को मिले थे।' इस के बाद सपा प्रमुख ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए तंज कसा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, जनता पूछ रही है कि भाजपा ट्रिलियन-ट्रिलियन डॉलर का जो राग अलाप रही है, उसमें अमेरिका से आया '21 मिलियन डॉलर' भी जुड़ा है क्या? जनता ये भी पूछ रही है कि कहीं डबल इंजन में एक इंजन 'विदेशी' तो नहीं है? इसमें उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का वीडियो भी शेयर किया है।

**ये लोग देश का भला नहीं कर सकते : केशव मौर्य**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवारवाद तथा तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले कभी प्रदेश और देश का भला नहीं कर सकते। केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जो सिर्फ परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं, वो कभी प्रदेश और देश का भला नहीं कर सकते। विकसित भारत और विकसित यूपी बनने तक कमल की आँधी जारी रहेगी। न अखिलेश, न राहुल गांधी-- देश की जनता को अब सिर्फ मोदी और भाजपा पर भरोसा है।'' मौर्य ने कहा 2024 हो या 2029, विकास और आत्मनिर्भरता की राह पर भारत आगे बढ़ता रहेगा।

## खबरें एक नजर में

**पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन के नाम पर ठगी**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में साइबर जालसाजों ने यूपी पावर कार्पोरेशन के चेयरमैन आशीष कुमार गोयल की व्हाट्सएप डीपी लगाकर ठगी की कोशिश की। व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर रुपयों की मांग की जा रही है। शक्ति भवन के इंजीनियर ने हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शक्ति भवन के अनुरक्षण इकाई में एके सक्सेना इंजीनियर के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल के नाम पर मैसेज भेजकर पैसे की मांग की जा रही है। जालसाजों ने व्हाट्सएप पर उनकी डीपी भी लगा रखी है। एके सक्सेना का कहना है कि अध्यक्ष की फोटो लगाकर जालसाज अलग-अलग लोगों को मैसेज भेजा जा रहा है। जालसाज इस तरह व्हाट्सएप पर फोटो लगाकर अनुचित इस्तेमाल कर रहे हैं। जिसके चलते भविष्य में कोई बड़ी घटना हो सकती है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही हैं।

**प्रतियोगिता में झारखंड के शिव शरण गोल्ड मेडल से सम्मानित**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन कप का आयोजन किया गया है। इंडियन बॉडी बिल्डर फेडरेशन द्वारा आयोजित ये 14 वां फेडरेशन कप है। नेशनल स्तर पर आयोजित फेडरेशन कप में उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, मुंबई समेत विभिन्न राज्यों के एथलीट्स और बॉडी बिल्डिंग चैंपियंस हिस्सा ले रहे हैं। इसमें देश के पुरुष और महिला बॉडी बिल्डर्स, एथलीट मंच पर अपनी बॉडी और शक्ति का प्रदर्शन कर रहे हैं। फेडरेशन कप में देश भर के 300 से अधिक एथलीट के बीच में महामुकाबला है। इस मुकाबले को जीतने वाले बॉडी बिल्डर को 10 लख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में पहुंचे प्रदेश के शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा- युवाओं की पर्सनैलिटी देखकर खुशी हुई। युवाओं ने शरीर को बनाने में बहुत मेहनत किया है। स्पोर्ट्स हमारे अंदर टीम स्पिरिट की भावना पैदा करती है। भारत से जुड़े लोग हमेशा शारीरिक और मानसिक तौर पर स्वस्थ रहते हैं।

**अलकनंदा एन्क्लेव में सफाईकर्मी धरने पर बैठे**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अवध विहार योजना के अलकनंदा एंक्लेव में सफाईकर्मी सहित अन्य कर्मचारी हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि आरडब्लूए की तरफ से उनका पैसा नहीं दिया जा रहा है। इसके कारण परेशानी हो रही है। सुबह से कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि करीब 1500 फ्लैट वाली सोसायटी में वह हाउस कीपिंग का काम करते हैं। बावजूद इसके आरडब्लूए की तरफसे पिछले तीन महीने से 70 से अधिक कर्मचारी की सैलरी नहीं दी गई। इसके कारण कर्मचारी परेशान हैं। विकास यादव का कहना है कि उनकी कंपनी की तरफसे नामित कर्मचारी कंपनी में काम कर रहे हैं, लेकिन पेमेंट नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों को उनकी सैलरी नहीं मिल रही। मामले में उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। कर्मचारियों का आरोप है कि आरडब्लूए के पदाधिकारियों से पेमेंट की मांग की जा रही लेकिन उनकी तरफसे कोई बात नहीं की जा रही। इस दौरान आरडब्लूए के पदाधिकारी खाता फ्रीज होने का दावा कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि आपसी लड़ाई में आरडब्लूए के पदाधिकारी उन्हें परेशान कर रहे हैं। मामले में लोगों ने कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

**महात्मा संत गाडगे की जयन्ती पर पुष्पांजलि**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में रविवार को महात्मा संत गाडगे जी महराज की 149 वी जयन्ती उ0प्र0 रजक समाज के तत्वाधाम में मूर्ति स्थल माँ मरी माता मन्दिर पक्कापुल पर मनायी गयी जिसमें समाज के बन्धुओं ने माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की इस अवसर पर समाज के बन्धुओं ने बाबा जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। एक रोटी कम खाएंगे पर बच्चों को शिक्षित अवश्य बनायेंगे। संत गाडगे महाराज का पूरा नाम देबूजी जिंगराजी जनोरकर था। उनके पिता का नाम जिंगराजी रानोजी जानोरकर था, जबकि उनकी माता का नाम सखुबाई जिंगराजी जानोरकर था। गाडगे महाराज वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले समाज सुधारक थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन दलितों और दलितों की सेवा में लगा दिया। इस कार्यक्रम में रामऔतार कनौजिया, गनेश कनौजिया, दिनेश कनौजिया,रानी कनौजिया, रितेश कनौजिया, सुखराम कनौजिया, राकेश कनौजिया, रेखा कनौजिया आदि मौजूद रहे।

**मिनी ट्रक गन्ने की दुकान में घुसा, व्यक्ति हुआ घायल**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। वृंदावन योजना के विशिष्ट पार्क के पास एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक बेकाबू होकर गन्ने की दुकान पर पलट गया। हादसे में दुकान में सो रहे दुकानदार कासिम को गंभीर चोट आई है। कासिम केसरगंज बहराइच का रहने वाला है। सुबह टहलने निकले लोगों ने इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल कासिम को एपेक्स ट्रामा सेंटर टू में भर्ती कराया। वर्तमान में उनका इलाज जारी है।

# बिजली निजीकरण के विरोध में 26 को हड़ताल

समृद्धि न्यूज




**उत्तर प्रदेश में पहले से जारी निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में मार्च माह में चार बड़ी रैलियां होंगी**

लखनऊ। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई) ने बिजली के निजीकरण के विरोध में 26 जून को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। हड़ताल को सफल बनाने के लिए अप्रैल और मई में देश के सभी प्रांतों में बड़े सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश में पहले से जारी निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में मार्च माह में चार बड़ी रैलियां आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा मई में ऑल इंडिया ट्रेड यूनियनों की हड़ताल के दौरान भी बिजली कर्मचारी हड़ताल करेंगे।

नागपुर में आयोजित एनसीसीओईईई के राष्ट्रीय सम्मेलन में इस हड़ताल की रूपरेखा तैयार की गई। इस सम्मेलन को आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे, सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव, आल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के मोहन शर्मा और कृष्णा भोयूर, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रशांत चौधरी और सुभाष लांबा, ऑल इंडिया पावर मेंस फेडरेशन के समर सिन्हा, भारतीय किसान मोर्चा के बीजू कृष्णा तथा कामगार एकता मंच के गिरीश भावे ने संबोधित किया। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रांतों के बिजली कर्मचारियों के श्रम संघों और सेवा संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी सम्मिलित हुए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के महासचिव जितेन्द्र सिंह गुर्जर और उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के प्रमुख महासचिव महेन्द्र राय ने उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण प्रक्रिया और बिजली कर्मियों के आंदोलन की जानकारी दी। एनसीसीओईईई की आमसभा में पारित प्रस्ताव में चंडीगढ़ बिजली विभाग के निजीकरण को आपत्तिजनक बताया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार, राज्य में बिजली राजस्व का बकाया एक लाख 15 हजार करोड़ रुपए और घाटा एक लाख 10 हजार करोड़ रुपए है। प्रस्ताव में स्पष्ट किया गया कि यदि राजस्व की पूरी वसूली हो जाए तो उत्तर प्रदेश के विद्युत वितरण निगम लाभ में आ सकते हैं।

## डॉ. भीमराव का अपमान करने वाले नेता को बाहर का रास्ता दिखाए कांग्रेस : आकाश आनंद

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती के भतीजे एवं पार्टी के नेता आकाश आनंद ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उदित राज पर हमला बोला है। उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती के बाद बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर पर अमर्यादित शब्द बोलने वाले कांग्रेस नेता उदित राज को बाहर का रास्ता दिखाने की मांग की है। आकाश आनंद ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस के ये नेता बहुजन मूवमेंट का लगातार अपमान कर रहे हैं। पहले बहन मायावती का गला घोंटने की धमकी देने के बाद कांग्रेस के इस नेता ने बाबा साहेब के योगदान पर भी अशोभनीय टिप्पणी की है। उससे जाहिर होता है कि बाबा साहब के प्रति कांग्रेस पार्टी और उसके नेतृत्व के कैसे विचार हैं। उन्होंने कहा कि संसद में शोर करने और दलित छात्रों के साथ फोटो खिंचवाने से राहुल गांधी दलितों के हितैषी नहीं बन सकते। उन्हें बाबा साहब का अपमान करने वाले इस अवसरवादी नेता को तत्काल पार्टी से बाहर करना चाहिए।

# बेकाबू जीप ने पांच गाड़ियों को मारी टक्कर, छह लोग घायल

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के हुसैन गंज में बेकाबू जीप ने रतन स्क्वायर के पास रिक्शा, एक्टिवा और एक कार समेत 5 गाड़ियों को टक्कर मारते हुए कई लोगों को कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जीप की चपेट में आने से तीन महिलाओं और एक बच्चे समेत छह लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद लोगों में गुस्सा फूट पड़ा।

आरोपी ड्राइवर को भीड़ ने घेर लिया। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने बीच-बचाव कर उसे पास के मारुति सुजुकी शोरूम में बैठा दिया। जीप यूपी 32 केडब्लयू 0521 से हादसा हुआ है। गाड़ी सुजीत कुमार गुप्ता के नाम पर है। सिविल के डॉक्टर के अनुसार चार घायलों को डिस्चार्ज कर दिया गया। जिन्हें मामूली चोटे आई थी दो गंभीर घायलों का इलाज चल रहा है। घायल जितेंद्र (25 वर्ष) ने बताया कि वह अपने रिक्शा से सवारी उतारकर उनसे किराया ले रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हो गया। घायल अंशु पटेल छात्रा (21 वर्ष), जो सिविल सेवा की तैयारी कर रही है। हादसे के वक्त ई-रिक्शा से कोचिंग जा रही थीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जीप में ड्राइवर समेत पांच लोग सवार थे। वह किसी शादी से लौट रहे थे। उनके हाव-भाव और कपड़ों से ऐसा ही लग रहा था कि सभी नशे में धुत थे। आधे घंटे बाद हुसैनगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। हादसे में शामिल जीप को भी जब्त किया गया है। फिलहाल, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद 2 महिलाएं 20 मिनट तक सड़क पर ही पड़ी रहीं। राहगीरों ने उनकी मदद की।

# ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग

समृद्धि न्यूज

**सांसद ने निदेशक पंचायतीराज को लिखा पत्र, जल्द शुरू हो प्रक्रिया**

लखनऊ। शासन की अति महत्वाकांक्षी त्रिनेत्र योजना के अंतर्गत जिले के सभी ग्राम पंचायतों में सुरक्षा एवं अन्य गतिविधियों पर निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने का प्रावधान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ साथ पारदर्शी एवं प्रशासनिक प्रणाली प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

किंतु अभी तक सिद्धार्थनगर जनपद के किसी भी ग्राम पंचायत में इस योजना अंतर्गत कोई भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। जिले के निवासियों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले के मूल निवासी भाजपा राज्य सभा सदस्य एवं प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृज लाल ने निदेशक पंचायतीराज उत्तर प्रदेश को लिखकर मांग की है कि जनपद सिद्धार्थनगर के सभी ग्राम पंचायतों में इस योजना अंतर्गत सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराई जाए, ताकि इस योजना का उद्देश्य पूर्ण सके।

## 8वें वेतन आयोग के गठन के लिए रक्षामंत्री से मुलाकात

लखनऊ। इंडियन पब्लिक सर्विस एम्प्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल में उपमहासचिव अतुल मिश्रा, उपाध्यक्ष सुरेश रावत, अजय वीर यादव, बाबूलाल शर्मा (दिल्ली), शाह फैयाज (जम्मू), एवं विधि सलाहकार ऋषभ तिवारी उपस्थित थे। वीपी मिश्र ने आठवें वेतन आयोग के गठन, आयकर सीमा में 12 लाख तक छूट देने, सेवानिवृत्ति पर 50 प्रतिशत पेंशन देने एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए रक्षा मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने आग्रह किया कि 25 वर्ष की बजाय 20 वर्ष की सेवा पर पूरी पेंशन देने और जीपीएफ बहाल करने की मांग पूरी की जाए। उन्होंने बताया कि भर्ती की अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष होने के कारण कई कर्मचारी 20 वर्ष की सेवा पर सेवानिवृत्त होते हैं, इसलिए उन्हें पूर्व की भांति पूरी पेंशन दी जानी चाहिए।

## पांच हजार करोड़ से 10 लाख युवा होंगे आत्मनिर्भर

**लखनऊ/कानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रति वर्ष एक लाख युवाओं को स्वरोजगार के लिए बिना ब्याज के पांच लाख रुपए का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। हमारी योजना है कि आगामी 10 वर्ष में 10 लाख युवाओं को इस योजना के तहत ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। यानी करीब पांच हजार करोड़ रुपए के ऋण से 10 लाख युवा 10 साल में आत्मनिर्भर हो जाएंगे। यह बातें रविवार को कानपुर के एचबीटीयू के शताब्दी भवन में उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कही।

# नई एलिवेटेड रोड कम करेगी यातायात की समस्या

**राजाजीपुरम से कालिदास मार्ग तक गाजीउद्दीन हैदर कैनाल के ऊपर बनाई जाएगी सड़क**

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। लखनऊ में ट्रैफिक की समस्या हल करने के लिए एक नई एलिवेटेड रोड बनेगी। सड़क राजाजीपुरम से कालिदास मार्ग तक गाजीउद्दीन हैदर कैनाल के ऊपर बनाई जाएगी। इस प्रोजेक्ट का मकसद शहर के व्यस्त इलाकों में लगने वाले जाम को कम करना है। रोजाना हजारों गाड़ियां गुजरती हैं, जिससे लोग रोजाना जाम से जूझते हैं। इस एलिवेटेड रोड के बनने से करीब 10 लाख लोगों को राहत मिलेगी।यह सड़क करीब 8 किलोमीटर लंबी होगी और इसे बनाने में लगभग 754 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

इस प्रोजेक्ट के तहत सड़क को मजबूत बनाने के लिए खास तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, ताकि यह सालों तक टिकी रहे और ट्रैफिक का दबाव झेल सके। यह सड़क राजाजीपुरम ई-ब्लॉक मार्केट से शुरू होकर बालाजी मंदिर, मवैया पुल, मोतीनगर, स्टेशन रोड, उदयगंज से होते हुए चिड़ियाघर के पीछे तक जाएगी। यह रास्ता शहर के सबसे ज्यादा भीड़-भाड़ वाले इलाकों से होकर गुजरेगा, जिससे लोगों का सफर आसान और तेज हो जाएगा। लखनऊ में कई इलाके हैं जहां हर रोज गाड़ियों की लंबी कतारें देखने को मिलती हैं। खासतौर पर अवध चौराहा, चारबाग, मवैया और हजरतगंज में ट्रैफिक जाम सबसे बड़ी समस्या है। इस एलिवेटेड रोड के बनने से इन इलाकों में ट्रैफिक की स्थिति काफी सुधर जाएगी। यह सड़क आगरा एक्सप्रेस-वे और लोहिया पथ को जोड़ने का भी काम करेगी, जिससे गाड़ियों की आवाजाही और आसान हो जाएगी। जो लोग शहर के एक कोने से दूसरे कोने तक जाना चाहते हैं, उनके लिए सड़क किसी वरदान से कम नहीं होगी। गाजीउद्दीन हैदर कैनाल पर एलिवेटेड रोड बनाने का आइडिया कोई नया नहीं है। करीब 25 साल पहले इस प्रोजेक्ट का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन कई कारणों से इसे आगे नहीं बढ़ाया गया। अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रयासों से यह प्रोजेक्ट दोबारा शुरू किया जा रहा है। सेतु निगम ने 754 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर लोक निर्माण विभाग को भेज दिया है। जैसे ही बजट पास होगा, निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यह एलिवेटेड रोड न सिर्फ ट्रैफिक की समस्या को हल करेगी, बल्कि लोगों के रोजमर्रा के सफर को भी आसान बनाएगी। अब लोगों को घंटों जाम में फंसकर परेशान नहीं होना पड़ेगा। यह सड़क शहर के अलग-अलग हिस्सों को आपस में जोड़ेगी, जिससे लखनऊ की कनेक्टिविटी और बेहतर होगीजब ट्रैफिक जाम कम होगा, तो ईंधन की भी बचत होगी, जिससे प्रदूषण भी कम होगा। कुल मिलाकर, यह सड़क लखनऊ के विकास में बड़ा योगदान देगी। यह सड़क शहर के लोगों के लिए सफर को आसान और तेज बना देगी।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने त्रिवेणी संगम में किया स्नान

समृद्धि न्यूज



लखनऊ/महाकुंभ नगर। महाकुंभ 2025 के पावन अवसर पर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने अपने परिवार संग त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर समस्त जनमानस के कल्याण, सुख-समृद्धि तथा प्रदेश की उन्नति की प्रार्थना की।

संगम तट पर स्नान के पश्चात मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़ने का एक अनुपम अवसर है। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी संगम में स्नान आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कराता है। यह सनातन परंपराओं को सजीव बनाए रखने और राष्ट्र के प्रति अपनी आस्था को प्रगाढ़ करने का पर्व है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि योगी सरकार ने महाकुंभ 2025 को भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए ऐतिहासिक प्रयास किए हैं। स्नान घाटों की स्वच्छता, बिजली-पानी की निर्बाध आपूर्ति, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा और सुरक्षा व्यवस्था आदि यह महाकुंभ एक आदर्श आयोजन के रूप में इतिहास में दर्ज होगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अनेक नए प्रयास किए गए हैं। संगम क्षेत्र में अत्याधुनिक अस्थायी अस्पताल, स्वच्छ शौचालय, पेयजल आपूर्ति, विस्तृत सुरक्षा घेरा और सुगम परिवहन व्यवस्था ने श्रद्धालुओं को सहज अनुभव प्रदान किया है।

महाकुंभ के दिव्य वातावरण का वर्णन करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि यहां संत-महात्माओं के प्रवचन, धार्मिक अनुष्ठान और आध्यात्मिक चर्चाएं श्रद्धालुओं को ईश्वरीय अनुभूति से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने इस महापर्व को केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का संगम बताया।मीडिया सेंटर महाकुंभ 2025 द्वारा जारी।

**अपील**

**उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित**

# बजट में साफ नजर आ रहा है विकसित उत्तर प्रदेश का रोडमैप

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भारत के विकास में सबको अपना सहयोग देना चाहिए।

उत्तर प्रदेश की अहम भूमिका है। विकसित उत्तर प्रदेश का आगामी 25 वर्षों का रोडमैप 2025-26 के बजट में साफ नजर आ रहा है। बजट में 28 हजार 478 करोड़ की नई योजनाओं पर व्यय का प्रावधान किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर 22 प्रतिशत, शिक्षा पर 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं हेतु 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों पर 4 प्रतिशत संसाधन आवंटित किए गए हैं। वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर नगर, झाँसी एवं आगरा में मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावासों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 170 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लिए 700 करोड़ रुपये का प्रावधान है। निराश्रित महिलाओं को पेंशन के लिए 2980 करोड़ की व्यवस्था की गई है।मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान पर 1000 करोड़ रूपये और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना पर 225 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।गन्ना मूल्य के भुगतान के लिए 475 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

2017 से अब तक लगभग 46 लाख गन्ना किसानों को करीब 2,73,000 करोड़ रूपये का रिकार्ड भुगतान किया गया है। यह 22 वर्षो के किए गए सम्मिलित गन्ना मूल्य भुगतान से 59,143 करोड़ रूपये अधिक है। नहरों एवं सरकारी नलकूपों से किसानों को मुफ्त पानी की सुविधा हेतु 1300 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सुविधाओं के विकास के लिये 2000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के आधारभूत ढांचे के विकास पर 479 करोड़ रुपये खर्च होंगे। 80 करोड़ से डिजिटल पुस्तकालयों की स्थापना की जाएगी। लखनऊ में 25 करोड़ की राशि से सैनिक स्कूल का निर्माण किया जाएगा।

कॉलेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को सरकार फ्री स्कूटी प्रदान करेगी। इसके लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। विन्ध्यांचल धाम मण्डल में मां विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय बनेगा। 200 करोड़ से प्रदेश में नॉर्थ साउथ कॉरिडोर का विकास किया जाएगा। 2900 करोड़ रुपये से राज्य राजमार्गो का चौड़ीकरण सुदृढीकरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत 3150 करोड़ रुपये योजना के विस्तार पर खर्च होंगे। कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना हेतु 450 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। अयोध्या शहर को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। नोएडा और प्रदेश के 16 अन्य नगर निगमों को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# गोण्डा के वेस्ट टू वंडर फ्लावर शो में प्रकृति व नवाचार का संगम

- वेस्ट टू वंडर गैलरी : कबाड़ से बनी अनोखी कलाकृतियां
- रंग, खुशबू व हरियाली का शानदार प्रदर्शन



गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

ऐतिहासिक राजा देवी बख्श सिंह जलाशय आज रंगों, खुशबू और रचनात्मकता से सराबोर था। गोण्डा में आयोजित भव्य वेस्ट टू वंडर थीम फ्लावर शो ने न केवल फूलों की खूबसूरती का उत्सव मनाया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और पुनर्चक्रण के संदेश को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। सुबह से ही जलाशय के चारों ओर दर्शकों की भीड़ जुटने लगी थी। हर कोई रंग-बिरंगे फूलों की छटा और कबाड़ से बनी कलाकृतियों की अनोखी दुनिया देखने के लिए उत्सुक था। उद्घाटन के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा, "यह केवल एक फ्लावर शो नहीं, बल्कि एक जागरूकता अभियान है, जो हमें प्रकृति और नवाचार से जोड़ता है।

फूलों की मनमोहक खुशबू के साथ यहाँ कुछ ऐसा भी था, जिसने हर किसी को चौंका दिया—पुराने कबाड़ से बनी खूबसूरत आकृतियाँ! नगर पालिका परिषद द्वारा तैयार की गई वेस्ट टू वंडर गैलरी में स्क्रैप धातु, कांच और प्लास्टिक से बनी शानदार मूर्तियाँ नजर आईं।

वन विभाग ने मेरी गोंडा, मेरी शान थीम पर हरियाली को बढ़ावा देने वाली कलाकृतियाँ प्रस्तुत कीं। आबकारी विभाग ने शराब की बोतलों और पुराने डिब्बों से कलात्मक सजावट की थी, जबकि स्वास्थ्य एवं उद्यान विभाग ने पुराने गमलों और टूटी हुई चीजों को नये रूप में पेश किया। लोगों में खास आकर्षण का केंद्र रहा एक विशाल ग्रीन वॉल, जो पूरी तरह से रिसाइक्लिंग सामग्री से बनी थी।

### फूलों की स्वर्गीय दुनिया

डहेलिया, इम्पेशन, जर्मेनियम, पिटुनिया, अफ्रीकन डेजी, जरबेरा, बिगोनिया, ड्वार्फ कार्नेशन, गजानिआ, फ्लॉक्स, मार्गेट डेजी और डॉग फ्लावर जैसे दुर्लभ और खूबसूरत फूलों की रंगीन दुनिया यहाँ सजी थी। प्रकृति प्रेमियों ने अपने पसंदीदा फूलों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और बागवानी के टिप्स भी हासिल किए।

### प्रतियोगिता के विजेता

इस भव्य आयोजन में विभिन्न विभागों और संस्थानों ने अपनी कला और हरियाली के प्रति समर्पण को प्रदर्शित किया। शानदार प्रस्तुतियों को देखते हुए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार भी दिए गए :-

**सरकारी विभाग श्रेणी :-**
प्रथम स्थान : नगर पालिका गोण्डा
द्वितीय स्थान : वन विभाग गोण्ड
तृतीय स्थान : कृषि विभाग गोण्डा
अतिविशिष्ट सम्मान : उद्यान विभाग गोण्डा

**सामाजिक संस्थान श्रेणी :-**
प्रथम स्थान : कृषि विज्ञान केंद्र
द्वितीय स्थान : शुक्ला बायोटेक
तृतीय स्थान : पानी संस्थान
सान्त्वना सम्मान : अमित कुमार सिंह, ह्रदय राम यादव

**शैक्षिक संस्थान श्रेणी :-**
प्रथम स्थान : श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा
द्वितीय स्थान : जगदम्बा शरण सिंह एजुकेशनल इंस्टीट्यूट बेलसर
तृतीय स्थान : सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली महिला डिग्री कॉलेज गोण्डा
सान्तवना पुरस्कार : श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक, एससीपीएम फार्मेसी कॉलेज, एससीपीएम बायोमेट्रिक गोण्डा

विजेताओं को आगामी समारोह में विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

### एक नई सोच की ओर कदम

फूलों की खुशबू, कबाड़ से बनी अद्भुत रचनाएँ और हरियाली के प्रति जागरूकता—गोण्डा का यह फ्लावर शो केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक नये सोच की शुरुआत थी। स्थानीय लोग, किसान, छात्र, सरकारी विभाग और सामाजिक संस्थाएँ मिलकर इसे यादगार बनाने में सफल रहे। जनपद गोण्डा में जिलाधिकारी के निर्देशन में राजा देवी बख्श सिंह तालाब पर waste to wonder थीम पर आधारित पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें नगर पालिका परिषद गोण्डा द्वारा म्युनिसिपल वेस्ट (पुराने लोहे के पाइप,रेलिंग में लगने वाली रॉड, पुरानी लोहे की सरिया, गाड़ी की क्लच प्लेट,कनस्टर की चादर इत्यादि) का उपयोग करते हुए सूरजमुखी का पुष्प बनाया गया तथा पुराने पानी के टैंकर व ट्री गार्ड की खराब जालियों से एक फ्लॉवर पॉट बनाया गया एवं लोहे की सरिया व पाइप का प्रयोग करते हुए गमलों के लिए विभिन्न प्रकार के स्टैंड बनाया गया साथ ही पुराने टायरों को रंगकर उन्हें भी गमले के स्टैंड आदि का रूप दिया गया। वहीं कार्यक्रम में उद्यान विभाग द्वारा राम की कुटिया एवं अन्य कई प्रकार के फूलों की रंगोली तथा अन्य कलाकृतियां बनाई गई थी। आने वाले वर्षों में यह आयोजन और भी बड़ा और प्रभावशाली होने की उम्मीद है। गोण्डा ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यहाँ की धरती सिर्फ उपजाऊ ही नहीं, बल्कि रचनात्मकता और नवाचार की मिसाल भी है।

# नवाबगंज रेलवे स्टेशन व्यवस्थाओं से महरूम, यात्री परेशान, विभाग मौन





गोंडा, समृद्धि न्यूज

जनपद का नवाबगंज रेलवे स्टेशन अंग्रेजों की विरासत को संजोते हुए अयोध्या के निकट होने के बावजूद अपनी बदहाली पर बिलखता नजर आ रहा है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को न तो पानी पीने की कोई व्यवस्था है, न ही यात्रियों के बैठने का उचित प्रबंध और न ही सूरज ढलने के बाद कोई प्रकाश की व्यवस्था, उसके बावजूद पता नहीं क्यों रेलवे प्रशासन चैन की नींद सोते हुए मोदी सरकार के विकास को खुद सांसद गोंडा और कैसरगंज के आंगन में हवा निकालने में जुटा हुआ है।

नवाबगंज रेलवे स्टेशन के संबंध में के लोगों से बात की गई तो लोगों ने बताया कि कभी यह स्टेशन जो आज मनकापुर की अर्निंग है, वह अर्निंग बहुत पहले दे चुका है! और एक नहीं सैकड़ों लोग इसी स्टेशन पर कबाड़ से जुगाड़ करके तथा बचे-खुचे जमीन में बिखरे कूड़े के नाम पर सामानों को इकठ्ठा करके जीवन यापन करते थे, लेकिन आज यह स्थिति हो गई की नवाबगंज रेलवे स्टेशन पर खुद का कोई कर्मचारी नहीं है। जबकि नवाबगंज से अयोध्या की दूरी महज 20 से 25 किलोमीटर के आसपास है। और दूरी को लेकर देखा जाए तो सरकार द्वारा बनाए गए अयोध्या विकास प्राधिकरण से जितनी दूरी अयोध्या धाम हनुमानगढ़ी ,राम मंदिर की है शायद उससे भी कम दूरी नवाबगंज से अयोध्या की मिलेगी। इसके साथ ही पूर्व में चुनाव के दौरान अमित शाह ने खुद नवाबगंज करारा को स्विट्जरलैंड बनाने की बात कहते हुए लोक लुभावने वादे करके लोगों का दिल जीत लिया था,लेकिन कई वर्ष बीतने के बाद भी स्विट्जरलैंड तो दूर छोड़ो नवाबगंज अपने मूल स्थिति पर भी नहीं पहुंच सका। जिससे लोग तरह-तरह की चर्चा करते हुए सरकार की व्यवस्था तथा विकास को लेकर टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं। नवाबगंज रेलवे स्टेशन की तमाम असुविधाओं तथा दुर्दशा को लेकर जब एन ई आर गोरखपुर के डीआरएम हिमांशु बडोनी से बात की गई तो उन्हें बताया कि इधर 8 से 10 सालों में रेलवे दोहरीकरण फेस मैनेजमेंट सहित निरंतर विकास की तरफ अग्रसर है। और लखनऊ गोरखपुर रूट पर ऐसे तमाम महत्वपूर्ण कार्यों को करवा रहा है जो विकेट कई वर्ष में नहीं हुए थे और लोगों को असुविधाएं हो रही थी तथा विशेषतयः हमारे पूर्वोत्तर रेलवे में लखनऊ–गोरखपुर रूट बहुत ज्यादा निगलेटली स्पेक्शन माना जाता था, लेकिन मौजूदा सरकार में इस रूट पर काफी कम हुए हैं और काफी सुधार भी हो रहा है और छोटे-मोटे स्टेशनों को हाईटेक करके आधुनिकीकरण किया जा रहा है। तथा व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कुछ समय देना ही होगा जिसके क्रम में काम चल रहा है। सुरक्षा की दृष्टि पर बात की गई तो उन्होंने बताया यह सब स्थानीय लोकल चीजे हैं ऐसी कोई कंप्लेंट्स मेरे पास नहीं थी छोटी-छोटी बातें यह बेसिकली बताई जाए तो भविष्य में निश्चित सुधार किया जाएगा।

### सूरज ढलते ही स्टेशन पर हो जाता है अंधेरा

नवाबगंज स्टेशन पर मौजूद टिकट बांट रहे टिकट कर्मी से तमाम समस्याओं को लेकर जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि आप स्वतः मौके पर देख सकते हैं, उन्होंने बताया कि रात में बिजली व्यवस्था न होने से यहां शराब पीना, अराजक तत्वों का स्टेशन पर रहकर तमाम तरह की हरकतें करना आम बात हो गई है। जिसके संबंध में कई बार विभाग को अवगत भी कराया गया फिर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नियमित लिखित में 60 से 70 यात्री यात्रा करते हैं तथा अवैध रूप से सैकड़ों यात्री जबरिया ट्रेन पर चढ़ जाते हैं। जिन पर कोई कंट्रोल नहीं है और न ही रेल प्रशासन इस पर ध्यान दे रहा है।

# धूम-धाम से मनाया गया हजरत मलंग शाह रहमतुल्लाह आले का 59वां सालाना उर्स

- महफिल-ए-कव्वाली सुनकर झूम उठे लोग

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमवा तेतारपुर में हजरत मलंग शाह रहमतुल्लाह अलेह का 59वां सालाना उर्स बड़ी ही धूम धाम व अकिदत के साथ मनाया गया।

हर साल के तरह इस बार भी दो दिवसीय उर्स मुबारक का आगाज हुआ, उर्स की शुरुआत शुक्रवार को कुरान की तिलावत व ओलमा के बयानात से शुरू हुआ। उर्स के दूसरे दिन शनिवार को महफिले समा कव्वाली का प्रोग्राम हुआ जिसमें नामी-गिरामी कव्वाल तशरीफ लाए जहां हिंदू-मुस्लिम एकता का अद्भुत नजारा देखने को मिला। इस दौरान दूरदराज से आए हुए जायरीनो के लिए कमेटी द्वारा लंगर का भी इंतजाम किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए महसी के पूर्व विधायक कृष्ण कुमार ओझा साथ ही समाजसेवी मेराज अहमद जमील अहमद,प्रधान प्रतिनिधि धनीराम कुमार गुप्ता पूर्व प्रतिनिधि हिमांशु शुक्ला, पूर्व प्रधान वीरेंद्र कुमार शुक्ला और गरीब नवाज फाउंडेशन प्रदेश अध्यक्ष ,हलीम ,उप सचिव मोहम्मद आरिफ ,कोषाध्यक्ष सद्दाम अहमद, उपाध्यक्ष अतीक अहमद ,महामंत्री चांद अली शाह प्रबंधक निजाम मंसूरी पुलिस के साथ हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पीले ईंटों से मानक विहीन बन रहा अन्नपूर्णा भवन

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



जनपद में लगातार ग्राम पंचायत में विकास के नाम पर बड़े-बड़े भ्रष्टाचार की आये दिन खबरें सुर्खियों में रहती है और ग्राम प्रधान से लेकर जिम्मेदार तक मलाई काट रहे है।ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है ब्लाक पंडरी कृपाल के ग्राम पंचायत सुभाग पुर में बन रहे लाखों के लागत से अन्नपूर्णा गोदाम में मानकविहीन ईंटों और सामग्रियों का प्रयोग किया जा रहा है।यही नहीं लगातार कई दिनों से अन्नपूर्णा गोदाम के निर्माण में लगे मनरेगा मजदूर काम कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची मीडिया की टीम ने मौजूद लेबर और मिस्त्री से जानकारी किया तो पता चला कि ईंटों के मानक में मिलावटी है और मनरेगा मजदूरों की उपस्थिति में भी खेल है।एक ही फोटो बार बार अपलोड किया जा रहा है जो जांच का विषय है।लाखों के लागत से बन रहे अन्नपूर्णा गोदाम में मानक को ताख पर रखकर काम करवाया जा रहा है।लोगों का कहना है कि अन्नापूर्णा गोदाम निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट के साथ बन्दर बांट का भी शिकार हो गया है।

## खबरें एक नजर में

### प्रत्येक ब्लाक में जवानों के लिए मिनी स्टेडियम व खेलकूद मैदान बनाये जाने के निर्देश



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल उत्तर प्रदेश चैत्रा वी. ने शनिवार को देर शाम विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप निदेशक युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल गोरखपुर जोन, मण्डल के चारों जनपद के जिला युवा कल्याण अधिकारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा सतीश पाण्डेय के साथ मण्डलीय समीक्षा बैठक की। बैठक में महानिदेशक द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी एवं उनके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। उन्होनें पीआरडी जवानों को वर्दीधारी सुरक्षाबल होने के कारण अपनी ड्यूटी दायित्वों का निर्वहन एवं अनुपालन एवं पूर्ण निष्ठा के साथ करने के लिए निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त मंगल दल के सदस्यों तथा अन्य युवाओं को यूथ पालियामेन्ट में प्रतिभाग करने के लिए माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए भी निर्देशित किया। महानिदेशक चैत्रा वी. ने प्रत्येक ब्लाक में जवानों के लिए मिनी स्टेडियम अथवा खेलकूद मैदान बनाये जाने के निर्देश दिये। इसके लिए उन्होनें मुख्य विकास अधिकारी से शीघ्र आपेक्षित कार्यवाही करने को कहा। वित्तीय वर्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद के मैदान को डेवलप किया जाय। उन्होनें सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से कहा कि कार्य क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को रखा जाय इसका शीघ्र निराकरण कराया जायेगा। बैठक से पूर्व महानिदेशक चैत्रा वी. के लो.नि.वि. निरीक्षण भवन पहुंचने पर गार्ड आफ आनर दिया गया तथा जिलाधिकारी मोनिका रानी ने शिष्टाचार भेंट की।

### 5 मार्च से 12 मार्च तक आयोजित होगा शिव महापुराण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** श्रीराम जानकी ट्रस्ट के सौजन्य से दिनांक 5 मार्च से 12 मार्च तक शिव महापुराण का आयोजन धार्मिक स्थल रग्घू बाबा रनियापुर गोबरही विशेश्वरगंज में होना है। ट्रस्ट के संस्थापक रमेश चंद्र त्रिपाठी एडवोकेट एवं अध्यक्ष श्रीनिवास शुक्ल प्र.अ.द्वारा बताया गया कि सिद्धनाथ मंदिर बहराइच के महंत स्वामी रवि गिरी जी के मुखारविंद से कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से 8 बजे तक होगा। कथा श्रवण के लिए आनन्द त्रिपाठी एडवोकेट एवं राजेश कुमार मिश्र एआरपी द्वारा सभी से अपील किया गया है। कथा समापन के पश्चात ब्रह्म भोज एवं भण्डारा का आयोजन 12 मार्च को होगा।शिव महापुराण साप्ताहिक ज्ञान के आयोजन को सफल बनाने में श्रीराम जानकी ट्रस्ट के पदाधिकारी अवधेश कुमार तिवारी एडवोकेट, प्रेमनाथ तिवारी एडवोकेट,अरुण कुमार शुक्ल , अमित कुमार शुक्ल, आशुतोष मिश्र रोहित शुक्ल एडवोकेट एवं आदर्श शुक्ल,आकाश शुक्ल,अभय शुक्ल व अन्य सहयोगी व्यवस्था में लगे हुए हैं।

# नहर में मिला किसान का हाथ-पैर बांध शव, हड़कंप

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



### दो सप्ताह पूर्व मिली थी धमकी

मृतक किसान तुलचंद की बहू मीना ने बताया कि सात फरवरी को भतीजे से विवाद था। जिसमें हत्या की धमकी दी थी। इसके बाद से ही सभी हत्या के लिए पीछा कर रहे थे।

जिले के भगहरिया साइफन में रविवार की उस वक्त हड़कंप मच गया जब सुबह एक किसान का शव नहर में उतरता मिला। शव को देखने से लग रहा है किसी ने उसकी हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने के लिए हाथ पैर बांधकर नहर में फेंक दिया है। जानकारी के मुताबिक रविवार को जब काफी देर तक किसान घर वापस नहीं आए तो परिजन नहर किनारे पहुंचे और तलाश शुरू की। जहां नहर में उसका शव उतराता मिला।

घटनास्थल पर फारेंसिक टीम और पुलिस उच्चधिकारियों ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित कर मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ की। पाटीदार पर रंजिश के चलते घटना को अंजाम देने का शक जताया जा रहा है। रानीपुर थाना क्षेत्र के दुर्गूपुर गांव निवासी फूलचंद ( 50 ) का शव गांव से दो किलोमीटर मीटर दूर स्थित भगहरिया साइफन नहर में पड़ा मिला। मृतक की बहू मीना ने बताया कि सुबह 4:00 बजे ससुर साइकिल लेकर घर से निकले थे जब काफी देर बीतने के बाद भी नहीं लौटे तो उनका बेटा अजय नहर किनारे पहुंचा जहां साइकिल खड़ी मिली और नहर में उनका शव उतराता मिला। उनके शरीर पर चोट के निशान थे और हत्यारोपी ने हाथ पैर को गमछे से बांधकर उसमें ईंटे भी बांधे थे जिससे उनका शव पानी में नीचे बैठ जाए और किसी को नजर ना आए।

किसान के चार बेटे व दो बेटी हैं, जो खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करता था। मौत से पत्नी फूलन देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस मामले में थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि फौरी सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर दी जान, परिजन बेहाल

जरवलरोड, बहराइच, समृद्धि न्यूज।



- शनिवार को घर से निकला था युवक, चल रही थी खोजबीन
- घटना स्थल से मृतक का मोबाइल बरामद

लखनऊ गोरखपुर रेल प्रखंड पर घाघरा घाट रेलवे स्टेशन के निकट लाइन किनारे साइकिल खड़ा कर 32 वर्षीय युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी सूचना पर जरवल रोड थाने की पुलिस ने पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

जरवल रोड थाना अंतर्गत लखनऊ गोरखपुर रेल मार्ग पर गोंडा से लखनऊ जाने वाली अज्ञात ट्रेन के आगे अप लाइन पर धनलाल पुत्र छोटेलाल बेड़िया निवासी बसहिया जगत ने कूद कर आत्महत्या कर ली। जरवल रोड थाने के उप निरीक्षक मुकेश मणि कांस्टेबल सारांश यादव ने घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया वहां से मोबाइल बरामद हुआ। मोबाइल के जरिए परिजनों से बात हुई सूचना पर पत्नी नीलू व परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे उन्होंने बताया कि मेरे पति घर से साइकिल से शनिवार को निकले थे तब से घर नहीं पहुंचे खोजबीन चल रही थी। जरवल रोड पुलिस के द्वारा ट्रेन से कटने की सूचना पर घर में कोहराम मच गया। घटना होम सिग्नल के अंदर होने के कारण उपनिरीक्षक मुकेश मणि ने आरपीएफ बुढ़वल व जीआरपी गोंडा को सूचना दी। उप निरीक्षक बुढ़वल रामबाबू जीआरपी गोंडा ने आकर लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए गोंडा भेजा।

# होली में रंग उन्हीं को लगाया जाय जो संतुष्ट हो : संजय कुमार सिंह

- चौकी बैवाही परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न



बहराइच समृद्धि न्यूज।

आगामी त्यौहार के दृष्टिगत वैवाही चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सकुशल आने वाले त्यौहार को मनाने कहा गया। थाना खैरीघाट क्षेत्र के चौकी बैवाही परिसर में रविवार को थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह की अगुवाई में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया ।जिसमें डीजे संचालकों व सभी समुदाय के लोगों को आने वाले त्यौहार को सकुशल निपटाने का आग्रह किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बच्चो के पेपर भी आने वाला है इसलिए सभी कम से कम आवाज में डीजे बजाए ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न होने पाए। बीते वर्ष में दुर्गा पूजा में आगजनी हो गई थी जिसमें काफी नुकसान हुआ था, ऐसी घटना दोबारा न हो। होली में रंग उन्हीं को लगाया जाय जो संतुष्ट हो। केमिकल युक्त रंग का उपयोग न करें। ताकि किसी प्रकार का विवाद न हो। पीस कमेटी बैठक में कई गांव के ग्राम प्रधान व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जिले के 125 परीक्षा केन्द्रों पर आज से आरम्भ होगी बोर्ड परीक्षा

बहराइच समृद्धि न्यूज।



- नकलविहीन परीक्षा के लिए किये गये फुलप्रूफ बन्दोबस्त

जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने बताया कि जनपद के 125 परीक्षा केन्द्रों पर माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा 24 फरवरी से 12 मार्च 2025 तक आयोजित वर्ष-2025 की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट की परिक्षायें दो पालियों में प्रथम पाली प्रातः 08.30 बजे से पूर्वान्ह 11.45 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 02.00 बजे से अपरान्ह 05.15 बजे तक सम्पन्न होंगी। डीआईओएस मनोज कुमार अहिरवार ने बताया कि शासन एवं जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जनपद में बोर्ड परीक्षा को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। डीआईओएस ने बताया कि जनपद में अवस्थित 125 परीक्षा केन्द्रों को 08 जोन व 30 सेक्टरों में विभाजित कर किया गया है। जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ-साथ सेक्टरवार व ज़ोनवार मजिस्ट्रेटों की तैनाती डीएम द्वारा की गई है। इसके अतिरिक्त प्रश्न पत्रों के पहुँचने से पूर्व परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी है। बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के कार्यालय में स्थापित आनलाइन कन्ट्रोल रूम की निगरानी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा की जायेगी।

### छापामारी के लिए गठित किये गये सचल दल

डीआईओएस ने बताया कि शासन व बोर्ड के दिशा निर्देशों के अनुसार बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए डीएम द्वारा समस्त केन्द्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक, सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर विस्तृत दिशा निर्देश दिये जा चुके हैं। परीक्षा केन्द्रों की भांति संकलन केन्द्रों पर भी पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। परीक्षा अवधि में परीक्षार्थियों की एकाग्रता प्रभावित न हो इसके लिए परीक्षा केन्द्र के आस-पास ध्वनि विस्तारक यन्त्रों के प्रयोग तथा परीक्षा केन्द्र के अन्दर किसी प्रकार के इलेक्ट्रानिक गैजेट्स को न ले जाने के सम्बन्ध में दिशा निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन कराया जायेगा। बोर्ड परीक्षा को शुचिता पूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए जिले में 06 सचल दलों का गठन किया गया है तथा समस्त परीक्षा केन्द्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण किया जा चुका है। डीएम मोनिका रानी ने सचेत किया है कि बोर्ड परीक्षा में अनुचित साधनों, प्रश्न पत्रों के समय के पूर्व प्रकटन को रोकने, सॉल्वर गिरोह को अभिनिषिद्ध करने और उससे सम्बन्धित आनुषंगिक मामलों में दोषी पाये जाने पर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 में दिये गये प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धि का होगा। डीएम द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि बोर्ड परीक्षा-2025 में कार्मिकों की ड्यूटी कदापि न काटी जाये।

# 23 ग्राम स्मैक के साथ दो नेपाली गिरफ्तार

- पुलिस को देखकर भागने लगे, पुलिस ने पकड़कर बरामद किया स्मैक

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। भारत - नेपाल सीमा से सटे एक ग्राम में गश्त के दौरान पुलिस ओर एसएसबी ने दो नेपाली व्यक्तियों को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से लाखों रुपए की कीमत की स्मैक बरामद हुई है। मोतीपुर थाने में तैनात उप निरीक्षक नवनीत भास्कर, आरक्षी राम आशीष ,सूरज कुमार, अखिलेश कुमार और एसएसबी के जवानों के साथ भारत नेपाल सीमा पर बलई ग्राम के पास गश्त कर रहे थे इसी दौरान पिलर संख्या 665/5 के पास दो युवक संदिग्ध परिस्थितियों में चहल कदमी करते हुए नजर आए और पुलिस को देख दूसरी तरफ भागने लगे।इस पर पुलिस टीम और एसएसबी ने दोनों को घेराबंदी कर पकड़ लिया तलाशी के दौरान उनके पास से कपड़ों में छुपा कर रखी 23 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इसके पश्चात दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।थाना प्रभारी मोतीपुर राजकुमार पांडे के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की पहचान नेपाल के सुर्खेत जिले के गणेश गुरुंग और देवेंद्र थापा के रूप में की गई है। दोनों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है दोनों व्यक्तियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



### किडडू प्ले स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला नाजिरपुरा स्थित किडडू प्ले स्कूल के सभागार में जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सामाजिक संगठन गौतम गाजी मानव सेवा संस्थान एवं मल्टीटास्कर्स फाउंडेशन द्वारा एकदिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला स्वास्थ विभाग के संक्रामक रोग प्रभारी आफाक अहमद के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 150 मरीजों का उपचार कर उनकी नि :शुल्क जांच एवं दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर नेत्रों की जांच एवं 70 वर्ष से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए तथा एक विशेष शिविर महिलाओं के लिए कैंसर स्क्रीनिंग का भी आयोजित किया गया ।जिसमें लगभग 50 महिलाओं ने अपनी- अपनी जांच कराई। अंत में आयोजन समिति द्वारा आफाक अहमद प्रभारी जिला संक्रामक रोग नियंत्रण कक्ष बहराइच को मेमोन्टो देकर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अजीमुल्ला खान, डॉ. मकबूल, डॉ. अदिति, डॉ. प्रिया, डॉ. सानिया, विध्याचल, किरण, अब्दुल रहमान, रिंकू, समीर, जावेद, बंशीलाल, उमेश, अब्दुल रहीम, मो. शारिब, उजेर, हाजी नूर, स्कूल के डायरेक्टर शादाब अन्सारी, फाउंडर प्रिंसपल नूरे फिरदौस व अध्यापिका शुमैला मुस्तकीम, इकरार जाहिद आदि मौजूद रही।

# अब्दुल कादिर अध्यक्ष तो मोहित बने महामंत्री

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



- ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में मनोनीत हुए पदाधिकारी

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक नगर पालिका सभागार में रविवार को मंडल अध्यक्ष एसपी मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष व महामंत्री का चयन किया गया। जिसमें अब्दुल कादिर मुन्ना को अध्यक्ष व मोहित सोनी को महामंत्री चुना गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष एसपी मिश्रा ने कहा कि पत्रकारों के साथ किसी भी प्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्रकारों के उत्पीड़न पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दे रखे हैं।प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश का अनुपालन यदि कोई अधिकारी नहीं करते है तो उन अधिकारियों की शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी पत्रकारों के हित के लिए संगठन हमेशा साथ खड़ा रहेगा।ऐसे में अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेश का पालन करें। मौके पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार सलीम सिद्दीकी, मनोज गुप्ता, अजय शर्मा, सैय्यद मसूद कादिरी, राजीव शर्मा,रफीक उल्ला गुड्डू, मोनिश अजीज, नदीम सिद्दीकी, फराज अंसारी को यूनियन द्वारा माल्या अर्पण कर साल पहनकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष द्वारा अध्यक्ष व महामंत्री का माल्यार्पण कर पत्र दिया गया। बैठक में संगठन के सदस्य प्रीतम सिंह, प्रदीप शर्मा, गौरव पटवा व ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो की संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# सरकारी योजनाएं धरातल पर उतरें: दिनेश प्रताप सिंह

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**





जिला पंचायत सभागार में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें हरचंदपुर सहित सताव ब्लॉक की सभी पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए जिसमें जिला पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य शामिल हुए। इस मौके पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सभी सम्मानित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया सम्मेलन में सभी जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में आवश्यक कार्यों का विवरण मांगा पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से दिए गए कामों को जिला पंचायत से अथवा राज्य सरकार से कराए जाने की बात कही। उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों से जिले के विकास को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन बुलाने का मेरा उद्देश्य सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतरना जिससे गांव के हर गरीब व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

# जमीन कब्जे के मामले में सपा के डेलिगेशन ने बागी विधायक पर लगाए आरोप

- विधायक द्वारा जमीन कब्जेदारी के मामले में सपा का डेलिगेशन पहुंचा पीड़ित से मिलने ऊंचाहार
- भाजपा समर्थित विधायक पर है जमीन कब्जाने का आरोप, जिस पर जिला प्रशासन ने दी थी क्लीन चिट



**रायबरेली।** बीते कई दिनों से जिले के ऊंचाहार विधानसभा के विधायक के खिलाफ जमीन कब्जा किए जाने के आरोप को लेकर मामला गर्म चल रहा है।वही जिस मामले में जिला प्रशासन ने कथित रूप से विधायक द्वारा जमीन कब्जा किए जाने के मामले में क्लीन चिट दे दी है। वहीं सपा के डेलिगेशन ने पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और हर संभव न्याय दिलाने का भरोसा दिया है।

दरअसल जिले के ऊंचाहार विधानसभा के समाजवादी पार्टी के बागी विधायक भाजपा समर्थित मनोज पांडे के खिलाफ कुछ दिन पहले जिले की प्रथम नागरिक जिला पंचायत अध्यक्ष रंजन चौधरी समेत दर्जनों पीड़ित परिवार ने विकास भवन में जमीन कब्जे के मामले में धरना प्रदर्शन किया था।और क्षेत्रीय विधायक की फ़ोटो लगाकर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। जिसको लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से खबरें जब विधायक तक पहुंची तो उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया।और जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की।वही दो दिन पहले जिला प्रशासन ने विधायक को क्लीन चिट दे दी कि इन पर किसी तरह की कोई जमीन कब्जा किए जाने की बात सामने नहीं आई है। वही पीड़ितों की आवाज बनकर समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आवाहन पर उनकी 11 सदस्यीय टीम ने ऊंचाहार विधानसभा के जगतपुर टांघन गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

## पीड़ित ने राजस्व टीम व पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**सरेनी, रायबरेली।** जनपद रायबरेली की सरेनी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रायपुर का एक मामला प्रकाश में आया है। जहां पर ग्राम प्रधान व उनकी पत्नी, बेटी की दिखी दबंगई पर्सनल इंटरलॉकिंग को लेकर हुआ। विवाद में राघवेंद्र कुमार के ऊपर फावड़े से किया हमला जिसमें उनको गंभीर चोटे आई हैं वहीं मामले में सरेनी पुलिस ने 151 करके मामले को किया हल्का इसके

- न्यायालय में मामला विचाराधीन होते हुए भी जिम्मेदारों ने जबरन कराया खरिंजे का निर्माण

बाद फिर दिनांक 22/02/25 दिन शनिवार को प्रधान ने जबरन इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य कराया जबकि पीड़ितों ने बताया कि जिस जगह पर इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य किया जा रहा है व मेरी भूमिधरी जमीन है जिसका न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है उसके बावजूद भी ग्राम प्रधान अपने पावर के दम से जबरन इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य करा रहा है। पीड़ित ने यह भी बताया कि ग्राम प्रधान उच्च अधिकारियों को गुमराह करके कार्य करा रहा है। इसी लिए मामले की निष्पक्ष जांच भी नहीं हो पा रही है जिससे मेरी कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है। इस लिए मैं शासन प्रशासन से निवेदन करता हूं कि मामले की निष्पक्ष जांच कर विधिक कार्रवाई करें, ताकि दबंग प्रधान व उनकी बेटी व पत्नी के ऊपर उचित कारवाई हो सके। इस मामले की जानकारी जब लालगंज एसडीएम से लेनी चाहिए तो उनका फोन नहीं उठा।

# छात्रा ने किया क्षेत्र को गौरवान्वित

**अमावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



छात्रा ने किया क्षेत्र का नाम रोशन विकासखंड क्षेत्र की ताजपुर गांव पोस्ट अमावा निवासी छाया सोनी पुत्री रमाकांत सोनी ने क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए अन्य बच्चों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है हिंदी विषय वर्ग में नेट व जी आर एफ की परीक्षा उत्तीर्ण कर समस्त क्षेत्र को गौरवान्वित किया ।छात्रा की इस सफलता पर संपूर्ण क्षेत्र के वरिष्ठ एवं गणमान्य लोगों ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को देते हुए कहा कि अगर हम लगन से कोई कार्य करें तो सफलता हमारे कदम जरूर चूमती है।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में प्रथम प्रवेश परीक्षा आयोजित

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बगहा में सत्र 2025-26 के लिए प्रथम प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई।जिसमें 100 से अधिक प्रवेशार्थी अपने माता पिता के साथ विद्यालय में उपस्थित हुए और प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए।विद्यालय के हरित पार्क में गणित,विज्ञान,खेल,कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से लघु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।जिसे देखने की उत्सुकता अभिभावकों में देखी गई।अभिभावकों ने विद्यालय का भ्रमण कर कम्प्यूटर विज्ञान,भौतिक विज्ञान,रसायन विज्ञान,जन्तु विज्ञान की समृद्ध प्रयोगशालाओं तथा विशाल पुस्तकालय का अवलोकन कर सराहना की।परीक्षा प्रारंभ से पहले प्रधानाचार्या कामाक्षा सिंह द्वारा माता सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।कार्यालय से जानकारी के अनुसार इस प्रवेश परीक्षा का परिणाम दिनांक 25 फरवरी 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक जारी किया जाएगा।जिसे विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर या विद्यालय की बेबसाइट- nspssalonindia.org पर देखा जा सकता है।सभी सफल अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक प्रवेश ले सकेंगे।आगामी प्रवेश परीक्षा 23 मार्च 2025 को आयोजित होगी। जिसमें कक्षा 11 तक की कक्षाओं में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे।

# प्रथम प्रवेश परीक्षा का हुआ आयोजन



**महराजगंज रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलेथू, महराजगंज , रायबरेली में छात्रों के लिए प्रथम प्रवेश परीक्षा ( सत्र 2025-26) का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार के द्वारा सभी अभिभावकों का स्वागत व अभिनंदन किया गया। प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्या, शिक्षक- शिक्षिकाएं, उपस्थित प्रतिभागी छात्र- छात्राएं व उनके अभिभावकों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गयी। विद्यालय परिवार द्वारा अभिभावकों के लिए विभिन्न एक्टिविटी व गेम्स का आयोजन किया गया जिसमें सभी अभिभावकों ने बढ़ - चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने बताया कि हमारे विद्यालय में योग्य शिक्षकों द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य किया जाता है। विगत वर्षों से हमारा विद्यालय नित अच्छे परिणामों की ओर अग्रसर होता जा रहा है जिसमें हमारे शिक्षक ,छात्रों और आप जैसे अभिभावकों की कड़ी मेहनत शामिल है। प्रधानाचार्य ने आगामी प्रवेश- परीक्षा की भी जानकारी दी जोकि 23/03/25 दिन रविवार को होगी। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मोदी के मन की बात कार्यक्रम सादुल्लानगर मंडल में सुना गया

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय जानता पार्टी सादुल्लानगर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को सादुल्लानगर मंडल में मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रयाप गुप्ता के अध्यक्षता में श्रद्धा और उत्साह के साथ सुना गया। कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता, युवा, किसान और व्यापारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की, जिनमें स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत आदि। स्थानीय नागरिकों ने मोदी जी के विचारों को सराहा और उनके बताए गए मार्गदर्शन को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रताप गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का यह कार्यक्रम देश को जोड़ने और प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे हम सभी को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है। राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि मन की बात से हम देशभर में हो रहे सकारात्मक बदलावों से अवगत होते हैं। जो हमें भी राष्ट्र निर्माण में भाग लेने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के बाद उपस्थित लोगों ने मोदी जी के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और समाजहित में कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

# महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर निकलेगी बाबा की शोभा यात्रा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



बाबा जगमोहनेश्वर धाम चन्दापुर मन्दिर रायबरेली में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों के सम्बन्ध में एक प्रेस वार्ता का आयोजन जगमोहनेश्वर मंदिर प्रागण में किया गया है । श्री जगमोहनेश्वर महादेव मन्दिर की स्थापना 18 वीं सदी के अंतिम दशक में चंद्रापुर के तत्कालीन नरेश राजा जगमोहन सिंह द्वारा काशी के विद्वान ब्राह्मणों के समूह का काशी विद्वत परिषद के पुरोहित में की गई थी । इस शिवलिंग को प्राप्त करने के लिए राजा जगमोहन सिंह ने अमरकंटक में नर्मदा नदी के तट पर लगभग 6 महीने का प्रवास किया । इसी प्रवास के अंत में शंकर जी से स्वप्न में प्राप्त निर्देश के आधार पर इस शिवलिंग का चयन स्थापना हेतु , इसी शिवलिंग के साथ ही प्राप्त एक अन्य शिवलिंग को एक पीतल के मंदिर में प्रतिष्ठित करके उसकी स्थापना काशी विश्वनाथ मंदिर में की गई थी ।

श्री जगमोहनेश्वर महादेव मंदिर राजा जगमोहन द्वारा स्थापित कराए गए शिवलिंग मंदिर में 108 स्थापना थी । इस मंदिर की प्रतिष्ठा तंत्रोत पद्धति से कराई गई । जिसके कारण यह मंदिर इच्छित फल प्रदान करने वाला है तथा वर्ष 1991 से चंद्रापुर भवन परिषद में नगर भोज एवं महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन स्वर्गीय राजा जितेंद्र सिंह द्वारा प्रारंभ कराया गया था। कार्यक्रम व्यवस्था प्रभारी मंटू शुक्ला ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह 11:00 बजे से 108 यजमान के द्वारा सामूहिक रूप से बैठकर रुद्राभिषेक संपन्न कराया जाएगा। रुद्राभिषेक आचार्य पंडित नवीन झा वाराणसी एवं आचार्य पंडित गोविंद शास्त्री रायबरेली के द्वारा संपन्न कराया जाएगा। शिव बारात प्रभारी ऋषभ वर्मा ने बताया कि बाबा की बारात शाम 3:00 बजे राजकीय इंटर कॉलेज के द्वितीय मैदान से निकलेगी । इसके बाद हाथी पार्क, यूनियन बैंक चौराहा, मलिक मऊ रोड, रामकृपाल चौराहा, बुक मार्केट होते हुए कैपरगंज, खोया मंडी ,बस स्टॉप, कोतवाली रोड, घंटाघर, सुपर मार्केट होते हुए रति 10:00 बजे बाबा के दरबार में पुन वापस आएगी। पंकज अग्रवाल ने बताया कि 25 फरवरी दिन मंगलवार को इस बार बाबा के दरबार में शाम 4:00 बजे से हल्दी एवं मेहंदी का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें सभी नगर वासियों से उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

# अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ की जाएगी कड़ी कार्रवाई: सुरेंद्र प्रताप सिंह



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** आगामी होली और रमजान के त्योहारों को लेकर स्थानीय थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने की। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, प्रधानगण, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि, धार्मिक गुरुओं ने भाग लिया। बैठक में दोनों त्योहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही आपसी भाईचारे और प्रेम के प्रतीक हैं।इसलिए सभी समुदायों को एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई समस्या हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। बैठक में मौजूद वरिष्ठ नागरिकों और धर्मगुरुओं ने प्रशासन को आश्वासन दिया कि वे शांति और सौहार्द बनाए रखने में पूरा सहयोग करेंगे। बैठक में दीपचंद जायसवाल, राधेश्याम गुप्ता, शाहबाज, मो अहमद, समेत क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे। अंत में वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील करते हुए बैठक का समापन किया।

# उर्दू विषय से लगातार छः बार नेट परीक्षा पास कर बढ़ाया जिले का मान

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शिक्षा क्षेत्र रेहरा बाजार अंतर्गत मुबारकपुर निवासी रफीउद्दीन पुत्र मोइनुद्दीन ने लगातार 6 बार उर्दू विषय में नेट परीक्षा पास कर क्षेत्र सहित पूरे जनपद का बढ़ाया मान। रफीउद्दीन ने बताया कि दिसंबर 2024 में संपन्न हुई परीक्षा में उन्हें 72.66त्न अंक प्राप्त किया और जेआरएफ 8 अंकों से उनका रुक गया। वर्तमान समय में वह हाजी स्माइल महाविद्यालय में गेस्ट लेक्चरर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले में गर्व का माहौल है।

यह छठवीं बार है जब उन्होंने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। जिससे जिले में उर्दू भाषा और साहित्य के प्रति रुचि को भी बल मिला है। उनकी इस सफलता पर हाजी इस्माइल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमरुद्दीन ने कहा रफीउद्दीन की यह उपलब्धि हम सभी के लिए गर्व की बात है। उनकी मेहनत और लग्न अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक है। परिवार और शुभचिंतकों ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष जताया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उर्दू भाषा के क्षेत्र में उनकी लगातार सफलता से जिले का नाम राज्य स्तर पर भी रोशन हो रहा है। रफीउद्दीन ने सभी छात्र/छात्राओं को संदेश देते हुये कहा कि आप मेहनत करते रहो फेल होने से ना डरो में स्वयं उदाहरण हूं। किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आप सभी को संघर्ष और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। जैसे मैं लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास हूं ।

**कभी तो मंजिल मिलेगी मेरी कभी तो मेरा भी नाम होगा:** मैं जेआरएफ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करता रहूंगा। लक्ष्य की प्राप्ति ना होने पर दुख तो होता है। मेरे लिए खुशी की बात यह है कि मैं एक विद्यार्थी के रूप में पढ़ भी रहा हूं। और पढ़ा भी रहा हूं। यही मेरी बड़ी उपलब्धि है। इस उपलब्धि से मैं बहुत खुश हूं। आगे निरंतर प्रयास करता रहूंगा। और हां जेआरएफ को मेरे पास आना ही होगा। रफीउद्दीन की इस सफलता को लेकर ग्राम प्रधान राम बोधपाल, शिक्षक दिवाकर जायसवाल, मुजीबुरहमान, अखिलेश कुमार मिश्रा, जमाल अहम, मोहम्मद अली, मोहम्मद सलीम, नफीस अहमद आदि ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# चौहान गुट ने पीस कमेटी की बैठक में किया प्रतिभाग

- सराहनीय कार्य के लिए नगर कोतवाल को किया सम्मानित



**रायबरेली।** शनिवार को थाना कोतवाली नगर पर आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें नगर मजिस्ट्रेट, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर, नगर कोतवाली प्रभारी, नगर कोतवाली के संबंधित थानों के थाना प्रभारी सहित व्यापार संगठन के लोग, नगर पालिका परिषद रायबरेली के सभासद, सम्मानित नागरिक सहित तमाम धर्म और मजहब के लोग उपस्थित रहे। जिसमें ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट ने भी अपनी पूरी टीम के साथ प्रतिभाग किया और आगामी त्योहारों के मद्देनजर व्यापारियों, आम नागरिक से जुड़ी समस्या को उठाया। इसके साथ ही चौहान गुट ने सराहनीय कार्य किए जाने को लेकर नगर कोतवाल राजेश सिंह को सम्मानित भी किया। नगर कोतवाल को ये सम्मान वहां पर मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली ने अपने हाथों से दिया और उनके कार्यों की सराहना भी की। इस बैठक में ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान ने कहा कि रायबरेली जिले में हमेशा ही सभी त्योहारों को मिल जुल कर एक साथ मनाया जाता है। यहां आज भी हम भाईचारे के साथ त्यौहार मनाते हैं और एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद देते हैं तथा एक दूसरे के घर जाकर उनकी खुशियों को बांटते हैं। कुछ छोटी मोटी समस्याएं त्योहारों पर होती है जैसे नशे में बच्चों का गाड़ी चलाना वो भी तीन चार लोगों को बैठकर, डीजे की आवाज अत्यधिक तेज ध्वनि से बजाना, मोटरसाइकिल में बहुत तेज आवाज के सालेंसर लगाकर शोर मचाना, बेहटा पुल में नहाने के नाम पर हुड़दंग करना जिससे उनकी जान को खतरा हो सकता है। इसके साथ मैं जिले के सभी धर्मो के लोगों से अपील करना चाहूंगा कि माहे रमजान में होली का पर्व मनाया जायेगा जिसमें जुमा की नमाज भी होगी, सभी मुस्लिम भाइयों से चौहान गुट अपील करना चाहता है कि आप अपनी नमाज नजदीकी मस्जिद में अदा करें और अपने घर को वापस आ जाए जिससे किसी भी तरह का कोई विवाद उत्पन्न न हो। चौहान गुट टीम ने सभी जनपदवासियों को आगामी महाशिवरात्री, रमजान, होली, ईद की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी से पुनः अपील की है कि आप सभी हमेशा की तरह प्यार मोहब्बत से त्योहारों को खुशी खुशी मनाएं और रायबरेली हमेशा से जो प्यार मोहब्बत बरकरार है इसी हमेशा ऐसे ही कायम रखना भी हम आप सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान के साथ मो. उमर, राजेश सिंह, सरदार अवतार सिंह मोंगा, आशीष वर्मा, एसके सोनी, इम्तियाज खान, वसीम खान, संदीप पाठक, अमित फौजी, सरवरी बेगम, ताहिरा, हसन आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का लाभ प्राप्त करें युवा उद्यमी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पांडे ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को गति प्रदान करने हेतु सूक्ष्म उद्योगों को प्रोत्साहित करने एवं इस क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार सृजित किये जाने तथा प्रदेश में पूंजी निवेश को आकर्षित करने हेतु प्रतिवर्ष 01 लाख नई सूक्ष्म इकाईयां स्थापित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना को मिशन मोड में आगामी 10 वर्षों की समयावधि में कुल 10 लाख नई सूक्ष्म इकाईयां स्थापित किये जाने के महत्त्वपूर्ण उद्देश्य की पूर्ति हेतु एक महत्वाकांक्षी नई योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (Mukhyamantri YUVA) प्रारम्भ किया गया है।

इस योजना के अन्तर्गत आवेदक का उत्तर प्रदेश का निवासी तथा आयु 21 से 40 वर्ष होना अनिवार्य है तथा आवेदक की शैक्षिक योग्यता न्यूनतम कक्षा आठ उत्तीर्ण होनी चाहिए व इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण अथवा समकक्ष को वरीयता दिये जाने का प्रावधान है। आवेदक सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनाओं जैसे:- विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल डेवलपमेन्ट मिशन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षित हो अथवा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय / शैक्षणिक संस्थान से कौशल संबंधी सर्टीफिकेट कोर्स/डिप्लोमा/डिग्री प्राप्त हो। योजनान्तर्गत पूर्व में पीएम स्वनिधि योजना के अतिरिक्त राज्य अथवा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित किसी अन्य योजना में ब्याज अथवा पूंजी उपादान का लाभ प्राप्त न किया हो। योजना के अंतर्गत उद्योग एवं




सेवा क्षेत्र की अधिकतम रु. 5.00 लाख तक की परियोजनाओं के ऋण पर अनुदान तथा रु. 5.00 लाख से अधिक रु. 10.00 लाख तक परियोजना लागत वाली इकाइयों में ऋण/वित्त की व्यवस्था लाभार्थी को स्वयं के स्रोतों से करनी होगी, जिसके सापेक्ष कोई अनुदान देय नहीं होगा।

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि आकांक्षात्मक जनपद बलरामपुर में लिए योजना में विशेष सुविधा प्रदान की गई हैं , जिसके तहत योजना में पात्र सभी वर्गों के लाभार्थियों/आवेदकों को परियोजना लागत का केवल 10 प्रतिशत स्वयं के अंशदान के रूप में जमा करना होगा। लाभार्थी को परियोजना लागत अथवा अधिकतम रु. 5.0 लाख, जो भी कम हो, का 10 प्रतिशत मार्जिन मनी सब्सिडी के रूप में दिया जायेगा। परियोजना लागत अथवा अधिकतम रु. 5.0 लाख, जो भी कम हो , के सापेक्ष बैंक / वित्तीय संस्था से लिये गये ऋण के शत-प्रतिशत ब्याज अगले चार वर्षों के लिये राज्य सरकार द्वारा दिया जायेगा। सीजीटीएमएसई कवरेज हेतु आवश्यक धनराशि का वहन भी चार वर्षों तक राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। लोन की तिथि से 06 माह की अधिस्थगन अवधि (Moratorium Period) दी जायेगी। डिजीटल ट्रांजैक्शन के सापेक्ष रु. 1 प्रति ट्रांजैक्शन तथा अधिकतम रु. 2000.00 प्रति वर्ष का अतिरिक्त अनुदान प्रति इकाई / लाभार्थी को देय होगा। द्वितीय चरण के अन्तर्गत रु. 10.00 लाख से अधिक किन्तु अधिकतम रु. 20.00 लाख की परियोजना लागत की इकाईयों विस्तारित की जा सकेगी, किन्तु इनमें अधिकतम रु. 7.50 लाख तक की धनराशि पर ही देय वार्षिक ब्याज का 50 प्रतिशत अनुदान वित्त पोषण की तिथि से अगले तीन वर्षों के लिये दिया जायेगा। द्वितीय चरण में भी सीजीटीएमएसई. कवरेज हेतु आवश्यक धनराशि का वहन भी तीन वर्षों तक राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा । योजनान्तर्गत आनलाईन आवेदन विभाग की वेबसाइट https://msme.up.gov.in/ पर किया जा सकता है तथा अन्य विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में समय पूर्वान्ह 10 से अपरान्ह 05 बजे तक कार्यालय-उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, उतरौला रोड़, धर्मपुर, बलरामपुर में सम्पर्क किया जा सकता है अथवा कार्यालय के सहायक प्रबन्धक (मो0 नं0 9125703354 एवं 8287007994) से सम्पर्क किया जा सकता है।

## प्रधानमंत्री टीम का हिस्सा बने दास

तमिलनाडु कैडर के 1980 बैच के वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारी और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर रहे शशिकांत दास को पीएमओ में भी एक नई इबारत लिखने का अवसर प्राप्त हुआ है। इसके पीछे उनके 42 साल की सेवा के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक उत्कृष्ट कार्यों को अंजाम देना है। जिसमें उपलब्धियों एक लम्बी-चौड़ी फेहरिस्त शामिल है। इसी लिए श्री दास को आर.बी.आई. गवर्नर के पद से रिटायरमेंट होने के बाद मात्र ढाई माह में ही इनको प्रधानमंत्री का प्रिंसिपल सेक्रेटरी- द्वितीय बनाया है।

शक्तिकांत दास उर्जित पटेल के इस्तीफे के बाद 11 दिसंबर 2018 को 25वें आर.बी.आई. गवर्नर बने और 6 साल रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे, जो 10 दिसंबर 2024 को रिटायर हुए हैं। ठीक 75वें दिन बीते शनिवार को उन्हें पी.एम.ओ. में बतौर प्रिंसिपल सेक्रेटरी का नियुक्त किया गया है। कैबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी ने श्री दास को प्रधानमंत्री मोदी का प्रिंसिपल सेक्रेटरी-द्वितीय की नियुक्त किया है। फिलहाल वर्तमान में गुजरात कैडर के पीके मिश्रा प्रधानमंत्री मोदी के प्रिंसिपल सेक्रेटरी-प्रथम हैं। जबकि इसके पहले श्री दास जी-20 में भारत के शेरपा और 15वें वित्त आयोग के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने अपने 42 साल के करियर में वित्त,निवेश और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किये हैं। इस श्रृंखला में वह वर्ष 2023 और 2024 में लगातार दो बार दुनिया के टॉप सेंट्रल बैंकर भी चुने गए।

शक्तिकांत दास को सेंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड 2023 और 2024 में ए प्लस ग्रेड मिला, जो अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी में ग्लोबल फाइनेंस देती है। शक्तिकांत दास को महंगाई पर कंट्रोल, इकोनॉमिक ग्रोथ, करेंसी में स्टेबिलिटी और ब्याज दरों पर नियंत्रण के लिए यह सम्मान दिया गया। वहीं कोरोना महामारी और युद्ध के बीच इकोनॉमी को स्टेबल रखने में भी सफलता हासिल की।

आरबीआई गवर्नर के तौर पर श्री दास ने भारत और दुनिया के लिए सबसे अस्थिर दौर कोरोना महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष जैसे संकटों में भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। कोरोना के दौरान दास के नेतृत्व में आरबीआई ने लिक्विडिटी और एसेट्स क्वालिटी को बनाए रखने के लिए नए और पुराने आर्थिक नीतियों और उपायों को लागू किये रखा। यही नहीं उन्होंने यस बैंक एवं लक्ष्मी विलास बैंक को कोलैप्स होने से बचाया। जिन चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया, उनमें आई.एल एंड एफ.एस संकट शामिल था। इसके चलते नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों को काफी नुकसान हुआ था। जबकि ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए रेपो रेट में जरूरी बदलाव किया जो 6.50 प्रतिशत पर थी। उनके नेतृत्व में आरबीआई ने इकोनॉमिक ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए इसे घटाकर 4 प्रतिशत पर ला दिया। बाद में महंगाई को कंट्रोल करने के लिए इसे फिर से बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दिया। बैंकों का एन.पी.ए. घटाने और मुनाफा बढ़ाने में श्री दास का योगदान देश के लिस्टेड बैंको का नॉन-परफॉर्मिंग एसेट सितंबर 2024 तक 2.59 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गया, जबकि दिसंबर 2018 में यह 10.38 प्रतिशत था। इस दौरान बैंकों की प्रॉफिटेबिलिटी में भी उछाल आया और बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में 2.63 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 2018 में बैंकों को 32,400 करोड़ रुपए का घाटा था। श्री दास मई 2017 तक वे इकोनॉमिक अफेयर्स के सेक्रेटरी रहे और देश के 25वें गवर्नर बने। नवंबर 2016 में जब नोटबंदी हुई थी, तब भी दास ही मुख्य मोर्चे पर थे और अब प्रधान मंत्री की प्रमुख टीम के हिस्सा बन चुके हैं।

# सोशल मीडिया का दुष्प्रयोग और सांस्कृतिक संकट

*गिरीश्वर मिश्र*

सोशल मीडिया आज संचार की दुनिया में एक बड़ी ताकत के रूप में उभर रहा है। उसकी साक्रिय उपस्थिति से आबालबृद्ध सभी प्रभावित हो रहे हैं। उसकी अपरिहार्य, तीव्र और लुभावनी और सुगम उपस्थिति आज समाज में सबको अपने आगोश में लेती जा रही है। सूचना की दुनिया से आगे बढ़ कर सोशल मीडिया हमारी निजी उपस्थिति और उसकी सार्थकता के आशय और जीवन के सरोकार सबको प्रभावित कर रहा है। हमारी अस्मिता को रचता हुआ वह किसी दुनिया या सत्य का प्रतिनिधित्व या प्रस्तुति से आगे बढ़ कर अपनी एक स्वायत्त दुनिया बना चुका है। उसका अपना वजूद वास्तविक दुनिया को भी गढ़ रहा है। ख़ास तौर पर संचार प्रौद्योगिकी की दुनिया में 'मोबाइल' के ज़रिए सोशल मीडिया ने आम आदमी की ज़िंदगी में जिस तरह की ज़बरदस्त सेंधमारी की है उसका निकट इतिहास में कोई जोड़ नहीं दिखता।

इसकी लोकप्रियता कितनी है इसका अंदाज़ा लगाना बेहद मुश्किल है। लोग जीवन में बिताए जाने वाले समय में घंटों इससे चिपके रहते हैं। सोते समय स्वोपन के मिथ्या जगत में तो हम रहते हैं परंतु आज की सच्चाई यह है कि जाग्रत अवस्था में वर्चुअल या आभासी दुनिया में हमारी आवाजाही वास्तविक दुनिया में जीने की तुलना में बढती जा रही है। आज सबके मन में अपने को रचने, प्रस्तुत करने और एक बड़े विस्तृत फलक पर उपस्थित करने की प्रबल इच्छा जाग रही है। दर्शक को प्रतिभागिता का अवसर देने वाली अंतर्क्रियात्मक सोशल मीडिया दर्शक या पाठक को बेहिसाब शक्ति का अहसास कराती है। इसकी लोकप्रियता का गणित ऐसा है कि इंफलुएंसर (यू ट्यूबर!) गण देश के सामाजिक-सांस्कृतिक नेता की तरह अभिनंदित होते हैं और अच्छी खासी आर्थिक कमाई भी करते हैं। यानी वर्चुअल दुनिया मुख्य होती जा रही है और वास्तविक दुनिया के दिलो-दिमाग को संचालित कर रही है। वह रंगीन, गतिशील और अत्यंत व्यापक है और इसलिए उसके स्पर्श में आकर आदमी आसानी से बदल जाता है। अब दैनिक जीवन के जीने के सामान्य अभ्यास में 'स्क्रीन टाइम' (संचार और संवाद के गैजेट से जुड़ा रहने में बिताने वाला समय) एक ख़ास मद हो गया है।

यह आभासी दुनिया लोगों को अपने अनुभव-संसार को गढ़ने के लिए कई विकल्पों के साथ असीमित लगने वाली छूट दे रही है और वास्तविक दुनिया में होने वाली गतिविधियों को निर्धारित कर रही है। दर्शक को अपनी निजी स्वतंत्रता के विस्तार का अहसास होता है। इस तरह का यह आभासी दायरा अब इंटरनेट के सहयोग से अपरिमित-सा होता जा रहा है। यह अब मन मस्तिष्क पर छाता हुआ यह आभासी हस्तक्षेप हमारे भाव-जगत को आकार देने लगा है। इस तरह वह जाने अनजाने हमारे स्वभाव को भी बनाते-बिगाड़ते हुए प्रभावित कर रहा है। हमारा स्वाद बदल रहा है। हम क्या हैं और क्या होना चाहते हैं यह सबकुछ मीडिया पर टिकने लगा है। ठीक से कहें तो यह सबको अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। आदमी के मनो-जगत में प्रवेश कर यह चुपके-चुपके हमारी आकांक्षा, अभिरुचि, गतिविधि और व्यक्तित्व सबको गढ़ने वाला एक अचूक औंजार साबित हो रहा है।

ताजा घटनाक्रम में एक महानगर की प्रतिष्ठित पृष्ठभूमि से आने वाले सुपठित युवा द्वारा की गई अश्लील प्रस्तुति चर्चा का विषय बनी है। वर्चुअल प्लेटफार्म पर अभद्रता की हदें पार करने की इस शिकायत पर सबकी नजरें गई हैं। यह सब है तो पुराना धंधा परंतु इस बार बात सुप्रीम कोर्ट तक औपचारिक रूप से पहुंच गई। पहुँची ही नहीं बल्कि सर्वोच्च अदालत ने उसका तत्काल संज्ञान भी लिया और पेशी पर आरोपी को अच्छी तरह डांट भी लगाई। पर गौरतलब है कि इसके पहले भी उच्छृंखल रूप से सोशल मीडिया का दुरुपयोग जोर पकड़े हुए था और इसके बाद अभी भी चालू है। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के रूप में ऐसे महानुभावों को आदर और धन संपदा भी मिलती है। वे रसूखदार लोगों में शुमार होते हैं। इस तरह सोशल मीडिया मनोरंजन, व्यापार, शिक्षा और संस्कार सबको प्रभावित कर रहा है।

सोशल मीडिया में विशेष चिंता वाली उपस्थिति आज सेक्स और हिंसा की व्यापक उपस्थिति है। इसका एक से एक विद्रूप रूप मोबाइल में हर दिन हर घड़ी परोसा जा रहा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र में मूल अधिकार है। परंतु इसके तहत कुछ भी करने की छूट लेने की आज़ादी अधिकार में नहीं है। इस समय सोशल मीडिया और ख़ासतौर पर 'वेब सिरीज़', 'फेसबुक पोस्ट' और 'रील' आदि में आ रही बहुसंख्यक प्रस्तुतियों में भोंडे सेक्स के निर्लज्ज प्रचार का ही बाहुल्य है। इन तक पहुँच पर कोई रोक-छेंक न होने से जवान, बच्चे और बूढ़े सभी इसकी तरफ़ अपनी सुविधानुसार मुखातिब होते हैं। विविध प्रकार की पोर्नोग्राफ़ी का यह दुरन्त विस्तार हर आयु वर्ग, हर धर्म और जाति तथा प्रत्येक आय वर्ग के लोगों को लुभा रहा है। अब यह निजी और गोपनीय नहीं रहा। इसका नशा हर वर्ग में बढ़ रहा है।

स्वतंत्रता की इस मुहिम में नग्न और अर्धनग्न, मांसल स्त्री (और पुरुष) शरीर को, छिपाने-दिखाने की सुनियोजित योजना के साथ, विज्ञापित और प्रदर्शित किया जा रहा है। यह अलग बात है कि इनमें कितने पात्र असली हैं और कितने डीपफेक जैसी तकनीक के सौजन्य से बने हुए हैं। इनमें अवैध और अनैतिक देह-संबंध को खोजते-उघाड़ते और साझा करने की यात्रा शुरू हो गई है। पहले जिसे वेश्यावृत्ति कहते थे




उसके नाना रूप उत्तेजक कहानियों और घटनाओं में पिरो कर प्रस्तुत करती प्रचुर सामग्री धड़ल्ले से फैलाए जा रहे हैं। पब्लिक डोमेन में डंप की जा रही इन सामग्रियों में रुपया-पैसा, वासना, सेक्स कारोबार और व्यापार आदि मसलों को जोड़-जाड़ कर एक आकर्षक और कामोत्तेजक दुनिया रच कर दिखाई जाती है। इनमें बहुत-सा बाहर के देशों से उठाई सामग्री भी होती है।

वैध और नाजायज संबंधों की सारी हदों को पार करती इस कल्पित वर्चुअल दुनिया में कुछ भी संभव होता है। इनमें दर्शकों को लुभाने और उनको आकर्षित करने के हर नुस्खे आजमाये जाते हैं। यह क्षणिक सुख का आभास या अहसास करा देती है। इसके चलते लोग इसमें फँस जाते हैं। शब्द, भाषा और चित्रों के माध्यम से अश्लीलता का वीभत्स रूप बेरोक-टोक निर्द्वंद भाव से सब लोगों को मुहैया कराया जा रहा है। इन सबके सम्मिलित प्रभाव कार्य के प्रति अन्यमनस्कता, अव्यवस्थित काल-बोध और अमर्यादित सामाजिक आचरण में प्रतिफलित होता है। एक भयावह बीमारी की तरह इसकी लत लगने पर इसका परिणाम दुर्व्यसन (एडिक्शन) के मर्ज़ में भी तब्दील हो जाता है। सांस्कृतिक मर्यादाओं की सभी हदों को पार करते हुए विभिन्न प्रकार की प्रकट, सांकेतिक और अप्रत्यक्ष अश्लीलताओं को लगातार परोसते दृश्यों में बाँध कर हर किसी की उत्सुकता को जगाने के लिए प्रत्यक्ष और छद्म तरीकों से भरपूर सामग्री अनियंत्रित रूप से प्रस्तुत की जा रही है। उदारता का युग बाजार में आया, राजनीति में आया और अब घर की चारदीवारी में पहुँच कर लोगों के दिलो-दिमाग़ में खलबली मचा रहा है। इसने समाज की सोच या वैचारिकी में अनियंत्रित खुलेपन का न्योता दिया। इस तरह के बदलाव के पीछे नगरीकरण, सामाजिक गतिशीलता, नौकरी पेशे के जीवन की दुश्वारियाँ मुख्य रही हैं। इस परिवर्तन के केंद्र में भोग और राग की अतुलित बलवती इच्छा वेगवान होती गई। चरित्र, आचार-विचार, शील और सदाचार और इंद्रियों का निग्रह जैसे विचार दकियानूसी और प्रगति के मार्ग में रोड़े की तरह जाने समझे जाने लगे। इस रोग की लपेट में किशोर, युवा और प्रौढ़ सभी आ रहे हैं। गर्लफ्रैंड और ब्वॉय फ्रैंड अब एक स्वीकृत और प्रचलित प्रत्यय और सामाजिक अभ्यास हो चला है। इस तरह की मित्रता की सीमा और परिधि किस तरह चलेगी यह इसमें शामिल किरदारों की भलमनसाहत पर निर्भर करता है। इसमें क्या वर्जित और क्या विहित है, यह मित्रों की अपनी मर्जी पर निर्भर करता है। सेक्स जीवन में नवाचार अब सामाजिक जीवन का हिस्सा हो रहा है। लिव इन रिलेशनशिप और आपसी रजामंदी से प्रौढ़ जनों को सेक्स की वैधानिक स्वीकृति सामाजिक आचरण के नये मानदंड स्थापित कर रही है। सामाजिक जीवन की नई पैमाइश में व्यक्ति ही प्रथम और अंतिम निर्णायक होता जा रहा है।

व्यक्ति की चेतना का उत्कर्ष सदा से वांछित रहा है। काम की गणना पुरुषार्थ में की गई है। श्रीकृष्ण गीता में कहते हैं 'मैं धर्म के अविरुद्ध काम हूँ।' आज भी प्रश्न यही है कि जीवन में मर्यादा कैसे लाई जाए? धर्म अर्थात् विवेकसम्मत और संतुलित आचरण का मार्ग कैसे प्रशस्त हो? इस दृष्टि से घर, स्कूल, मीडिया सभी को अपनी ज़िम्मेदारी पहचाननी और निभानी होगी। कानून दांव-पेंच का मामला है और वह अपना काम करेगा पर उसका परिणाम भी तभी मिलेगा जब हम मर्यादा में विश्वास करें, वह मर्यादा जो अपने और सबके हित को ध्यान में रख कर स्वीकार की जाती है। सोशल मीडिया को नियमित करने और अमर्यादित उपयोग को रोकना सरकार की वरीयताओं में आना चाहिए। इस तरह के अनर्गल संचार के नकारात्मक प्रभावों से समाज को बचाना आवश्यक है।

*(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)*

विचार

# रिश्वत का ट्रम्प कार्ड!

*कौशल मूंदड़ा*

अमरीका ने मान लिया है कि रिश्वत व्यवसाय के लिए जरूरी है। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमरीकी कंपनियों को साफ-साफ संकेत दिया है, रिश्वत दे दो - ठेके ले लो, अमरीका में उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होगी। हाल ही में ट्रंप प्रशासन ने जिस विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (एफसीपीए) पर रोक लगाई है, वह अमेरिका से जुड़ी फर्मों और लोगों को विदेश में अपने व्यापार को सुरक्षित करने के लिए विदेशी अधिकारियों को पैसे या उपहार या किसी भी तरह की रिश्वत देने से प्रतिबंधित करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने करीब 50 साल पुराने इस कानून को निलंबित कर दिया है। इस कानून पर रोक लग जाने के बाद अमरीकियों के लिए विदेशों में व्यापार के लिए रिश्वत देना अपराध नहीं रहेगा। ट्रम्प ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को इस कानून के तहत दिए गए फैसलों की समीक्षा करने के लिए गाइडलाइन्स बनाने के निर्देश दिए हैं।

ट्रंप का कहना है कि यह कानून अमरिकी कंपनियों के लिए 'एक आपदा' है। ट्रंप का कहना है कि जब अन्य देशों की कंपनियां आसानी से रिश्वत देकर व्यापार कर रही है ऐसे में यह कानून अमरिकी व्यापारियों को वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्द्धा में कमजोर बना रहा है। ट्रंप ने इस कानून को 'जिम्मी कार्टर की बेकार योजना' बताया और कहा कि इससे अमेरिकी कंपनियों को बड़ा नुकसान हो रहा है। अब अमरीकी कंपनियों के खिलाफ एफसीपीए के तहत मुकदमे दर्ज नहीं किए जाएंगे। यानी अब अमेरिकी कंपनियां विदेशी अधिकारियों को रिश्वत देकर अपने सौदे पक्के कर सकती हैं।

अमरीकी राष्ट्रपति इस समय महाशक्ति होने के नाते दुनिया के सामने स्वयं को आदर्श के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय व्यापार और व्यवसाय के क्षेत्र में अपने देश का वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं, अपने इन प्रयासों के तहत वे अपने देश के व्यापारियों को आश्वस्त कर रहे हैं कि अगर वे दुनिया के अन्य देशों में रिश्वत देकर व्यवसाय हासिल करते हैं तो उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। ट्रम्प के इस निर्णय का सीधा-सीधा संकेत समझा जा सकता है कि रिश्वतखोरी और रिश्वतखोरों को सुधारा नहीं जा सकता, इसलिए रिश्वत-रिश्वतखोरी-रिश्वतखोरों का रोना रोने से अच्छा है कि रिश्वत को मान्यता ही दे दी जाए।

ट्रम्प के इस ट्रम्प कार्ड ने बिटवीन द लाइन्स बहुत सारी बात कह दी है। जो लोग रिश्वत खाकर खुद को व्हाइट कॉलर होने का दिखावा करते हैं, उन पर भी सीधी-सीधी चोट कर दी गई है। महाशक्ति ने स्वीकार कर लिया है कि रिश्वतखोरी होती ही है, ऐसे में कोई दिखावा करने वाली बात है ही नहीं। आम जनता तो बोलती ही है, अब संवैधानिक पद पर चुने हुए नेता भी बोल रहे हैं तो उसके मायने साफ हैं, डील अब सीधी-सीधी कर लो। ट्रम्प के संकेत स्पष्ट हैं कि सारे काम इसी तरह हो रहे हैं, फिर शर्माना कैसा।

लेकिन, ट्रम्प ने अपने देश के व्यापारियों को रिश्वत का ट्रम्प कार्ड अमरीका से बाहर खेलने के संकेत दिए हैं। अमरीका के भीतर रिश्वतखोरी को ट्रम्प शायद ही बर्दाश्त करें। इसकी बानगी उनके पीछे-पीछे आए मस्क के बयान से भी समझी जा सकती है। अमरीका में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) के प्रमुख एलन मस्क ने ट्रम्प के रिश्वत वाले निर्णय के एक दिन बाद व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार पर हावी नौकरशाही को कठघरे में खड़ा किया। मस्क ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार के स्थान पर वास्तव में ब्यूरोक्रेसी सरकार चलाती रही है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बाद पावरफुल माने जाने वाले एलन मस्क का यह बयान भी बड़े संकेत दे गया है। जब अमरीका में ही शीर्ष नेतृत्व ने ब्यूरोक्रेसी को लेकर ऐसी धारणा बयां की है, तब अन्य देशों की स्थिति पर चर्चा शुरू होनी ही है। अब तक आम आदमी ही पीड़ा में इस तरह की बातें करता रहा है, इस देश को जनप्रतिनिधि नहीं बल्कि ईस्ट इंडिया कम्पनी के बाद आईएएस और आरएएस नाम की कम्पनियां चला रही हैं। रियासतकाल में सिर्फ 565 रियासतों के राजा ही वीआईपी होते थे, अब तो हर छोटा-मोटा अफसर वीआईपी है। अफसर तो अफसर, उनका परिवार भी वीआईपी ही होता है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है किसी बड़े मंदिर में लगी दर्शनार्थियों की कतार के बीच अफसरों के परिवारजनों का पुलिस सुरक्षा में बेधड़क आगे पहुंच जाना। आम आदमी यह नजारा आए दिन देखता है।

शायद इन्हीं परिस्थितियों को विश्व की महाशक्ति के नेताओं ने समझा और रिश्वतखोरी और नौकरशाही को चर्चा के केन्द्र में ला दिया है। समझना मुश्किल नहीं है कि अब रिश्वतखोर को आम आदमी खुलेआम भ्रष्ट कह दे तो आश्चर्य नहीं होगा, आम आदमी यह तर्क दे सकता है कि भई, कष्ट क्यों हो रहा है, अब तो अमरीका ने खुले आम रिश्वत देने की बात कह दी है। अब तक अंडर द टेबल की इबारत यूज की जाती थी, अब तो टेबल के ऊपर ही डील हो जाएगी। लेकिन, ऊपर द टेबल में मजा यह भी आ सकता है कि रिश्वत की बोली लगे। मसलन किसी ठेके को लेने के लिए न्यूनतम रिश्वत निर्धारित कर दी जाए और उसके बाद ठेका प्राप्त करने के इच्छुक आवेदक उसके ऊपर बोली लगाएं, जिसकी सबसे ज्यादा होगी, उसे ठेका दे दिया जाएगा।

वैसे, यदि इस परम्परा को ओपन करने के साथ अधिकतम बोली को कार्यादेश की अनुमानित लागत में अतिरिक्त जोड़ने की नीति बना ली जाए तो और भी अच्छा रहेगा, कम से कम किए जाने वाली कार्य की गुणवत्ता बरकरार रहेगी। इससे अब तक जो जनतो को दोहरा नुकसान हो रहा था वह नहीं होगा।

दोहरे नुकसान को भी समझ लीजिये। कहावत तो सुनी ही होगी, तेल तो तिलों में से ही निकलता है। रिश्वत देने वाला कार्य की गुणवत्ता के साथ समझौता करके ही इसकी भरपाई करता था। रिश्वत भी जनता के आयकर से दिया जाने वाला हिस्सा होती है और उसी आयकर से बनने वाली सड़क, पुल या अन्य वस्तु की गुणवत्ता में समझौता भी जनता ही भुगतती है। अब यदि, रिश्वत को ओपन डोमेन में ला दिया जाए और अनुमानित लागत में जोड़ने का प्रावधान कर दिया जाए तो गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं होगा और जनता को रिश्वत और गुणवत्ता दोनों के बजाय सिर्फ रिश्वत का ही भार झेलना होगा।

ट्रम्प एक महाशक्ति का नेतृत्व कर रहे हैं और उन्होंने कोई भी बात ऐसे ही नहीं कह दी होगी। साफ जाहिर है कि उन्हें पता होगा कि वेतन और रिश्वतखोरी में क्या अंतर्सम्बंध हैं। अचानक कोई सामान्य से सरकारी वेतन वाला कुछ ही वर्षों में एसयूवी, बंगले का मालिक कैसे बन रहा है। कैसे एक सामान्य से सरकारी वेतन वाले के बच्चे लाखों की फीस वाले महंगे स्कूलों में पढ़ रहे हैं। बात इतनी ही नहीं है, संवैधानिक नियमावली की पालना करना सामान्य नागरिक का ही कर्तव्य बन गया है, सरकारी कार्मिक से लेकर सरकार तक के पास उस नियमावली में गली निकालने की पूरी छूट है। और तो और अब पब्लिक डोमेन में विजिलेंस डिपार्टमेंट पर ही एक और गोपनीय विजिलेंस विभाग की आवश्यकता की बातें होने लगी है, लेकिन नैतिकता की गारंटी यहां भी कहां है?

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रम्प और एलन मस्क के रिश्वत व हावी ब्यूरोक्रेसी पर बयानों को सामान्य समझने की भूल नहीं करनी चाहिए। यह रिश्वतखोरी और नौकरशाही पर बड़ा प्रहार साबित हो या न हो, भारत जैसे देशों के लिए यह आंखें खोलने का वक्त है। भारत में भी रिश्वतखोरी के मामलों की कोई कमी नहीं है। यदि अमरीकी कम्पनियों को छूट मिल गई है तो वे भारत में भी रिश्वत देकर अपना काम निकालने का प्रयास करेंगी ही, ऐसे में अगर भारत में भी ऐसे कानूनों को कमजोर किया गया, तो भ्रष्टाचार बढ़ने की आशंका के साथ देश के व्यापार जगत को नुकसान के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे जैसी स्थिति बन सकती है। यूरोपीय संघ ने भी इस फैसले की आलोचना की है और कहा कि यह वैश्विक व्यापार के लिए खतरनाक हो सकता है।

इस पूरे प्रकरण से भी यदि वैश्विक स्तर पर रिश्वतखोरी के खिलाफ नौकरशाही में नैतिकता जाग जाए तो बेहतर है, इस पर वृहद चर्चा का समय आ गया है। आम आदमी भी यही चाहता है कि रिश्वतखोरी और इंस्पेक्टर राज पर सरकार बोलने वालों को अभयदान दे, वर्ना सिर्फ भारत ही नहीं, दुनिया के कई देशों के व्यापार और राष्ट्रीय सुरक्षा में सेंध लगते देर नहीं लगेगी।

साहित्य



## सपनों का शहर

**ज्योति कुंदर**

कहते हैं यहाँ सपने बिकते हैं
उम्मीदों, हसरतों, ख्वाहिशों के
अच्छे दाम मिलते हैं
कोई किसी से कुछ नहीं कहता
लाख चाहे हो दम घुटता
अपने दायरों में यूं सिमट कर
रहते हैं
भूले से मुस्कुरा दें तो खता
समझते हैं
सपनों के बोझ तले, ये शहर दम
तोड़ रहा है
भर गई हैं तमाम सड़कें इस कदर
आसमान में भी आरक्षण हो रहा है





## राशिफल

**मेषः-** आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**वृषभः-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**मिथुनः-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्कः-** शरीर और मन में बेचौनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद-विवाद से दूर रहें।

**सिंहः-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

**कन्याः-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफ से लाभ होगा।

**तुलाः-** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी।

**वृश्चिकः-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

**धनुः-** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकरः-** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी।

**कुंभः-** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीनः-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

# धरती पर 'मिनी सूरज' उगाने का संकल्प

*अपराजिता*

हाल ही में अपनी फ्रांस यात्रा के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल थर्मो न्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर (आईटीईआर), यानी दुनिया के उस प्रोजेक्ट को देखने गए, जिसके तहत धरती में कृत्रिम 'मिनी सूरज' बनाने की कोशिश हो रही है। यह कोशिश दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक मिलकर कर रहे हैं, जिनमें भारतीय भी हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस प्रोजेक्ट को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ देखने गए थे। उल्लेखनीय है कि भारत भी तो इस प्रोजेक्ट का एक अहम हिस्सेदार है। हम न केवल इस प्रोजेक्ट की लागत में हिस्सेदारी कर रहे हैं बल्कि हमारे कई वैज्ञानिक इस प्रोजेक्ट की कोर टीम का हिस्सा हैं। दरअसल सूरज में जिस प्रक्रिया से ऊर्जा उत्पन्न होती है, इस प्रोजेक्ट का मकसद उसी प्रक्रिया से बिजली उत्पन्न करना है। एक तरह से वैज्ञानिक धरती में कृत्रिम 'मिनी सूरज' बनाने की कोशिश कर रहे हैं। यह अब तक का दुनिया का सबसे महंगा और महत्वाकांक्षी एक्सपेरिमेंटल प्रोजेक्ट है,जो अगर सफल हुआ तो असीमित मात्रा में बिजली पैदा करेगा।

इस प्रोजेक्ट के तहत दुनिया की सबसे बड़ी 'टोकामक' बनायी जा रही है। टोकामक रशियन शब्द है जिसका मतलब एक ऐसी मशीन है,जिसका इस्तेमाल परमाणु संलयन से ऊर्जा पाने के लिए किया जाता है। वास्तव में यह एक प्रायोगिक डिवाइस है, इसमें चुंबकीय क्षेत्र का इस्तेमाल करके प्लाज्मा को 'डोनट' के आकार में सीमित कर दिया जाता है। इस आकार को वैज्ञानिकों की भाषा में टोरस कहते हैं। यह वैक्यूम वेसल 'सुपरकंडक्टिंग मैग्नेट' होता है। टोकामक में गरम प्लाज्मा को एक निश्चित आयतन में बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया होता है। टोकामक में बनी ऊर्जा बर्तन की दीवारों में गर्मी के रूप में अवशोषित होती है। इसे थर्मल इन्सुलेशन के लिए बड़े क्रायोस्टेट में रखा जाता है। अनुमान है कि प्रोजेक्ट के सफल होने पर इस पावर प्लांट से 500 मेगावाट न्यूक्लियर एनर्जी का उत्पादन किया जाएगा।

दुनिया के इस सबसे बड़े एक्सपेरिमेंटल प्रोजेक्ट आईटीईआर की शुरुआत साल 2006 में फ्रांस के राष्ट्रपति भवन में हुई, जहां दुनिया के सात देश इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर साथ-साथ काम करने को राजी हुए। ये देश थे- अमेरिका, यूरोपीय यूनियन, रूस, चीन, भारत और दक्षिण कोरिया। आज इस प्रोजेक्ट में 30 देश अपना योगदान दे रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य है न्यूक्लियर फ्यूजन यानी परमाणु संलयन में महारत हासिल करना।

न्यूक्लियर फ्यूजन सूर्य और बाकी तारों में होने वाली एक प्रक्रिया है, जिससे उनमें गर्मी पैदा होती है। लेकिन पृथ्वी पर न्यूक्लियर फ्यूजन की नकल करके एक मिनी सूरज बना लेना बेहद मुश्किल है। लेकिन यदि ऐसा हो गया तो फिर हमें असीमित मात्रा में ऊर्जा मिल सकती है। साथ ही यह ऊर्जा जीवाश्म ईंधन की तरह ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन भी नहीं करेगी। न्यूक्लियर फ्यूजन में किसी तरह का रेडियोएक्टिव कचरा नहीं निकलता। इस मिनी सूरज प्रोजेक्ट का सात सालों तक नेतृत्व करने वाले फ्रांस के बर्नार्ड बिगोट ने एक बार कहा था, 'हम यहां जो करने की कोशिश कर रहे हैं, अगर उसमें सफल रहे यानी मिनी सूरज बना लिया तो फिर इंसान द्वारा बनाया गया यह सूरज कभी नहीं डूबेगा यानी यह 'फ्यूजन पावर प्लांट' हर समय चलता रहेगा।'

इस प्रोजेक्ट के तहत जो एक मिनी सूरज बनाया जा रहा है, उसमें असीमित ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए दो हाइड्रोजन परमाणुओं को बहुत अधिक वेग से एक दूसरे की तरफ धकेला जाता है, इससे ये दोनों जुड़कर हीलियम परमाणु बनाते हैं। साथ ही इस दौरान न्यूट्रॉन भी बनता है, जिससे अत्यधिक मात्रा में ऊर्जा निकलती है।

प्रोजेक्ट के विशेषज्ञों का मानना है कि फ्यूजन एनर्जी पैदा करना मुश्किल नहीं है, इसे लगातार बनाए रखना मुश्किल है। आईटीईआर प्रोजेक्ट का आकार इतना बड़ा है, जिसमें 39 बड़ी इमारतें बन सकती हैं। साइट पर मौजूद वैज्ञानिकों का कहना है कि न्यूक्लियर फ्यूजन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली डिवाइस टोकामक का वजन 23,000 टन है। यह वजन तीन एफिल टावर के संयुक्त वजन के बराबर है। इस रिएक्टर में दस लाख घटक शामिल हैं, जो कम से कम एक करोड़ छोटे भागों में बंटे हुए हैं। रिएक्टर में लगभग 4,500 कंपनियों से जुड़े सैकड़ों वैज्ञानिक और कर्मचारी दिन-रात काम कर रहे हैं। शुरु में प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत करीब 5 अरब डॉलर थी लेकिन समय के साथ यह बढ़कर 22 अरब डॉलर हुई मगर अब अमेरिका के ऊर्जा विभाग का अनुमान है कि प्रोजेक्ट की कीमत 65 अरब डॉलर तक हो सकती है। इसे दुनिया का सबसे मंहगा वैज्ञानिक प्रोजेक्ट कहा जा रहा है। पहले माना जा रहा था कि प्रोजेक्ट 2020 तक पूरा हो जाएगा लेकिन जुलाई 2024 तक रिएक्टर सिर्फ पूरी तरह से असेंबल हो पाया था। अब वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 2039 तक यह प्रोजेक्ट काम करना शुरू कर सकता है। भारत इस प्रोजेक्ट में 10 प्रतिशत खर्च की जिम्मेदारी उठा रहा है व 17,500 करोड़ रुपए देने का वादा किया है। साथ ही करीब 25 से 30 भारतीय वैज्ञानिक हमेशा इस प्रोजेक्ट में मौजूद होते हैं।

यूरोपीय संघ प्रोजेक्ट की लागत का 45 प्रतिशत खर्च उठा रहा है। हमारा इस मायने में एक और अहम योगदान है कि रिएक्टर को ठंडा करने के लिए जिस 'क्रायोस्टेट फ्रीजर' का इस्तेमाल हो रहा है, उसे हमारी लार्सन एंड टुब्रो कंपनी ने ही बनाया है। यह दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा फ्रीजर है। इससे रिएक्टर को-193 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा किया जायेगा। क्रायोस्टेट 54 यूनिट्स से मिलकर बना है, इसे 2020 में फ्रांस भेजा गया था। इस क्रायोस्टेट का वजन 3,800 टन है और इसकी ऊंचाई कुतुब मीनार की आधी है। इस फ्रीजर की वजह से इस 'न्यूक्लियर फ्यूजन टेक्नोलॉजी' में हमें 100 फीसद तक एक्सेस मिल रही है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से, तैयारियां पूर्ण

**कुलपहाड़ महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं आज 24 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। इन परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारियां कल ली है, तो वहीं परीक्षा केंद्र पर भी केंद्र प्रभारी द्वारा शासन के दिशा निर्देशानुसार सभी तैयारियां दुरूस्त कर ली है।

बता दें कि सोमवार से प्रारंभ होने वाली उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षाओं के लिए नगर में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्र जनतंत्र इंटर कॉलेज में 813 परीक्षार्थी, तो वहीं परीक्षा केंद्र जीबी इस्लामिया इंटर कॉलेज में 783 परीक्षार्थीयों को दोनों पालियों में परीक्षा में बैठने की तैयारी की गई है। परीक्षा केंद्र जनतंत्र इंटर कॉलेज में हाई स्कूल के राजकीय माध्यमिक विद्यालय रावतपुरा, एसपी सिंह माध्यमिक विद्यालय लाड़पुर, चिंतामणि हाई स्कूल कुलपहाड़, अटल ज्योति इंटर कॉलेज जैतपुर व जनतंत्र इंटर कॉलेज के स्थानीय हाई स्कूल के 454 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठेंगे। इसी प्रकार इंटरमीडिएट की दूसरी पाली में होने वाली परीक्षा में राजकीय इंटर कॉलेज जैतपुर, अटल ज्योति इंटर कॉलेज जैतपुर एवं जनतंत्र इंटर कॉलेज के 359 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। यहां केंद्र प्रभारी प्रकाश चंद्र यादव व अतिरिक्त परीक्षा प्रभारी रणधीर सिंह राणा अजनर को बनाया गया है। इसी प्रकार नगर के जीबी इस्लामिया इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर हाई स्कूल के हर वंश राठौर इंटर कॉलेज जैतपुर, राजकीय इंटर कॉलेज जैतपुर सहित जीबी इस्लामिया हाई स्कूल के 399 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

इसी प्रकार इंटरमीडिएट दूसरी पाली में संपन्न होने वाली परीक्षा में अटल ज्योति इंटर कॉलेज जैतपुर, राजकीय इंटर कॉलेज सुगिरा, राजकीय इंटर कॉलेज जैतपुर सहित 384 परीक्षार्थी के सम्मिलित होने की संभावना है। इस परीक्षा केंद्र पर परीक्षा केंद्र प्रभारी प्रधानाचार्य एजाज अहमद खान एवं अतिरिक्त परीक्षा प्रभारी राखी सक्सेना कुलपहाड़ को बनाया गया है। परीक्षा केंद्र अध्यक्ष ने बताया है कि आज शुरू होने वाली यूपी बोर्ड की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शासन के निर्देशानुसार बोर्ड परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में आयोजित कराई जा रही है। वहीं उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद ने बताया कि यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही निरीक्षण कर बिजली, पानी, सीसीटीवी कैमरे आदि व्यवस्थाओं चौक किया गया और जो भी कमियां पाई गई, उन्हें दुरुस्त कराया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्ट्रांग रूम की स्थापना के साथ स्टेटिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त केन्द्र अध्यक्ष को चाबी सौंपते हुए नकलविहीन परीक्षाएं सम्पन्न कराने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** दुर्घटना में घायल युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। क्षेत्र के रतौली गांव निवासी सुरेंद्र (28) शुक्रवार की शाम गांव के निकट सिद्ध बाबा स्थान के पास देर शाम अंधेरा हो जाने पर साइकिल से रोड पर जा रहे युवक को बचाने के लिए अपनी बाइक के दोनों ब्रेक लगा दिया जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और सड़क पर गिर घायल हो गया। परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां युवक की मौत हो गई वहीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कारवाई की। परिजनों ने मृतक अंतिम संस्कार कर दिया।

## मृतक रवि यादव के परिवारीजन लखनऊ जाकर पूर्व सीएम अखिलेश यादव से मिले

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** थाना सजेती के ग्राम घना माती रामपुर माजरा कोटरा - मकरंदपुर में विगत दिनों हुए रवि हत्याकांड का संज्ञान लेते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित परिजनों से मुलाक़ात की तथा हर सम्भव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया इस दौरान मुलाक़ात करने में सपा नेता प्रवीण पंकज ,दीपू यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख, रवि यादव के चाचा रामनरेश यादव उर्फ चेला व अमर बहादुर रहे साथ ही अखिलेश यादव ने कहा कि सामाजिक सदभाव को बनाकर समाज के सभी लोगों के साथ खड़े रहने के लिए कहा मालुम हो कि मृतक के परिजन लखनऊ



जाकर पार्टी कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिले थे और घटना की जानकारी दी थी, वही इंडियन रिफ़ॉर्म ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गगन यादव ने पीड़ित परिजनों से गांव पहुँच कर मुलाक़ात की व रवि के पिता देवनारायण माता आदि को सांत्वना दी साथ ही हर सम्भव सहयोग करने का भरोसा दिलाया इस दौरान हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### इण्टर की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के कैथी गांव में एक इंटरमीडिएट की छात्रा ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह राम किशोर प्रजापति की बेटी इण्टर की छात्रा पूर्ति (19) अपनी बहन के साथ घर में थी मां पुष्पा प्रजापति अपने बेटे के साथ मायके ग्राम इचौली गई थी सुबह छात्रा पूर्ति की बहन पशुओं को चारा पानी देने के लिए पशुबाड़ा चली गई थी घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था पूर्ति का शव फांसी के फंदे से झूल रहा था यह देख परिवार में कोहराम मच गया।

### सोना दोगुना कहकर महिला टप्पेबाजों ने लाखों के जेवर किये पार, पुलिस जांच में जुटी

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर में सक्रिय टप्पेबाजी करने वाली महिलाओं के गिरोह ने कई महिलाओं के घर पहुंच कर सोने के जेवरों को दुगनी करने की स्कीम बता लगभग लाखों रुपए का जेवरात पार कर दिए। समय सीमा खत्म होने के बाद वापस जेवरात न मिलने पर परेशान महिलाओं ने थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। नगर में इस समय महिला टप्पेबाज का गिरोह सक्रिय है जो गरीब तबके की महिलाओं के घर पहुंच अपनी बातों में फंसा कर उनके जेवरात को दुगना करने के स्कीम बढ़कर चूना लगाने का काम कर रही हैं तो वही हुसैनगंज मोहल्ला साजन तालाब के पास तीन घरों में महिलाओं ने लगभग 3.50 लाख रुपए की जेवरात लेकर चंपत हो गई स्कीम के अनुसार जब अगले दिन टप्पेबाज महिला जेवरात लेकर नहीं आई तो परेसान होकर गुड़िया पत्नी सुनील कुमार पिंकी पति राम खिलावन व मीनाक्षी पति प्रमोद कुमार निवासी हुसैन गंज साजन तालाब ने बताया की दो महिलाएं जो अपना नाम पिंकी व गीता बता रही थी उन्होंने कहा की जो सोने जेवर आप हमें दोगी तो हम आपके जेवर के साथ 50 हजार रुपये के साथ आपको वापस करेंगे उनकी बातों के झांसे में आकर पीड़ित महिलाओं ने अपनी सोने की झुमकी मंगलसूत्र झाला सोने का लॉकेट सहित अन्य चांदी के जेवरात उन्हें दे दिया।

### दबंग ने घर में घुसकर मां-बेटी को मारापीटा, पुलिस से शिकायत

**राठ(हमीरपुर)।** सूनसान घर पाकर एक दबंग युवक घर में घुसकर मां-बेटी के साथ मारपीट की पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। कोतवाली के कुर्रा गांव निवासी रेखा पत्नी ओमप्रकाश ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे रात वह व उसकी पुत्री रीतू दोनों घर में अकेली थी। उसी समय गांव का उमेश राजपूत आया और रात में उसके गेट खटखटाने लगा। जब उसने गेट नहीं खोले तो दीवार फांदकर मकान के अंदर घुस गया और रात भर सीढ़ियों में बैठा रहा। बताया कि सीढ़ियों का गेट बंद था तो घर के अन्दर नहीं आ पाया। युवक लूटपाट व डकैती के अपराध में 2 महीने से फरारी काट रहा है। सुबह होते ही जब उसने जीना के गेट खोला तो उक्त युवक घर के अंदर घुस गया।

## कोरी समाज महासंस्थान के बैनर तले संग गाडगे व संत रविदास की मनायी गयी जयंती



**हमीरपुर।** कोरी समाज महासंस्थान कार्यालय में सन्त गाडगे बाबा जी व सन्त रविदास की सयुक्त रूप से जयन्ती रविवार को मनाई गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा सुरेश कोरी प्रदेश अध्यक्ष रहे कार्यक्रम का संचालन रामहेत अनुरागी ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश चंद्र ने की कार्यकर्म के मुख्य अतिथि सुरेश कोरी ने बताया कि सन्त गाडगे जी का जन्म महाराष्ट्र के अमरावती जिला में 23 फरवरी 1876 में हुआ था और सन्त रविदास का जन्म 12 फरवरी 1377में हुआ था। गाडगे जी स्वछता के प्रतीक थे भारत के पहले ब्यक्ति थे जो स्वच्छता आंदोलन चलाया था और जातिवाद अंध्विश्वास के प्रति जागरुक किया और गरीब दलित लोगों की मदद करते थे और गाडगे जी ने विद्यालय अस्पताल छात्रावास धर्मशाला दान लेकर बनवाये जब कि खुद के लिये एक कुटिया नहीं बनवाई और पूरा जीवन समाज सेवा में गुजार दिया। जिला अध्यक्ष रामबहादुर नयन जी ने कहा सभी समाज को एक जुट रहना है और सभी को आभार प्रकट किया इस कार्यक्रम में रामबहादुर नयन, रमेश चंद्र, शिव चन्द, चंद्रभान वर्मा, भगवान दास कोषाध्यक्ष, राजकुमार अनुरागी, विजय लक्ष्मी, गीता कुटार किरन देवी, राकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जीवन संघर्षमय, आने वाली पीढ़ियों के लिये प्रेरणा: रामशंकर कुरील

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शनिवार बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में एक दिवसीय सेक्टर स्तरीय कैडर कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रुप मे पधारे मुख्य मंडल प्रभारी रामशंकर कुरील, ने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को एक संघर्ष शील एव गरीबो की मसीहा बताते हुए कहा कि आने वाले समय में वो लोगो की प्रेरणा श्रोत बनेगी, विशिष्ट अतिथि मुख्य मंडल प्रभारी रमेश कुमार कमल, बूथ सेक्टर कमेटियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, आदि सोशलमीडियो द्वारा सेक्टर बूथ गली मोहल्ले मे पहुंचाए बहुजन समाज में जन्मे सन्तों, गुरु, महापुरुषों के जीवन संघर्षों को साथ ही माननीय बहन जी के त्याग, जीवन संघषों जैसे उस समय हमारी बहन और बेटियां घर से बाहर




नहीं निकल पाती थी तब हम सबकी नेता माननीय बहन कु मायावती घर परिवार को छोड़कर दिल्ली के करोलबाग स्थित बामसेफ के दफ्तर में रहकर पूरे देश मे दिन रात एक कर छोटी द्दछोटी नुक्कड़ सभाएं करके बहुजन मऊ मुवमेंट को आगे बढा रही थी, देश की सबसे बडे प्रदेश उत्तर प्रदेश में बसपा सरकार में माननीय बहन जी द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजना जनद्दजन तक पहुचीं पिछ्ली कई दशकों से लंबित पड़ी एससी/एसटी, ओबीसी की लाखों नौकरियों को बैकलाग से पुरा किया आज आम जनता महंगाई की मार झेल रही है रोजगार के अवसर न होने से युवा दर- दर की ठोकर खा रहा है सेक्टर बूथ कमेटियों की समीक्षा करते हुए इस मौके पर जिला प्रभारी सुरेन्द्र संखवार, जिला प्रभारी राजू कुरील, संजय कुमार संखवार विधानसभा अध्यक्ष, महासचिव बलवान सिंह कठेरिया, संयोजक रामकमल, रामकृष्ण, सेक्टर अध्यक्ष रामऔतार संखवार, अवधेश कुमार आदि कार्यकर्तागण मैजूद रहे।





रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 24.02.2025 (सोमवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयाग जं. | 21:50 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुलतानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | जफराबाद जं., मंड़ियाहूँ, जंघई जं, एवं फूलपुर स्टेशन |
| 04292 | लखनऊ जं. | 14:00 | प्रयाग जं. | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावां, रायबरेली जं., ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुलतानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04527 | फाफामऊ जं. | 22:30 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | रायबरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., रुड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, चंडीगढ़, मोरिंडा, रुपनगर, आनन्दपुर साहिब, नांगल डैम एवं ऊना हिमाचल स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ जं., बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं. एवं हरिद्वार जं. स्टेशन |
| 04614 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ जं., बरेली जं., मुरादाबाद जं., रूड़की, सहारनपुर जं., अम्बाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 08254 | वाराणसी जं. | 10:50 | बिलासपुर जं. | 10:40 | चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., राज नंदगांव, दुर्ग एवं रायपुर जं. स्टेशन |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02422 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 07384 | वाराणसी जं. | 05:00 | एसएसएस हुब्बल्लि जं. | 00:45 | चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर जं., पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, भुसावल जं., मनमाड जं., कोपरगांव, अहमदनगर, दौंड कॉर्ड लाइन, पुणे जं., सतारा, कराड, किर्लोस्करवाडी, सांगली, मिराज जं.,कुडची, रायबाग, घाटप्रभा, गोकक रोड, बेलगावि, खानापुर, लोंडा जं., अलनावर जं. एवं धारवाड़ स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुलतानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं., औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05312 | काठगोदाम | 13:50 | झूँसी जं. | 13:00 | हल्द्वानी, लालकुआँ जं., किच्छा, बहेड़ी, भोजीपुरा जं., पीलीभीत जं., पूरनपुर, मैलानी जं., गोला गोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 05314 | कासगंज | 19:50 | झूँसी जं. | 17:45 | सोरों शूकर क्षेत्र, उझानी, बदायूँ, बरेली जं., बरेली शहर, इज्जतनगर जं., भोजीपुरा जं., पीलीभीत जं., पूरनपुर, मैलानी जं., गोला गोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूँसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूँसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 07108 | बनारस | 17:30 | विजयवाड़ा जं. | 05:30 | वाराणसी जं., काशी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., चन्दौली मझवार, भभुआ रोड, सासाराम जं., डेहरी ऑनसोन, सोन नगर जं., जपला, गढ़वा रोड जं., डालटनगंज, बरवाडीह जं., लातेहार, टोरी, बरकाकाना जं., मूरी जं., राँची जं., हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा जं., सम्बलपुर जं., बरगढ़ रोड, बलांगीर, टिटिलागढ़ जं., केसिंगा, मुनिगुड़ा, रायगड़, पार्वतीपुरम, बोब्बिलि जं., विजयनगरम जं., कोत्तवलसा जं., पेन्दुर्ति, दुव्वाडा, अनकापल्ली, एलमंचिलि, अन्नवरम, सामलकोट जं., राजमंड्री, निडढ़वोलु जं., ताडेपल्लिगूडेम एवं एलूरु स्टेशन |
| 04816 | पाटलिपुत्र | 04:30 | जोधपुर जं. | 13:40 | दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज जं., फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., अलीगढ जं., गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., महेंद्रगढ़, सतनाली, लोहारू, सादुलपुर जं., चूरू, रतनगढ़ जं., सुजानगढ़, लाडनूं, डीडवाना, छोटी खाटू, बड़ी खाटू, डेगाना जं., मेड़ता रोड जं. एवं गोटन स्टेशन |
| 03418 | झूँसी जं. | 19:15 | मालदा टाउन | 14;30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 03429 | मालदा टाउन | 20:45 | झूँसी जं. | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगाँव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं.,मोकामा जं., बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेन्द्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |

**दिनांक 25.02.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04222 | अयोध्या धाम जं. | 10:10 | प्रयाग जं. | 15:45 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुलतानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयाग जं. | 21:50 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुलतानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | जफराबाद जं., मंड़ियाहूँ, जंघई जं, एवं फूलपुर स्टेशन |
| 04292 | लखनऊ जं. | 14:00 | प्रयाग जं. | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावां, रायबरेली जं., ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुलतानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुलतानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं., औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05177 | गोरखपुर जं. | 15:00 | झूँसी जं. | 01:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05179 | गोरखपुर जं. | 10:30 | झूँसी जं. | 19:50 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05180 | झूँसी जं. | 23:00 | गोरखपुर जं. | 08:30 | |
| 05185 | गोरखपुर जं. | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी जं. स्टेशन |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी जं. | 02:25 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चिट बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05163 | थावे जं. | 15:30 | झूँसी जं. | 02:45 | गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मशरख जं., शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा जं., सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चिट बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी जं. स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी जं., मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 05159 | भटनी जं. | 21:00 | झूँसी जं. | 03:30 | पिवकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरती पार, बेलथरा रोड, गोबिंदपुर दुगली, कीड़िहरापुर, चकरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियां, सादात, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और हंडिया खास स्टेशन |
| 05311 | झूँसी जं. | 15:00 | काठगोदाम | 13:55 | बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., बहेड़ी, किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन |
| 05313 | झूँसी जं. | 19:45 | कासगंज | 18:00 | बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., इज्जतनगर जं., बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, उझानी एवं सोरों शूकर क्षेत्र स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूँसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूँसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 06007 | तिरूवनंतपुरम उत्तर | 14:00 | बनारस | 21:50 | कोल्लम जं., कायमकुलम जं., मावेलिक्करा, चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टयम, एरणाकुलम टाउन, आलुवा, तृश्शूर, पालक्काड जं., कोयम्बत्तूर जं., तिरुप्पूर, ईरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टै जं., काटपाडी जं., अरक्कोणम जं., पेरम्बूर, तिरुवोट्रियूर, गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 08587 | गोरखपुर जं. | 17:45 | विशाखपट्टणम | 15:55 | देवरिया सदर, मऊ जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी,,मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर जं., पेन्ड्रा रोड, बिलासपुर जं., चाँपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा रोड, सम्बलपुर सिटी, रेढ़ाखोल, बोइण्डा, अनुगुल, ढेंकानाल, नराज मार्थापुर, भुवनेश्वर, खोरधा रोड जं., बालुगाँव, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम रोड एवं विजयनगरम जं. स्टेशन |
| 03430 | झूँसी जं. | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई सन्त गाडगे की 149वीं जयन्ती

▸ वैज्ञानिक दृष्टिकोण के थे सन्त गाडगे, शिक्षा के लिए खोले विद्यालय, अनाथालय : जीपी कनौजिया

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सन्त गाडगे सेवा समिति द्वारा शहर के नावेल्टी लॉन में संत गाडगे महाराज की 149वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंती समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारी जीपी कनौजिया (आईपीएस) विशिष्ट अतिथि सेवा निवृत्त चिकित्साधिकारी नवल किशोर चौधरी, राम स्वरूप यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर अनिल कुमार, उच्च न्यायालय के अधिवक्ता परशुराम कनौजिया सहित अनेक गणमान्य लोगों ने सन्त गाडगे, बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर व तथागत बुद्ध के चित्र पर पुष्पांजलि, दीपांजलि करके किया गया।

समारोह में मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया वहीं मिशन गायिका अनीता भारती ने अपने गीतों से लोगों को शिक्षा संस्कार के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि जीपी कनौजिया ने कहा कि गाडगे महाराज एक समाज सुधारक थे जिन्होंने गरीबों और दलितों के बीच अज्ञानता, अंधविश्वास और अस्वच्छता के उन्मूलन के लिए काम किया। सन्त गाडगे जी कहा करते थे कि, एक महान संत वह है जो गरीबों, कमजोरों, अनाथों, विकलांगों की सेवा करते हैं। सन्त हमेशा वैज्ञानिक



दृष्टिकोण से बात करते थे,वे पोथी-पुराण, मंत्र-तंत्र, देवदेवस्की, चमत्कारों में विश्वास नहीं करते। वे सन्त हैं जिन्होंने मनुष्य में भगवान की तलाश की, धर्मशालाओं, अनाथालयों, आश्रमों और अनाथों के लिए विद्यालयों की शुरुआत विभिन्न स्थानों पर की। आज समाज को उनके पदचिन्हों पर कार्य करना चाहिए। प्रोफेसर अनिल कुमार ने कहा कि संत गाडगे, डॉ अम्बेडकर का समाज पर ऋण है, उस कर्ज को उतारने का हम सभी का फर्ज है। अधिवक्ता परशुराम कनौजिया ने कहा कि देश मे एक भी मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति का नहीं है, जबकि हमारी जनसंख्या में भागीदारी 24 प्रतिशत है। हम सभी को इस पर विचार करना चाहिए। वन निगम के पूर्व उपाध्यक्ष विजय कुमार गौतम ने कहा कि संत गाडगे जी वैज्ञानिक दृष्टिकोण के सन्त थे। उनका अभियान था कि गरीब बच्चों की शिक्षा में मदद करो, हर गरीब को शिक्षा देने में योगदान दो। सरकार को सन्तों के विचारों पर कार्य करना चाहिए। समाजसेवी रत्नेश कुमार ने संत गाडगे के चित्र पर पुष्पांजलि की और कहा कि गाडगे जी नशा, दुर्व्यसनों से दूर रहने के लिए हमेशा प्रेरित किया है। लोगों को उनके सन्देश को आत्मसात करना चाहिए। जयंती समारोह के आयोजक सन्त गाडगे सेवा समिति के अध्यक्ष आरपी कनौजिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और समाज को सन्त गाडगे की शिक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष राममूर्ति कनौजिया ने किया। समिति से सचिव मंशाराम कनौजिया, राम प्रगट कनौजिया, सुरेंद्र वीर विक्रम सिंह, सुधा कनौजिया, सुदेश कुमार आदि प्रमुख लोगों ने आयोजन में विशेष योगदान दिया।

इस अवसर पर संरक्षक इंजीनियर हर्षचंद्र, कोषाध्यक्ष तिलक राम कनौजिया, रामराज कनौजिया, सिद्धार्थ कनौजिया, पुष्पा चौधरी, सरस्वती देवी, धूपा देवी, मनीष कनौजिया, राम मनोहर सुंदरलाल कनौजिया पूर्व मैनेजर, वीरेंद्र सागर, डॉ भीमराव अम्बेडकर मेमोरियल सेवा समिति के महासचिव राम अवतार, अमरेश बहादुर, इंजीनियर संतलाल, प्रहलाद कनौजिया बदोसराय, मुकेश कनौजिया, आर डी कनौजिया, रंजीत बरदरी, राघवेंद्र कुमार सुमन, राम नवाज प्रधान सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे और आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग, दुकानें जलकर राख

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सफदरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा रामपुर कटरा मे शार्ट सर्किट से लगी आग से जनरल एव बुक स्टोर की दुकाने जल कर राख हो गयी भीषण आग को काबू पाने के लिए जब तक फायर ब्रिग्रेड की गाडी आती तब तक डेढ़ लाख की नगदी सहित 4 फ्रिजर, बैटरी पैनल मोबाईल आदि जल गये।

रविवार की सुबह करीब 9 बजे रामपुर कटरा स्थित कल्याणी नदी पुल के निकट स्थित ताजुद्दीन पुत्र मोहम्मद आमीन की जनरल स्टोर की दुकान से अचानक आग की लपटे निकलने लगी लोग आग को बुझाने के लिए दौड़ते कि इससे पहले आग की लपटे बगल मे ही स्थित ताजुद्दीन की दूसरी बुक स्टोर की भी दुकान को अपने आगोस मे ले लिया और देखते ही देखते दोनो दुकाने आग का गोला बन गयी। ग्रामीणों के तमाम प्रयासों के बाद भी काबू न मिलने पर पहुंची फायर ब्रिग्रेड की गाडी ने अथक प्रयास कर आग को बुझाया तब तक दुकान मे रखी डेढ़ लाख की नगदी सहित 4 फ्रिजर, बैटरा पैनल, 4 सीसीटीवी कैमरा, 1 एल सी डी, मोबाईल सहित जनरल स्टोर का सामान व बुक स्टोर की सामग्री जलकर राख हो गयी। आग मे करीब 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### शारदा नहर पटरी पर डंप किया जा रहा कूड़ा, कूड़े में लगी आग से जलकर पेड़ विद्युत लाइन पर गिरा



**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र अन्तर्गत नगर पंचायत फतेहपुर के सफाई कर्मचारियो द्वारा शारदा सहायक नहर स्थित जरखा पुल नहर की पटरी पर लगातार कूडा ढेर करने से ढेरों लगे कूड़े में कही से आग लग गई।जिससे एक पेड़ बेलहरा लाइन पर गिरकर उसे बाधित कर दिया और कई गांवों की बिजली गुल हो गई।जानकारी के अनुसार कस्बा फतेहपुर नगर पंचायत सफाई कर्मी सही स्थान पर कूड़ा न पहुंचा कर जरखा पुल के निकट सारदा नहर की पटरी पर कूड़ा ढेर कर देते है।उसी कूड़ो के ढेर मे कहीं से आग लग गई।आग के बढ़ने से एक पेड़ चपेट में आकर जो वहां पर निकली हुई ग्यारह हजार बेलहरा लाइन पर गिर गया।जिससे कई गांवों की बिजली शनिवार शाम से बाधित हो गई।विद्युत विभाग के कर्मचारी शनिवार पूरा दिन कार्य करने व बडी मशक्कत के बाद भी चौबीस घंटे तक सप्लाई नहीं चला पाए।एसडीओ शम्भू नाथ ने बताया की लाइन पर पेड गिर गया था इससे सप्लाई बाधित हो गई है काम चल रहा है।

### नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 50 रुपये में उपलब्ध कराए गए चश्मा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** रामपुर भवानीपुर में शेख फाउंडेशन के तत्वाधान में ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों को कई नि:शुल्क सुविधाएं मिली इनमें आंखों की जांच, डॉक्टर परामर्श, मोतियाबिंद सर्जरी, और कटे होठ व तालु की सर्जरी जांच शामिल हैं।विशेष रूप से, चश्मा मात्र 50 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नियाज खान अपनी टीम के साथ मरीजों की जांच करेंगे। टीम में लवकुश चौधरी और डॉ. राम खेलावन भी शामिल हुए। कैम्प का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद नियाज अंसारी ने करते हुए कहा कि आंखें ईश्वर का अनमोल तोहफा हैं। उन्होंने आंखों की नियमित जांच के महत्व पर जोर दिया। उनके अनुसार, समय पर जांच और देखभाल से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।शिविर का संचालन ग्राम प्रधान गजाला खातून की देखरेख में किया।

### सफाई कर्मी की तैनाती न होने से गांव में लगा गन्दगी का अंबार

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मिर्जापुर मे लगभग दो महीने से किसी सफाईकर्मी की तैनाती न होने से गांव की नालियां में कूड़ा करकट व गन्दगी का अम्बार है।जानकारी के अनुसार ग्रामीणो ने बताया कि ग्राम पंचायत मिर्जापुर की जो सफाईकर्मी तैनात थी कि मृत्यु लगभग दो माह पूर्व हो गई थी।तब से ग्राम पंचायत में कोई सफाई कर्मी ड्युटी पर नहीं आता है जो साफ सफाई का कार्य करे। इसलिए पूरे गांव की नालियो मे कूडा करकट सब भर के जाम हो गई है।ग्रामवासी स्वयं अपने अपने दरवाजे पर नाली सफाई का करने पर मजबूर हैं।सम्बारी लाल गौतम की पत्नी ने बताया चार दिन पहले हमने अपने सहन के सामने की रोड की नाली साफ की थी कूडा सूखा नहीं था इसलिए अभी नहीं फेंका है।एडीओ पंचायत दूर्गा पाण्डेय ने बताया मिर्जापुर की सफाई कर्मी की मृत्यु हो गई थी।प्रधान के माध्यम से एक बार सफाई कर्मीयों की टीम भेज कर सफाई कार्य करवाया गया था।दूसरी नियुक्त के लिए जिले पर प्रपोजल भेजा जा चुका है।

# स्कूटर सवार से टकराई मिट्टी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, दो लोग घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

लोनी कटरा थाना क्षेत्र में लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे रेलवे ओवर ब्रिज के पास एक दुर्घटना हो गई। मिट्टी से भरा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर स्कूटर से टकरा गया। इस हादसे में स्कूटर पर सवार दो बुजुर्ग घायल हो गए।

घटना में घायल हुए भिलवल के रहने वाले अखबर अली और नन्हा मुंशी अपने स्कूटर (यूपी 32 सी 3969) पर घर जा रहे थे। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट का तेज रफ्तार ट्रैक्टर उनके स्कूटर से टकरा गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को त्रिवेदीगंज सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। दोनों घायलों का वहां इलाज चल रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दौमित्र सेन ने बताया कि स्टाफ को भेज कर जांच कराई जा रही है उसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# क्रिकेट अकादमी फरीदाबाद हरियाणा टीम बनी विजेता

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नियमित रूप से खेलते हुए अन्य खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का जो कार्य बाराबंकी क्रिकेट एसोसिएशन कर रही है वह अत्यंत सराहनीय जिस प्रकार बड़े-बड़े आयोजन बाराबंकी क्रिकेट एसोसिएशन लगातार कर रही है उससे जनपद के खिलाड़ियों में क्रिकेट के प्रति दिन प्रतिदिन उत्साह और लगाव बढ़ रहा है। यह उद्गार सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने बाबू केडी सिंह स्टेडियम मे क्रिकेट एसोसिएशन बाराबंकी द्वारा आयोजित 18वीं चौधरी आसिफ अली ऑल इंडिया प्राइस मनी क्रिकेट लीग 2025 के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये। श्री गोप ने इस



▸ क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ की टीम हुई उपविजेता, गोप एवं पुनिया ने सौंपी ट्राफी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद तनुज पुनिया के साथ टूर्नामेंट विजेता विजय यादव क्रिकेट अकादमी फरीदाबाद हरियाणा एवं उपविजेता क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के कप्तानों को ट्रॉफी सौंपा एवं क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले गणमान्य लोगों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि हार जीत खेल का अहम हिस्सा है आज जो हारा है कल जीतेगा क्योंकि खेल निरंतर सीखने के अवसर उपलब्ध कराता रहता है और सिखाने वाला एक न एक दिन अपनी मंजिल को पाही लेता है।आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों को प्रतीक चिन्ह गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर को बाराबंकी क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर अख्तर अजीज खान, महासचिव डॉक्टर चौधरी जावेद, टूर्नामेंट आयोजक अंकुर माथुर, डॉ कुलदीप सिंह, सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, अजय वर्मा बबलू, नसीम कीर्ति, हुमायूं नईम खान,राजेश अरोड़ा,जतिन चौधरी, हसमत अली, तारिक जिलानी, अदनान चौधरी, सुजीत चतुर्वेदी, वीरेंद्र यादव, जावेद अहमद, आदि प्रमुख पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आपसी प्रेम भाव के साथ मनाएं त्यौहार : कृष्णकांत

▸ हुड़दंग व सांप्रदायिक माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों पर होगी कार्रवाई

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

सुबेहा थाना परिसर में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। थाना प्रभारी कृष्णकांत सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में महाशिवरात्रि, होली, रमजान और ईद के त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा हुई।

थाना प्रभारी ने सभी से आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया





जाएगा। त्योहारों के दौरान सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

कृष्णकांत सिंह ने समाज के जिम्मेदार लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी।

बैठक में प्रधान संघ अध्यक्ष हनुमान द्विवेदी, विजय प्रताप सिंह और भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष विधि चंद यादव मौजूद रहे। इसके अलावा प्रधान राम सिंह, मातादीन, सभासद महेंद्र मौर्य, कफील, ठेकेदार मुमताज खान, सनद तिवारी, मंशाराम यादव और आमिर खान समेत कई गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।

# महादेवा मेले में खाद्य पदार्थों की हो रही कड़ी निगरानी

▸ खाद्य सुरक्षा विभाग टीम कर रही खाने-पीने की चीजों की गुणवत्ता का सघन निरीक्षण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

महादेवा मेले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा सघन निरीक्षण किया जा रहा है, जिसके क्रम में एक वाहन पर 400 बोरियों में रखें 40000 पानी के पाउच जो एक्वागंगा व गंगाजल ब्रांड के नाम के थे जिन पर भी निर्माणतिथि, वेस्ट बिफोर, विनिर्माता का नाम व पता अंकित नहीं था मौके पर विनष्ट करा दिया गया। विनष्ट पानी की कीमत लगभग एक लाख पचास हजार



रुपए थी। मेला क्षेत्र में गुप्ता की दुकान पर विक्रय हेतु भंडारित 20 किलो बासी लड्डू जो अनहाइजीनिक स्थिति में रखे गए थे को भी विनष्ट कराया गया।

यादव भोजनालय पर सब्जी बनाने हेतु रखे गए 20 किलो खराब आलू को भी विनष्ट कराया गया। विभाग के अधिकारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण कर प्रसाद एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है।

इस दौरान टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुराधा मिश्रा, भगौती प्रसाद एवं खाद्य सहायक पवन वर्मा व शिवकुमार शामिल रहे।





### दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का पूर्व ब्लाक प्रमुख ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड त्रिवेदीगंज के दयाराम पुरवा स्थित खेल मैदान पर प्रधान भानु बाजपेई जरौली द्वारा आयोजित दो दिवसीय जय बजरंगबली क्रिकेट प्रतियोगिता का पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का शुभम वाजपेई ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से युवाओं मे खेल के प्रति जागरूकता आएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने प्रधान भानु बाजपेई व आयोजन से जुड़े सभी साथियों को ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु प्रत्येक वर्ष भव्य आयोजन करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व प्रमुख गोमती यादव बार एसोसिएशन बाराबंकी के संयुक्त मंत्री प्रदीप बाजपेई प्रधान गौरव सिंह अभय प्रताप सिंह प्रमुख प्रतिनिधि नीरज वर्मा सहज राम बाजपेई प्रधान विजय बहादुर सिंह प्रधान पिंटू वर्मा प्रधान प्रदीप वर्मा मनोज सिंह सुशील सिंह पंकज सिंह शिवम सिंह आदि मौजूद रहे।

### फ्री में मीट न देने पर दुकानदार को मिली धमकी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली के पास मीट की दुकान संचालित हो रही है। दुकानदार ने फ्री में मीट न देने पर ग्राहक पर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। देवनगर चौराहे पर कोतवाली के पास ही मोहल्ला भवानीराम निवासी गुड्डू अंसारी मीट की दुकान खोले हैं। दुकानदार ने आरोप लगाया कि शनिवार की शाम वह दुकान पर बैठे थे तभी एक युवक वहां आया और गाली-गलौज करते हुए फ्री में मीट मांगने लगा। जब उन्होंने गाली-गलौज करने व फ्री में मीट देने से मना किया तो युवक ने दुकान पर रखा चाकू दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। शोरगुल सुनकर आसपास के दुकानदार वहां पहुंच गए। जिन्हें देखकर आरोपी युवक आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक की सिर काटकर हत्या, परिजनों में कोहराम

**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

सेवानिवृत्त शिक्षक की सुबह योगा करते समय बेरहमी से सिर काटकर हत्या कर दी गयी। खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी, वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर परिजनों के पहुंचने के बाद स्थिति संभालना मुश्किल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही रामपुरा पुलिस, फोरेंसिक टीम और पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच कर जांच में जुटे हैं।

घटना सुबह की जब सेवानिवृत्त शिक्षक विद्याराम (65) पुत्र लखू निवासी सिलऊवा थाना रामपुरा प्रतिदिन की तरह घूमने के लिए निकले और भीमनगर की ओर पुलिया पर योगा करने के लिए बैठे,तभी किसी ने धारधार हथियार

▸ विद्यालय प्रबंधन को लेकर चल रहा था विवाद

▸ चार वर्ष पूर्व हुई थी पोती की हत्या



से शिक्षक का सिर धड़ से अलग कर हत्या कर दी। घटना को देखकर ऐसा लग रहा है कि हत्या करने वाले को शिक्षक की रूटीन दिनचर्या पता थी,जिसके कारण उसने सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी जैसे क्षेत्र में फैली,लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गयी। घर के लोग भी मौके पर आ गए,जिसके बाद कोहराम मच गया। हालांकि घटना स्थल पर पुलिस पहुंच कर जांच कर रही है। सुबह खबर लिखे जाने तक किसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

रिटायर्ड शिक्षक विद्याराम आजाद की हत्या का कारण तो स्पष्ट नहीं है लेकिन गांव के लोग दबी जवान से आपस में कानाफूसी कर रहे थे जिसका लब्बोलुआब यह था कि एक विद्यालय में प्रबंधन को लेकर लगभग 4 वर्ष से उनका विवाद चल रहा है शायद यह घटना उसी का परिणाम हो। मृतक आजाद की पोती भावना पुत्री रामजी उर्फ दिनेश की आज से लगभग 4 वर्ष पूर्व 2020 में उस समय हत्या हो गई थी जब वह उरई में रहकर एएनएम का कोर्स कर रही थी।

### ग्रामीणों ने शव को बमुश्किल उठने दिया

उक्त घटना से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस द्वारा मृतक के शव को पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए उठा कर ले जाने का जमकर विरोध किया व पुलिस अधीक्षक को बुलाने की मांग करने लगे तब क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ डॉ. राम सिंह एवं थानाध्यक्ष रामपुरा संजीव कुमार कटियार ने ग्राम वासियों से सहयोग मांगते हुए घटना के दोषियों के प्रति सख्त कार्रवाई का आश्वासन दे उन्हें संतुष्ट कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### माधौगढ़ पुलिस की सक्रियता

हत्या की उक्त घटना भले ही रामपुरा थाना अंतर्गत हुई है लेकिन जिस माइनर पर यह घटना घटित हुई यह माइनर ही रामपुरा एवं माधौगढ़ थाना क्षेत्र की सीमा का विभाजन करती है एवं घटना के तार माधौगढ़ क्षेत्र से जुड़े होने की पूरी संभावना पर नवागंतुक कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर ब्रजेश बहादुर सिंह मय पुलिस बल ने घटनास्थल पर पहुंचकर रामपुरा थाना पुलिस का सहयोग किया।

### संदिग्धों की धर पकड़ जारी

घटना की तहरीर मिलने एवं एफआईआर दर्ज होने से पूर्व ही पुलिस ने सक्रियता बरतते हुए पूंछताछ के लिए कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

### एसपी ने ग्रामीणों को न्याय दिलाने का दिया आश्वासन

उक्त घटना के कुछ देर बाद ही पुलिस अधीक्षक जालौन डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों व मृतक के परिजनों को आश्वस्त किया कि अपराधी चाहे जो भी हो उसे चिन्हित करके शीघ्र पकड़ कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अयोध्या वासियों को आवागमन में मिलेगी छूट

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

रामनगरी में लगातार श्रद्धालुओं की मौजूदगी के चलते लोगों को आवागमन में हो रही परेशानियों को देखते हुए महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह एवं अयोध्या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करण नय्यर से मुलाक़ात कर वार्ता की।

इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने अयोध्या के नागरिकों को आवागमन में सुविधा की दृष्टि से छूट देने का फैसला किया है। महापौर ने बताया कि प्रशासन ने सहमत जताई है कि आधार कार्ड देखकर अयोध्या के नागरिकों को बैरियर पर हर 20 मिनट के अंतराल पर आने-जाने की सुविधा

▸ राम पथ क्रॉस करने की नहीं मिलेगी छूट

▸ महापौर से वार्ता के बाद डीएम ने जताई सहमति





दी जाएगी। यह सुविधा रामपथ पर आवागमन के लिए नहीं होगी। उन्होंने बताया कि दीनबंधु तिराहा, रामघाट चौराहा, विद्याकुंड, अशर्फी भवन चौराहा, राजघाट पर लगाए गए बैरियर से लोगों को वाहन सहित आने जाने की सुविधा अब मिलेगी। इस संबंध में नगर निगम के पब्लिक एड्रेस सिस्टम से अनाउंस भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देवकाली तिराहा, दीनबंधु तिराहा, टेढ़ी बाजार, लता मंगेशकर चौक, हनुमानगढ़ी, दशरथ महल आदि स्थानों पर एंबुलेंस उपलब्ध होगी, जहां से नागरिक आपात स्थिति में चिकित्सा के सहायता प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि रामपथ क्रॉस करने की सुविधा उदया पब्लिक स्कूल की ओर से ही सुलभ होगी। उन्होंने कहा कि भीड़ कम होने पर सुविधाओं में और बढ़ोतरी की जाएगी।

# स्वयंसेवी संस्था ने स्कूली बच्चों को स्टेशनरी का किया वितरण

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति द्वारा औरेखी में स्कूली बच्चों को स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम औरेखी में एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति द्वारा स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम शिवसिंह बाबाजी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव ने कहा कि उनकी टीम का उद्देश्य है कि समाज में ऐसा बदलाव आए कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह पाए। आज के समय में शिक्षा बहुत महंगी होती जा रही है। मंहगी शिक्षा का



परिवारों पर भी आर्थिक रूप से असर पड़ता है। यही कारण है कि एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति अभिभावकों के साथ सहयोग कर रही है। बच्चे किसी सुविधा से वंचित न रहें यही प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में बच्चों को पेन, पेंसिल, रबर, कटर, कॉपी आदि शिक्षोपयोगी सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम संयोजक कमल दोहरे रहे और संचालन अनिल प्रजापति ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप टांडा, बुंदेलखंड प्रभारी रोहित यादव, महिंदर, प्रीतम, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामबाबू, रघुराज, दिलीप, अंजन, लालजी, रामप्रकाश आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्रा0पं0 दाऊदपुर न0 बाग विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः ग्रा0पं0/पन्द्रहवें वित्त/राज्य वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 23/02/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पन्द्रहवें वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत दाऊदपुर न0 बाग द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 24/02/2025 से 02/03/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 02/03/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 100 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | रामपाल के घर से फकीरे लाल के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 3.84 लाख | 6960 | 100 |
| 2- | आदेश के घर से मनोज के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 1.46 लाख | 2938 | 100 |
| 3- | मेन रोड से अवधेश के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 5.16 लाख | 10334 | 100 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान ( कमल कुमार)  ग्रा0पं0 दाऊदपुर न0 बाग मोहम्मदाबाद  सचिव (संदेश यादव)**

**कार्यालय ग्रा0पं0 जहांगीरपुर विकास खण्ड कमालगंज, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2024-25 दिनांक 23/02/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जहांगीरपुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 24/02/2025 से 02/03/2025 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 02/03/2025 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 24/02/2025 से 02/03/2025 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | सुलेमान के खेत से रिजवान के घर तक सीसी निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.48 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान-मतीन खान  ग्रा0पं0 जहांगीरपुर वि0ख0 कमलागंज  सचिव- लालबहादुर**

# नगर विस्तारित क्षेत्र के लिए 70 करोड़ रुपए बजट जारी

**मंत्री बोले गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं को सम्मान देने वाला बजट**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रेषित बजट 2025- 26 सर्व समावेशी सर्वस्पर्शी और सर्वग्राही व जनकल्याणकारी बजट है इस बजट में समाज कल्याण विभाग के लिए भी बजट को बढ़ाया गया है समाज कल्याण विभाग में पेंशन जैसी योजनाओं को कैंप लगाकर लाभार्थी तक पहुंचाने का काम हमने किया है। यह बात मंत्री असीम अरुण ने प्रेस वार्ता में कही। रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025 26 के लिए प्रेषित जन लोक कल्याणकारी बजट को लेकर एक प्रेस वार्ता की गई। मंत्री ने कहा कि वही मोदी की गारंटी की परिकल्पना को पूरा करने के लिए प्रेषित योजना के आधार पर अधिकार पूर्वक पेंशन पहुंचने की व्यवस्था इस बजट के माध्यम से की जाएगी। इस बार हमारा बजट 808736 करोड रुपए का है। जो पिछले बजट की अपेक्षा तकरीबन 9.8 परसेंट ज्यादा कुल बजट से अवस्थापना के लिए 22 प्रतिशत शिक्षा के लिए 13 परसेंट कृषि के क्षेत्र में 11 परसेंट चिकित्सा व स्वास्थ्य के लिए 6 प्रतिशत व सामाजिक सुरक्षा के लिए चार परसेंट की बजट में व्यवस्था की गई है वही पुरातन संस्कृति व मंदिरों के जीर्णोद्धार लिए



प्रेस वार्ता में जानकारी देते मंत्री असीम अरुण

भी इस बजट में व्यवस्था की गई है ,रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के लिए 400 करोड़ रुपए के बजट की व्यवस्था की गई है। वही मत्स्य संपदा योजना के लिए 195 करोड़ ,22 नए प्राथमिक स्कूल के लिए 25 करोड़ ,पीएम श्री योजना के लिए 300 करोड़, गांव में डिजिटल लाइब्रेरी के लिए 454 करोड़, गांव में नए स्टेडियम के लिए 125 करोड़, स्वच्छ भारत मिशन के लिए 425 करोड़, पीएम आवास के लिए 48 48 करोड़, नगर निकाय के लिए 2.5 करोड़, वही कुटीर उद्योग के लिए 550 करोड़, साइबर सुरक्षा के लिए 3 करोड़ राजकीय औषधि कॉलेज के लिए भी बजट की व्यवस्था की गई है। वही 2 लाख से ज्यादा लखपति दीदी बनाने के लिए भी बजट में व्यवस्था की गई है गन्ना किसानों के लिए 370 प्रति कुंतल का मूल्य इस बजट में तय करने की व्यवस्था की गई है। वही जनपद में हर घर नल योजना के तहत टंकियां के निर्माण के लिए इस बजट की में व्यवस्था की गई है वही कन्नौज नगर में तीन सरोवर के लिए 10.5 करोड रूपए कि बजट में व्यवस्था की गई है कन्नौज नगर विस्तारित क्षेत्र के लिए 70 करोड़ रुपए की इस बजट में व्यवस्था की गई। इस प्रकार यह बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं को सम्मान देने वाला बजट है। इस दौरान जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया, जिला मीडिया प्रभारी शरद मिश्रा, जिला महामंत्री हरि बक्श सिंह, रामवीर कठेरिया सहित आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता रहे।

# गाडगे ने समाज में छुआछूत को खत्म करने के लिए चलाया आंदोलन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

आसपा ने संत गाडगे की जंयती के उपलक्ष्य में सभा का आयोजन किया। जिसमें पदाधिकारियों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। तिर्वा क्षेत्र के औसेर में भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में संत गाडगे के जंयती के उपलक्ष्य में सभा का आयोजन हुआ। पदाधिकारियों ने संत गाडगे की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। सभा को संबोधित करते हुए छबिराम जाटव ने कहा कि संत गाडगे बहुजन समाज जगाने में पूरा जीवन गुजार दिया। कहा कि अपने घरो के बर्तन बेच दीजिए हाथ पर रखकर खाइए पर अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं।



सभा को संबोधित करते आसपा नेता प्रभात गौतम

पातीराम बौद्ध ने कहा बहुजन समाज मे समय- समय पर महापुरुषों जन्मे और समाज को जगाने का कार्य किया। आसपा नेता प्रभात गौतम ने कहा कि महाराजा संत गाडगे ने समाज में छुआछूत आडम्बर अंधविश्वास को खत्म करने के लिए देश में आंदोलन चलाने का काम किया। इस मौके पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष गुड्डू कठेरिया, युवा मोर्चा नेता नेम सिंह खटिक, जिला प्रभारी शेर सिंह, जिला सह संयोजक अरविंद कुमार, यशपाल भारती, जिला उपाध्यक्ष इमरान, कृष्ण दीप आयोजक अर्पित कुमार सहित आदि पदाधिकारी रहे।

# डीएम के आदेश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मारा छापा

**कंपनियों की कचरी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजा गया**

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

होली के त्यौहार को मध्य नजर देखते हुए रंग बिकने वाली खाध सामग्री को लेकर दुकानदार स्टोर कर रहे हैं शहर में बड़े पैमाने पर खाद्य सामग्री को एक किया जाता है इस जमाखोरी की शिकायत जिलाधिकारी से की गयी।

इसी के चलते खाद विभाग की टीम ने छिबरामऊ सौरिख रोड पर एक गोदाम पर छापा मारा मुख्य खाद सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद कुमार साहू टीम के साथ सौरिख रोड पर कालका देवी मंदिर के पास एक गोदाम पर छापा मारा टीम के साथ गोदाम के मालिक कि



मौजूदगी कई खाद के नमूने लिए इस मामले में मुख्य खाद सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर छापा मारकर कार्रवाई की गई है बस दौरान अलग-अलग कंपनियों की कचरी के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं छापामार कार्यवाही को देखते ही शहर में दुकानदारों में हड़कंप मच गया टीम की की छापा मारा करवाई के दौरान उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी व पुलिस क्षेत्राधिका री ओंकारनाथ शर्मा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## कुरान की तिलावत से नए प्रतिष्ठान का हुआ आगाज

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** नगर में एक नए प्रतिष्ठान का कुरान की तिलावत से आगाज किया गया समधन नगर मेन सड़क स्थित डाक्टर हमीद के पास प्रमोद मार्केट में शनिवार को इनाया जर्नल स्टोर पर मदरसे के बच्चों ने कुरान पाक की तिलावत से नए प्रतिष्ठान को शुरू किया गया अच्छा रोजगार चलता रहे इसके लिए दुआएं मांगी गई। इसी दौरान इनाया जर्नल स्टोर के संरक्षक मोहम्मद मुस्तकीम ने कहा कि हमारे यहां अच्छा सामान ग्राहकों को उचित रेट पर हमेशा दिया जायेगा। व्यापार को व्यापार समझे हमारे प्रतिष्ठान पर सभी ग्राहकों को एक समान समझा जाएगा इस अवसर पर मो. आफताब,शानू ,वासिफ, इरफान गेस्ट हाउस के प्रबंधक मोहम्मद फैसल हुसैन, कदीर,अनवर, आदिल, जुबैर, सभासद प्रतिनिधि मो. नईम, मो. नजर, राजा खान,सिराज अहमद, मिंटू टेलर आदि मौजूद रहे।

# निगम मंडी के अधिकारियों की मनमानी के चलते सफेद हाथी साबित हो रहे मंडी के शौचालय

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

4 साल पहले लाखों की लागत से निगम मंडी में बने शौचालय किसानों व्यापारियों के लिए सफेद हाथी साबित हो रहे हैं शौचायलयों की दुर्दशा को लेकर अढितयो में भारी आक्रोश है छिबरामऊ की सबसे बड़ी कृषि उत्पादन मंडी समिति में प्रदेश सरकार ने किसानों का व्यापारियों के लिए सुविधा के लिए 5 साल पहले लगभग 50 लाख रुपए से 2 सुलभ शौचालय होगा निर्माण कराया गया था मंडी परिषद की निर्माण इकाई द्वारा बनवाए गए दोनों शौचालय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए हैं नतीजा यह हुआ की बनाने के कुछ महीने बाद दोनों




शौचालय क्षतिग्रस्त ग्रस्त हो गए थे वह तप हो गए इस समय आलू का कारोबार चरम पर है यह आलू की खरीद करने के लिए कई राज्यों व्यापारी आते जाते हैं किसानों का भी रात दिन आवा गमन रहता है शौचालय के 18 होने से लोगों को खासी दिक्कतें का सामना करना पड़ रहा है इस मामले में मंडी सचिव

**उपनिदेशक निर्माण खंड को मरम्मत को लेकर पत्र लिखा गया है जल्द ही काम शुरू होगा: मंडी सचिव**

सरवन सिंह का कहना है कि उपनिदेशक निर्माण खंड को इसकी मरम्मत को लेकर पत्र लिख दिया गया है जल्द ही मरम्मत का काम शुरू कर दिया जाएगा ऐसी स्थिति में व्यापारी व किसान दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है रात दिन मंडी में व्यापारी व किसानों का आवा गमन बना रहता है जिससे व्यापारी व दुकानदार किसान परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## युवक से मारपीट कर गुप्तांग में लगाई आग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शराब के लिए रुपये न देने पर आरोपितों ने युवक के साथ गाली गलौज की और उसके गुप्तांग को ईटों से कुचलकर आग लगाकर घायल कर दिया। जिसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मोहनपुर रतनपुर निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र बाबूराम ने कोतवाली पुलिस ने शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह 22 फ़रवरी की शाम 08 बजे ग्राम इंदुईयागंज से दवा लेकर घर वापस लौट रहा था। तभी पुल के नीचे लकड़ी के खोखा के निकट गांव के चार लोगों ने उसे रोककर शराब के लिए पैसे मांगे। जब उसने रुपये देने से मन कर दिया। तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट कर दी और उसके गुप्तांग को ईटों से कुचल कर उसमें आग लगा दी। जिससे वह बेहोश होकर वहीं गिर पड़ा। इसके बाद आरोपित मौके से फ़रार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### रेप के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**कन्नौज,छिबरामऊ समृद्धि न्यूज़।** दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना तालग्राम पर पंजीकृत पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित चल रहे, अभियुक्त को थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया के नेतृत्व में पुलिस ने अवनीश कुमार (25) पुत्र सर्वेश कुमार निवासी ग्राम रौसापुर- तालग्राम को आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के छिबरामऊ अण्डरपास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त अवनीश कुमार को विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेज दिया गया।

### पांच एनबीडब्लू वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना तिर्वा, छिबरामऊ व सकरावा द्वारा न्यायालय से जारी वारंट (एनबीडब्लू) में कार्यवाही करते हुए कुल 05 अपराधियों को गिरफ्तार किया। जिसमें तिर्वा कोतवाली दो, छिबरामऊ दो, सकरावा थाना क्षेत्र से एक कुल 5 एनबीडब्लू वारंटी अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया।

### ससुरालियों ने विवाहिता से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शादी में अतिरिक्त दहेज न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता के साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सौसरापुर निवासी अनस बेगम पुत्री इश्तियाक ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि पांच माह पूर्व उसका विवाह पड़ोसी जनपद फ़र्रुखाबाद के थाना कमालगंज के ग्राम ईसापुर निवासी समीम पुत्र जमालुद्दीन के साथ हुआ था। शादी के एक माह बाद उसके पति और सास उसे अपने साथ बड़ौदा ले गए। जहां सास, जेठ, नंद ने अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। जब उसने इस बात का विरोध किया तो ससुरालियों ने 16 फ़रवरी को उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घर से बेघर कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गंगा की सफाई कर सत्संगियों ने लिया संकल्प

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** संत निरंकारी सत्संग के द्वारा रविवार को ब्लाक गुगरापुर स्थित जलेसर गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें सेवादल के महिला, पुरुष व बच्चों के द्वारा गंगा को स्वच्छ व अविरल रखने का संकल्प लिया गया। इसके बाद गंगा तट व गंगा नदी में फैली गंदगी को साफ कर कूड़े को एक स्थान पर एकत्र किया गया। सत्संगियों के द्वारा मौजूद श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों से भी गंगा को स्वच्छ रखने की अपील की गई। इस दौरान महात्माओं सहित सत्संगी व सेवादल के लोग मौजूद रहे।

# सरकारी चूक से आई आवास योजना की डबल किस्त हड़पने की फिराक में सभासद

**छिबरामऊ ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आई डबल किस्त का पैसा वापस न करने का सनसनी खेज मामला सामने आया है।

जिम्मेदार अफसर कार्यवाही की बात कह रहे है वही पैसा हड़पने वाला रसुखदार सभासद प्रशासन को ठेंगा दिखा रहा है। सरकार द्वारा हर गरीब को पक्की छत मुहैया कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई जा रही है। इसके तहत प्रत्येक चयनित पात्र को 250000 दिए जा रहे हैं जिसको लेकर कुछ गरीबों को न मिलने वाली कॉलोनी अब पैसे वाले ले रहे हैं ऐसा ही मामला एक




प्रकाश पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 चंद्रशेखर नगर मे सामने आया है। वार्ड के राजू पुत्र स्व. सरफुद्दीन सिद्दीकी ने 2020 में अपनी कॉलोनी कराई थी जिसमें गलती से डेढ़ लाख रुपए की डबल किस्त उनके खाते में आ गई थी। यह किस्त वापस नहीं की गई। अब राजू सिद्दीकी वार्ड नंबर 23 चंद्रशेखर नगर से सभासद है। यह रकम अभी तक वापस नही की गई। जब सभासद राजू से जानकारी लेना

> ऐसे बहुत से लोग हैं जिनके पास डबल किस्त उनके खाते में पहुंच गई है उन्होंने अभी तक वापस नहीं की है ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही कर आरसी जारी की जाएगी
>
> - डूडा जेई

चाही तो वो स्पष्ट जवाब नहीं दे पाये इधर-उधर की बात करते रहे इस मामले में डूडा कन्नौज जेई से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया ऐसे बहुत से लोग हैं जिनके पास डबल किस्त उनके खाते में पहुंच गई है उन्होंने अभी तक वापस नहीं की है ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही कर आरसी जारी की जाएगी।

# विमलेन्द्र बने प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष, तिर्वा में हुआ स्वागत

**पत्रकारों के अलावा व्यापारियों, समाजसेवियों ने माल्यार्पण कर किया अभिनन्दन**

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

कान्यकुब्ज प्रेस क्लब कन्नौज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमलेन्द्र सिंह बघेल का तिर्वा पहुंचने पर पत्रकारों समाजसेवियों, व्यापारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। लोगों ने उन्हे फूल-मालाएं पहनाई व शाल उढ़ाकर सम्मानित किया। तिर्वा कस्बे के बौद्धनगर मोहल्ला निवासी विमलेन्द्र सिंह बघेल को कन्नौज में हुए जिलाध्यक्ष पद के चुनाव में उन्हे निर्विरोध जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। जिलाध्यक्ष बनते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। रविवार की शाम वह दलबल के साथ तिर्वा पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अंशुल गुप्ता ने उन्हे शॉल उढाकर सम्मानित किया। इसके अलावा विवेक गुप्ता, अरूण सिंह बघेल, प्रभात वर्मा लालू, शिवकुमार वन्देमातरम, राजू



जिलाध्यक्ष विमलेन्द्र बघेल को सम्मानित करते व्यापार नेता अंशुल गुप्ता

चैहान सहित कई लोगों ने माल्यार्पण कर उनका अभिनन्दन किया। इसके अलावा पत्रकारों में रज्जन सक्सेना, अनूप विश्नोई, सीपी सिंह, अतुल शर्मा, अनुज कुमार, आलोक यादव, मिथुन गुप्ता, सुरेश बाथम ने भी स्वागत कर बधाई दी।

# दो युवकों की मौत से भुड़िया गांव में पसरा सन्नाटा

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

सड़क हादसे में भुड़िया गांव के दो युवकों की हुई मौत के बाद उनके शव रविवार की दोपहर गांव पहुंचे। शव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आसपास गांव के लोगों की भीड़ उनके घरों के बाहर लग गई। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। भुड़िया गांव निवासी अखिलेश बाथम (22) पुत्र प्रकाश बाथम अपने परिवार के ही अजीत बाथम (19) पुत्र मूलचन्द्र के साथ बाइक पर सवार होकर एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार की रात जा रहे थे। गुरसहायगंज-छिबरामऊ मार्ग पर सरायप्रयाग के निकट उनकी बाइक



सड़क हादसे का शिकार हो गई। जिसमें दोनो युवकों की मौत हो गई। रविवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद दोनो मृतकों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए। परिजन अंतिम संस्कार के लिए गांव ले आए। शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया के अखिलेश की शादी एक माह पूर्व गुरसहायगंज निवासी खुशबू के साथ हुआ था। वह तीन भाई व तीन बहन है। वहीं अजीत भी दो भाई व दो बहन है। हादसे से मृतक अखिलेश की पत्नी खुशबू का रो-रोकर बुरा हाल था। गांव के लोगों ने परिजनों को सात्वंना दी।

# श्रीराम मंदिर का डीएम-एडीएम ने किया निरीक्षण

**मंदिर परिसर में स्वच्छता रखने के दिए निर्देश**

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी ने संयुक्त रूप से श्रीराम मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं मंदिर में साफसफाई और लटकते तारों को दुरूस्त करने के दिशा निर्देश दिए।

रविवार की दोपहर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला और अपर जिला अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने नगर के जीटी रोड स्थित निर्माणधीन श्रीराम मंदिर के मुख्य द्वार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने



श्रीराम मंदिर का निरीक्षण करते डीएम व एडीएम।

निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे इंजीनियर चेतन शर्मा को कार्य में तेजी लाने के दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा मानक सहित निर्माण कार्य कराने की बात भी कहीं। उन्होंने मंदिर के अंदर जाकर साफ सफाई की व्यवस्था को देखा और साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। वही निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर में लटक रहे बिजली के तारों को देखकर केयरटेकर गौरव कश्यप को वायरिंग सही कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर मंदिर के पुजारी राकेश चंद्र द्विवेदी, संदीप त्रिवेदी, अनिल गुप्ता, विकास गुप्ता, हर्षित, नीरज, पंकज, राजेश आदि मौजूद रहे।

## रंजिश को लेकर युवक से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर आरोपितों ने युवक के साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम सौसरापुर निवासी इमरान पुत्र हाफिज ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 18 फ़रवरी की शाम करीब 8.30 बजे रंजिश को लेकर गांव के ही सदरुल, मजरुल, शाहिद, नजीबुल, तजीबुल ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो आरोपितों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विस चुनाव 2027 में जीत की नींव रखेगी पीडीए: डॉ. कमलेश यादव

**तेराजाकेट, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी शिक्षकसभा की पीडीए परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित हुई जिसमें पीडीए गठबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कमलेश यादव प्रदेश प्रमुख महासचिव शिक्षकसभा ने बाबा साहब को याद करते हुए कहा कि उन्होंने संविधान के माध्यम से शोषण और नकारात्मक प्रभुत्व को रोकने का काम किया।

रविवार को ग्राम तेराजाकेट में आयोजित पीडीए परिचर्चा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे प्रमुख महासचिव ने शिक्षकसभा के कन्नौज जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव के साथ संयुक्त रूप से माँ सरस्वती एवं बाबा साहब के चित्रों पर माल्यार्पण




कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रमुख महासचिव डॉ कमलेश यादव का जिलाध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने फूल मालाएँ पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सत्ता में काबिज भाजपा सरकार में मंहगाई और बेरोजगारी चरम पर है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं मंहगी हो गयी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का आहवान है कि सभी जातियों को सम्मान मिले उन्हें संविधान के मुताबिक हक मिले इसके लिए संगठन लगातार प्रयास करता रहेगा। पीडीए समाज के लोगों को उनके अधिकारों को बताने व उसे पाने की लड़ाई लड़ने के लिए जागरूक करने की जरूरत है। भाजपा सरकार लगातार पीडीए समाज के लोगों का अधिकार छीनकर उन्हें कमजोर करने पर आमादा है।

वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजवादी शिक्षकसभा प्रदेश सचिव शौर्य यादव ने कहा कि पीडीए का मुख्य उद्देश्य सभी जातियों को एक साथ लेकर चलना और उनके हक की बात उठाना। प्रदेश में काबिज भाजपा सरकार ने कुम्भ के नाम पर हजारों की जान ले ली और उनका सही आंकलन तक नहीं दिया। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि धर्म में आस्था रखना चाहिए लेकिन पहले अपने परिवार को भी देखना पड़ेगा। सोशल मीडिया पर हजारों लोगों ने बताया कि उनके परिजनों को पता तक नहीं चला। ऐसी संवेदनहीन सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में मुँह तोड़ जवाब देना है। इसके अलावा समाजवादी शिक्षकसभा जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव ने कहा कि मौजूदा सरकार दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक विरोधी है। युवा शिक्षित होने के बावजूद बेरोजगार हैं। सरकार धार्मिक मुद्दों को उठाकर जनता को भटका रही है। पीडीए का मुख्य मुद्दा बाबा साहब निर्मित संविधान को बचाना एवं उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाना है। इस मौके पर डॉ. संतोष यादव, युवराज सिंह, समाजवादी शिक्षकसभा जिला उपाध्यक्ष अवनीश पाल, अनूप पाल, दलगंजन सिंह, राशिद खान, संजय कुमार, टिल्लू यादव, जितेन्द्र कुमार, ओमेन्द्र सिंह, अनिल कुमार, मनीश कुमार, विकास कुमार, अमन यादव, सचिन कुमार, पंकज पाल सहित दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सांख्यिकी सेवा संघ के सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

**शपथ दिलाते हुए फूल माला पहनाकर किया गया सम्मानित साथ ही प्रमाण पत्र किए गए वितरित**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद स्तरीय कार्यकारिणी के चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश परिवार कल्याण सांख्यिकी सेवा संघ की जनपद स्तरीय कार्यकारिणी के गठन को लेकर चुनाव का आयोजन संघ के प्रांतीय अध्यक्ष वेद प्रकाश महामंत्री बाई के मंजुल की उपस्थिति में चुनाव अधिकारी उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ




प्रमाण पत्र पाकर मौजूद निर्वाचित पदाधिकारी व चुनाव अधिकारी

महेंद्रभान सिंह द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में संपन्न हुआ।

जिसमें उत्तर प्रदेश परिवार कल्याण सांख्यिकी सेवा संघ के जिला अध्यक्ष के रूप में सीएचसी सौरिख से वीरपाल सिंह एवं सीएचसी गुगरापुर से महामंत्री शिव शंकर यादव को निर्विरोध चुना गया। साथ ही संरक्षक के रूप में वाई के मंजुल कोषाध्यक्ष विमल श्रीवास्तव संयुक्त मंत्री इरशाद निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# सभी अपने जीवन के मूल्यों को श्रेष्ठ बनाएं, यही शिवरात्रि पर शिव पूजन है: डीएम

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी जेएनवी रोड शाखा पर शिवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



शिव का पूजन करते जिलाधिकारी

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी फतेहगढ़ जेएनवी रोड स्थित शाखा पर शिवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रुप में जिलाधिकारी ने भाग लिया।

इस मौके पर जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि यदि व्यक्ति अपने अंदर के भ्रष्टाचार के कांटों को शिव के सामने धतूरे के समान अर्पण करना शुरू कर दे तो समाज में शुद्धता का आचार, व्यवहार वातावरण बना सकेगा और हम भारत देश के सच्चे प्रहरी बन सकेंगे। लोगों में भक्ति के प्रति आस्था है, परंतु अपने जीवन रूपी बगिया से शराब, गुटखा, बेईमानी, झगड़ा लड़ाई रुपी कांटे निकाल दो, प्रेम, शांति, खुशी, सत्यता जैसे फूलों को जीवन में सजा लें, यही आके जीवन की सच्ची भक्ति है। मेरे प्यारे नगरवासी सभी अपने जीवन के मूल्यों को श्रेष्ठ बनाएं, यही शिवरात्रि पर शिव पूजन है। नगर पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने कहा कि मुझे इस संस्था में आकर सच्ची शांति प्राप्त होती है। यहां ब्रह्माकुमारी में छोटे-छोटे बच्चे जो आते हैं मुझे बहुत खुशी मिलती है कि वह अपने जीवन में यहां के विचारों को धारण करने से वह अपने जीवन में बहुत आगे पहुंच सकेंगे और केंद्र प्रभारी बहन सुमन ने शिव के आगे भोले शब्द जोड़कर हम उनके साथ असीम श्रद्धा एवं प्रेम में डूबे जाते हैं। शिव को मंदिर में एक सीढ़ी नीचे ही बीच में स्थापित करने का रहस्य परमात्मा जो दीनबन्धु है वो हम सबके प्रति बहुत दयालु एवं निरंकारी है। जबकि वो विशेश्वर है, उद्धारकर्ता है। पतित भ्रष्टाचारी संसार को अपने राजयोग की शक्ति से श्रेष्ठाचारी, सभ्य एवं सुखद समाज बनाने वाले हैं। बीके राधिका बहन ने कहा कि सबसे बड़ा भगवान है शिव भगवान है उनसे ना कोई आदि है ना उनसे कोई अंत है वहीं सर्वश्रेष्ठ परमपिता परमात्मा है। एएसपी संजय सिंह ने कहा कि संसार में जितनी कठिनाई होती है, परेशानियां होती है उसका एक ही कारण है जो मन में वृत्तीय है, दूसरे के प्रति खराब भावना है, चिंताएं है उसको दूर करेंगे तो हमारे जीवन में सारे कष्ट दूर होंगे। उसके लिए भगवान परमपिता परमात्मा शिव आए हैं। इस मौके पर विधायक सुशील शाक्य, डी.एस. राठौर, बहन प्रीती यादव, मुरलीधर गौड़, मीरा बहन, शिवानी बहन ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन बी0के0 मीरा ने किया।

# 17 दिनों से लापता चौकीदार का तालाब में पड़ा मिला शव

**पुलिस ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



घटनास्थल पर मौजूद लोग

बीते करीब 17 दिनों से लापता चौकीदार का शव तालाब में पड़ा मिला। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कादरीगेट थाना क्षेत्र के गांव दीनदयाल बाग निवासी दुष्यंत कुमार राजपूत पुत्र रोहन लाल बीती 5 फरवरी को अचानक लापता हो गया था। तीन दिन बाद परिजनों ने थाना कादरीगेट पुलिस को सूचना दी थी। तब से परिजन व पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। रविवार को सुबह दुष्यंत कुमार राजपूत का शव उसके घर के पास स्थित एक तालाब में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना थाना कादरीगेट पुलिस को दी।

सूचना दी। सूचना पर कादरीगेट थाना क्षेत्र के इंस्पेक्टर चन्द्रिका प्रसाद, तथा चौकी प्रभारी कादरीगेट भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से बातचीत की। जिसके बाद शव का पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भांजे धर्मेंद्र ने बताया कि मामा की शादी नहीं हुई थी। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बीती रात घर से गायब हुए युवक का नाले में पड़ा मिला शव



जांच पड़ताल करते थानाध्यक्ष व मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

बीती रात घर से गायब हुए युवक को शव नाले में पड़ा मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट अंतर्गत ग्राम सातनपुर पट्टिया निवासी 35 वर्षीय प्रदीप सक्सेना पुत्र प्रकाश ठेली पर गोलगप्पा बेचकर अपनी गुजर बसर कर रहा था। कुछ समय पूर्व उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गयी थी। जिससे चलते वह तनाव में रहता था। परिजनों ने बताया कि बीती रात लगभग 8 बजे प्रदीप खाना खाकर घर से निकल गया, लेकिन जब वह देर रात कर घर वापस नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने उसकी तलाश शुरु की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। रविवार दोपहर बाद उसका शव गंगा नगर रतन कोल्ड के सामने नाले में पड़ा मिला। मृतक सिर्फ नेकर पहने था, शेष कपड़े गायब थे। मौके पर दुकान लगाये गोल गप्पा व्यापारी नरेंद्र जब नाले में कूड़ा फेंकने गये तो नाले में एक युवक का हाथ दिखाई दिया। जिसकी सूचना उन्होंने आसपास के दुकानदारों को दी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष कादरीगेट आमोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नाले से निकलवाया। वहां मौजूद नरकसा निवासी आलोक सक्सेना ने शव की शिनाख्त अपने चचिया ससुर प्रदीप के रूप में की। उपनिरीक्षक केके कश्यप ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# महाशिवरात्रि पर श्रंगीरामपुर में कांवड़ियों का मेला शुरू

**दुकानदारों से ठेकेदार पर लगाया जमकर अवैध वसूली करने का आरोप**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज़।**



श्रंगीरामपुर में पहुंच रहा कांवड़ियों का जत्था

थाना कमालगंज स्थित श्रृंगी ऋषि की प्रमुख तीर्थ स्थली श्रंगीरामपुर में महाशिवरात्रि पर्व पर गंगा तट पर हर साल लाखों श्रद्धालु मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, मैनपुरी, कन्नौज, एटा जिले से भक्त महाशिवरात्रि पर गंगा तट से गंगा जल ले जाकर अपने क्षेत्रीय मंदिरों में शंकर जी का अभिषेक करते हैं। जिससे तीन दिन तक श्रंगीरामपुर में कांवड़ियों का मेला लगा रहता है। जिसमें प्रमुख रूप से कांवड़, श्रृंगार का सामान से लेकर खाने पीने तक की दुकानें भारी संख्या में लगाई जाती है। वहीं प्रशासन की तरफसे गंगा तट पर लाइट, गोताखोर, पार्किंग, वस्त्र बदलने के लिए स्थान, गंगा तट पर बैरिकेटिंग, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल की व्यवस्था की जाती रही है, लेकिन फिर भी दुकानदारों ने बताया कि कुछ लोग प्रशासन की मिलीभगत से पार्किंग और दुकान लगाने के नाम पर जमकर अवैध वसूली कर रहे हैं।

श्रद्धालुओं की भी सुविधाओं के नाम पर काफी शिकायतें मिल रही हैं। गंगा तट पर जाने वाले रास्ते पर कीचड़ की वजह से वाहन स्वामियों को भारी दिक्कतें हो रही हैं। भक्तों को पैदल चलकर गंगा तट तक पहुंचना पड़ रहा है। वहीं जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा के लिए अस्थाई पुलिस चौकी बनाई है। साथ ही पीएसी भी बुलाई गई है। जाम से बचने के लिए रजीपुर खुदागंज चौराहे पर भारी संख्या में पुलिस बल को लगाया गया है, लेकिन भीड़ ज्यादा होने पर हर साल जाम की स्थिति बनती है। जिससे निपटना प्रशासन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।

## स्पेलरकर्मी को गाली-गलौज व मारपीट कर किया घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** गांव खुदागंज निवासी संतोष कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि वह रविवार दोपहर में स्पेलर पर था। उसी समय गांव के ही संतोष कुमार सक्सेना व एक अज्ञात व्यक्ति स्पेलर पर आये और गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध किया, तो अखिलेश व उसके साथी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। जिससे उसके काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

## खबरें एक नजर में

### निराश्रित गौवंशों को पकड़ने का चला अभियान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा के द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में नगर पालिका परिषद कायमगंज द्वारा नगर सीमा क्षेत्र में घूम रहे निराश्रित गवांशों को पकड़वाने का अभियान चलाया गया। जिसमें 02 मादा व 02 नर गोवंशों को पकड़वाकर रुकैया खलीदादपुर स्थित गौशाला में भेजा गया। अभियान में राजस्व निरीक्षक अंशुमन, आनंद शुक्ला सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, अनिल कुमार आजाद, सफाई नायक बृजेंद्र, सुभाष, रवि व नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नलकूप का पानी निकालने को लेकर हुई मारपीट, नौ का चालान

**कमालगंज,समृद्धि न्यूज।** गांव श्रंगीरामपुर में शनिवार को सायंकाल नलकूप के पानी की निकासी को लेकर प्रथम पक्ष शिव तिवारी, शुद्धाक दुबे, सत्यम तिवारी, दीपू तथा द्वितीय पक्ष आनन्द, अनुज दुबे, अरूण दुबे में लाठी-डंडे चले। जिसमें दोनों ओर के लोगों के चोटें आई हैं। पुलिस ने सभी का शांतिभंग में चालान कर दिया। उधर गांव तेरा अकबरपुर निवासी अंकित ने जबरजस्ती एक दीवार बनाई। जिसको पड़ोसी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अंकित एवं कुन्दन नगला निवासी प्रमोद राजपूत का शांतिभंग में चालान कर दिया।

### आठ दिन पूर्व चारा लेने गयी महिला का चीनी मिल के नाले में पड़ा मिला शव



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस व मौजूद ग्रामीण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गॉव मझोला निवासी रूची कोरी उम्र 36 वर्षीय पत्नी जयवीर कोरी बीते 8 दिन पूर्व खेत पर चारा लेने गई थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन की गयी, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। दूसरे दिन मंगलवार को कोतवाली में पति ने पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रविवार सुबह खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने रुचि का शव घर से लगभग 300 मीटर की दूरी पर सहकारी चीन मिल के नाले में पड़ा देखा और गॉव वालो को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने रुचि के कपड़ों से पहचान की। शव पर जगह-जगह जलने के निशान थे। सूचना पर पहुँचे क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह, मन्डी चौकी इन्चार्ज अवधेश कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचकर जाँच पड़ताल की। फॉरैसिक टीम ने साक्ष्य जुटाये। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका रूचि की माँ सरला ने बताया की उसने अपनी बेटी रुचि का विवाह गाँव प्रेमनगर से किया था। दामाद जयवीर पत्नी रुचि को लेकर अपनी ससुराल के पास जमीन खरीदकर रहते हैं। उसके दो बच्चे अन्शुल व सम्राट हैं। रूचि के जेठ की पत्नी की मौत के बाद उनकी बच्ची कव्या को गोद लिया। मृतका रूचि दो बहनों में बड़ी थी। छोटी बहन अंजली है।

# पत्नी से विवाद में सब्जी विक्रेता फांसी पर झूला



जांच पड़ताल करती पुलिस

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऊगरपुर निवासी 32 वर्षीय हेमराज पुत्र बाबूराम जाटव ने सीलिंग फैन के कुंडे में साड़ी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। मृतक की पत्नी अलका ने बताया कि शुक्रवार को दिल्ली से वापस लौटकर मेरे पास मायके ग्राम छदामी थाना मेरापुर में मंगलवार को भाई की शादी समारोह में शामिल होने आये थे। दस वर्ष पूर्व जनपद कन्नौज के थाना क्षेत्र छिबरामऊ में अपनी पैतृक जमीन को बेचकर ऊगरपुर रहने लगे थे। दिल्ली में वह सब्जी की दुकान पर काम करते थे। शनिवार को मुझसे झगड़ा कर ऊगरपुर चले आए और रविवार की बीती रात उन्होंने फांसी लगा ली। सुबह कुछ लोग मृतक हेमराज को खोजते हुए आए और पता चला कि मृतक हेमराज ने फांसी लगा ली है। मृतक की शादी 10 साल पूर्व हुई थी। पत्नी अलका, पुत्र विवेक 5 वर्ष, पुत्री दिव्यांशी 9 वर्ष तथा छोटा पुत्र अंश 2 वर्ष है। मृतक दो भाई था। जो दिल्ली में काम कर रहा है।

सुबह 6 बजे ग्राम प्रधान के भांजे राजेश ने 112 डायल को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक विनोद शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फिल्ड यूनिट की टीम भी मौके पर पहुंची। मृतक की पत्नी अलका का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक चार भाईयों में सबसे छोटा था। मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री है। कोतवाल विनोद शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



शोभायात्रा के दौरान शिव के स्वरुप में बच्चे व बीके बहनें

## नगर में निकाली गयी शिव संदेश यात्रा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** महाशिवरात्रि को लेकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविघालय सेन्टर की संचालिका बीके मिथलेश के नेतृत्व में परमात्मा शिव सन्देश यात्रा निकाली गई। भव्य शोभा यात्रा का शुभारम्भ डॉ0 मिथलेश अग्रवाल ने किया। शिव सन्देश यात्रा पानी कि टंकी के निकट पटवन गली स्थित आश्रम से शुरु होकर नगर के चिलाँका, पुल गलिब पुलिया, तहसील रोड जामा मस्जिद, काजम खाँ, बजारिया, लोहाई बाजार, मैन चौराहा, गल्ला मन्डी चौराहा, जटवारा, टीपी चौराहा, पृथ्वी दरवाजा, भूसा मन्डी होते हुए आश्रम जाकर समाप्त की गई। यात्रा में भगवान शिव, माँ सरस्वती, लक्ष्मी व माँ दुर्गा की झांकियों को देखकर मंत्र मुग्ध हो गये। इस दौरान बीके ज्योती बहन, बीके श्याम, राजेश, वाल किशन, जय किशन गुप्ता, बीके धमेन्द्र मौजूद रहे।

# शांति कमेटी की बैठक में पर्वों को सौहादपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



बैठक लेते क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष तथा मौजूद क्षेत्रीय लोग

रविवार को कायमगंज कोतवाली में शांति संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय पावन पर्व महाशिवरात्रि व रमजान में शांति व्यवस्था बनाए रखने व पर्व के सकुशल संपन्न कराने हेतु ड्रोन कैमरे द्वारा निगरानी के निर्देश दिए गए। संगोष्ठी की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी राम अवतार व क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा द्वारा की गई।

इस अवसर कस्बा चौकी इंचार्ज नागेंद्र सिंह, एसआई सुरजीत कुमार, मंडी चौकी इंचार्ज अवधेश व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष सुबोध गुप्ता उर्फ मंसाराम, अनुराग कौशल, श्रवण कौशल, अजय गुप्ता, हिमांशु शर्मा, मनीष अरोड़ा, श्यामू गुप्ता, गौरव वर्मा, संजय भारद्वाज, दिलीप वर्मा, जेहान अहमद, शिवमंगल कौशल, हेतराम राजपूत व उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष मनोज कौशल, नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, अमित सेठ, अतुल गुप्ता व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, शिव बालक सिंह, सभासद सुनील गुप्ता, प्रदीप शाक्य, प्रधान फरमान खान, शाहनूर खान, हाफिज, हिंदू महासभा अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना व नगर के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से सभी लोगों से आपसी तालमेल व शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

# ससुरालीजनों ने महिला को घर से निकाला, मायके में हुई मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मृतका का फाइल फोटो

थाना कमालगंज के अंतर्गत ग्राम चौसपुर निवासी अंजुम की शादी मुस्लिम रीति रिवाज से दिनांक 26.11.2019 को मोहम्मदाबाद निवासी शमीम अली पुत्र इकबाल के साथ हुई थी। शादी के बाद से अंजुम को पति व अन्य ससुरालीजन अंजुम को दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर सभी ने एक राय होकर मारपीट करने के बाद अंजुम को उसके घर छोड़ गये और कहा कि 50,000/- रुपये और एक मोटरसाइकिल और एक चेन सोने की यह सब लेकर आना तभी तुम अपनी लड़की अंजुम को मेरे घर में रखने की सोचना। यह कहकर वह लोग चले गए। करीब एक महीने के बाद अंजुम के पेट में दर्द हुआ, जब परिजनों ने दिखाया, तो पता चला कि अंजुम के पेट में चोट के कारण गांठ बन गयी है। जिसका इलाज अंजुम के माता पिता ने कराया। उसके बाद अंजुम बीमार पड़ती गई और उसके ससुरालजनों को कई बार सूचना दी गई की अंजुम की हालत ठीक नहीं है। इसके बाद परिजनों ने महिला थाना फतेहगढ़ जाकर ससुरालीजनों के खिलाफ दिनांक 27.01.2025 को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

तब अंजुम ने कहा कि मेरे पति को बुला दीजिए। तब अंजुम के पिता ने अंजुम से पति की बात करायी, लेकिन पति ने गाली-गलौज करते हुए फोन काट दिया और कहा कि तुम मर जाओ। जिससे अंजुम और टूट गयी। कई दिन हॉस्पिटल में भर्ती रही, लेकिन अंजुम के ससुरालवाले ना ही अंजुम को देखने आए और फिर रविवार को अंजुम मोहम्मदाबाद कोतवाली में ससुरालवालों के खिलाफ तहरीर देने गई थी। तहरीर देकर अंजुम अपने घर आ गयी। कुछ देर बाद उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी।

# नव विवाहिता ने गमछा से फांसी लगाकर की आत्महत्या



परिजनों से जानकारी करतीं सीओ व मौजूद थानाध्यक्ष आदि

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम कुड़री सारंगपुर निवासी अनमोल कश्यप की 21 वर्षीय पत्नी विनीता कश्यप ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक्षा का शव को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के अंतर्गत ग्राम जिठौली निवासी रामनरेश कश्यप ने अपनी बेटी विनीता की शादी थाना अमृतपुर के अंतर्गत ग्राम कुड़री सारंगपुर निवासी अनमोल कश्यप के साथ 1 वर्ष पूर्व की थी। 21 फरवरी को रामनरेश कश्यप अपनी पुत्री विनीता के घर कुड़री सारंगपुर आया था। उनके साथ एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अनमोल जा रहा था। पत्नी विनीता उसको जाने से रोकना चाह रही थी। अनमोल पत्नी की इच्छा के विरुद्ध अपने ससुर के साथ चला गया। जिससे नाराज पत्नी विनीता ने मौका पाकर दीवार में गड़ी कील में गमछा बांधकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सीओ ऐश्वर्या उपाध्याय, थाना अध्यक्ष मोनू शाक्य, चौकी इंचार्ज विमल कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते ही मृतका के पिता रामनरेश कश्यप, मां रामकली सहित अन्य परिजन पुत्री के घर पहुंचे। जहां दोनों पक्षों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला महिला का शव

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुरालीजनों पर हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव कुआंखेड़ा के मजरा अलीगढ़ निवासी रजनी शाक्य उम्र 32 वर्षीय पत्नी दुर्गेश शाक्य का शव उसके कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष व कुआँखेड़ा चौकी इन्चार्ज जितेन्द्र कुमार ने जाँच पड़ताल कर मृतका के शव को फाँसी के फंदे से नीचे उतरवाकर शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं मृतका के भाई जितेन्द्र पुत्र भगवान सहाय निवासी जखराई जनपद एटा ने बताया कि उसने अपनी बहन रजनी का विवाह सात वर्ष पूर्व दुर्गेश के साथ किया था। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुरालीजन दहेज की अतिरिक्त माँग को लेकर उसकी बहन को प्रताड़ित करते थे। आज उसके पति दुर्गेश, देवर और पिता ने रजनी का गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जितेन्द्र की तहरीर पर ससुरालजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।



गुमशुम बैठे मृतका के परिजन

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



अस्पताल में रोते बिलखते मृतक के परिजन

कोतवाली क्षेत्र के गाँव सत्तार नगर निवासी आमोद शाक्य उम्र 25 वर्षीय पुत्र जोगराज अपने मौसेरे भाई चमन पुत्र बीरबल निवासी चिलसड़ी को साथ लेकर बाइक द्वारा अपने पिता जोगराज को खाना देकर अतर खाँ की आरा मशीन खान पेट्रोल पम्प से वापस घर लौट रहा था, तभी गांव के निकट मरघट के पास पहुँचते ही आलू से भरे ट्रैक्टर ने उसकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार आमोद की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा मौसेरा भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र कुमार ने आमोद को मृत घोषित कर दिया। साथी चमन को प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर भागने लगा। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को पकडकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मौत की सूचना पाते ही मृतक की मॉ सरोजा देवी सहित अन्य परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# सदर विधायक की पहल, ढिलावल व नगला खैरबंद में मिले ओवरब्रिज

▸ 4.67 करोड़ के बजट से लाइन की जायेगी शिफ्ट, जाम से मिलेगी निजात

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

ठंडी सड़क स्थित देवरामपुर क्रॉसिंग 154 और ढिलावल नगला खैरबन्द रेलवे क्रॉसिंग 9सी जो सदर विधायक सुनील दत्त द्विवेदी के 08 अक्टूबर 2024 को प्रमुख सचिव लो.नि.वि. को प्रेषित संलग्न पत्र में अंकित है, उसकी वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। सदर विधायक ने शहर के ओवरब्रिज व सड़कों को लेकर जारी पत्र में बताया कि उ.प्र. सरकार ही बनायेगी और अपने बजट से 100 करोड़ लम्बाई/कि.मी., केन्द्र सरकार की धनराशि का अंश नहीं है, इसमें उ.प्र. सरकार के शासनादेश को जल्द ही कराया जायेगा। विधायक ने इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव लो.नि.वि. से भी होनी है। पैसा इसी वित्तीय वर्ष में स्वीकृत हो गया है। जी.ओ. के होते ही जल्द ही काम शुरु होगा। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे (गंगा लिंक एक्सप्रेस-वे)जो आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे को गंगा एक्सप्रेस वे से कनेक्ट करेगा। जिससे फर्रुखाबाद के विकास की गति पकड़ने वाले जिलों में आ जायेगा। इसके लिये 900 करोड का बजट में प्रावधान करने के लिये मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। गंगा एक्सप्रेस-वे की घोषणा के बाद यह मांग उठ रही थी। इस सम्बन्ध में स्थानीय विधायक मुख्यमंत्री से मिले थे और आश्वासन मिलने के बाद नवीन बजट में घोषणा हुई। इस संबंध में सदर विधायक केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी मिले थे और इटावा-बरेली मार्ग जो पाचालघाट पुल होकर जाता है 730 सी राजमार्ग, उस पर बाईपास के लिये आग्रह किया था। वह भी स्वीकृत हो गया है और इस पर गंगा जी और रामगंगा जी पर पुल भी स्वीकृत हो गया है।



मुख्यमंत्री को राम दरबार का चित्र भेंट करते सदर विधायक

फतेहगढ़ जिला जेल चौराहे से गुरसहायगंज तक 24 किमी के मार्ग के 4 लेनी करण (चौड़ीकरण) का प्रस्ताव विधानसभा में रखा था। उसका भी स्टीमेट इसी महीने जिलाधिकारी द्वारा भेजा जायेगा। फॉरेस्ट विभाग द्वारा सर्वे स्वीकृत हुआ है। साथ ही नगर में कादरीगेट-मसेनी मार्ग का चौड़ीकरण 7 मीटर एवं दोनों तरफ नाली निर्माण व बिजली के खम्बों को शिफ्ट करना कार्य का शिलान्यास हो चुका है। शीघ्र ही निर्माण कार्य तेजी में लाया जायेगा।

# निषाद पार्टी ने मनायी संत गाडगे की जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

रविवार को पवन आयल मिल्स कम्पाउण्ड बढ़पुर में संत शिरोमणि बाबा संत गाडगे महाराज की जयंती मनायी गई। साथ ही गोष्ठी का आयोजन हुआ। निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप व भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने संत गाडगे के चित्र पर पुष्प अर्पित किये।

अमरनाथ कश्यप ने कहा कि संत गाडगे जी महाराज गौतम बुद्ध की भांती पीड़ित मानवता की सहायतार्थ तथा समाजसेवा के लिए उन्होने फरवरी 1905 को गृहत्याग किया। गाडगे दया, करूणा, मार्तभाव, सममेत्री, मानव कल्याण, परोपकार, दीनहीनों के सहायतार्थ आदि गुणों के भंडार बुद्ध के अवतार जैसे थे। वह गृहत्याग से लेकर 1917 तक साधक अवस्था में रहे। बाबूराम बाथम ने कहा कि संत गाडगे जी महाराज द्वारा स्वच्छता एवं शिक्षा की बीड़ा उठाने के उपरान्त जो धन गांवों वालों से उन्हें प्राप्त होता था उसे वह सामाजिक विकास कार्य में लगाया करते थे। कैलाश शंकर कनौजिया ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर गाडगे के कार्यो को बताया और कहा कि उन्होंने चिकित्सालयों व छात्रावासों, गौशाला एवं धर्मशाला व विद्यालय का निर्माण कराया। इस मौके पर राजवती बाथम, जंगाली लाल बाथम, पूनम कश्यप, दुर्गेश कश्यप, देशराज कश्यप, अनिल वर्मा, जितेन्द्र कनौजिया, श्रीनिवास श्रीवास्तव, मुनेश चन्द्र मिश्रा, सुरेन्द्र पुजारी, इन्द्र कश्यप, सागर कश्यप, कुलदीप, मुनीश कश्यप, सुबोध कुमार कठेरिया, प्रदीप सक्सेना, सुरेश कश्यप, ज्ञानेन्द्र, आदि लोग मौजूद रहे।



संत गाडगे के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग



बैठक में मौजूद व्यापारी

## व्यापार मण्डल ने की प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ हुई घटना में कार्यवाही की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट की बैठक वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजू गौतम के निवास सिकत्तर बाग में सम्पन्न हुई। बीते दिनों प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी के साथ हुई मारपीट पर व्यापार मण्डल ने चर्चा कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने कहा कि प्रशासन जांच कर शीघ्र दोषियों पर कार्यवाही करें। इस तरह का हमला आरोपियों द्वारा करना दुर्भाग्यपूर्ण है। व्यापार मण्डल प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी के साथ खड़ा है। अगर कार्यवाही नहीं हुई तो व्यापारी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कनौजिया उर्फ लालू, सौरव शुक्ला, सचिन अग्रवाल, अरविन्द गुप्ता, सौरव रस्तोगी, राजू गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# खेलकूद प्रतियोगिता में राजकमल, संध्या व सत्यम रहे अव्वल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

डीएन कॉलेज फतेहगढ़ में में चल रहे त्रि-दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता उड़ान के द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्या डॉ. शालिनी सिंह व विशिष्ट अतिथि डॉ. डीवी सिंह व डॉ.सर्वेश कुमार, प्राचार्य प्रो. डॉ. मनोज गर्ग ने मां वाणी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

प्राचार्य प्रो. डॉ. मनोज गर्ग ने अतिथियों का परिचय कराया। संचालन वाणिज्य प्रवक्ता डॉ. एचएसएन गुप्ता व विनय कुमार बाथम ने किया।

प्रतियोगिता के प्रभारी डॉ. राम नरेश सिंह एवं पूर्व प्रभारी एच.एस.एन. गुप्ता ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि डॉ. शालिनी सिंह ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं से शारीरिक व मानसिक विकास होता है और बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा का निखार होता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं अतिथिगण पूर्व प्राचार्य डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. मुकेश सिंह राठौर, डॉ. विनीता वर्मा, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. सत्येन्द्र कुमार, डॉ. अजहर जुनैद आलम, डॉ. मो. अमीन, डॉ. अशोक कुमार शर्मा, सरस पाठक, वीरभान सिंह, प्रियान्शु सिन्हा, अनामिका मिश्रा, शिक्षणेत्तर कर्मचारी रामभान सिंह सेंगर, विनोद कुमार, योगेन्द्र कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। 5 हजार मीटर छात्र वर्ग दौड़ में राजकमल प्रथम, नारायण वर्मा द्वितीय, शिवा बाथम तृतीय रहे। 5 हजार मीटर छात्रा वर्ग दौड़ में संध्या कठेरिया प्रथम, अंशिका पाल द्वितीय, रुचि तृतीय रही। हैमर थ्रो छात्र वर्ग में सत्यम सिंह प्रथम, साहिल यादव द्वितीय, मुकुल कुमार तृतीय रहे। ऊंची कूद छात्र वर्ग में सत्यम सिंह प्रथम, सत्यांश यादव द्वितीय, प्रियांश सिंह तृतीय रहे।

ऊंची कूद छात्रा वर्ग में शिवानी वर्मा प्रथम, संध्या कठेरिया द्वितीय, गायत्री शाक्य तृतीय रही। स्लो साइकिल रेस में सत्यांश यादव प्रथम, मुकुल कुमार द्वितीय, शिवम यादव तृतीय रहे। स्लो साइकिल रेस छात्रा वर्ग में चाहत प्रथम, रुचि द्वितीय, अनन्या तृतीय रही।



कार्यक्रम का शुभारम्भ करती मुख्य अतिथि डॉ. शालिनी सिंह



ऊंची कूद में भाग लेता छात्र

# डीएसबीडी पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह सम्पन्न



विदाई समारोह में मौजूद बच्चे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

डीएसबीडी पब्लिक स्कूल पांचाल घाट में धूमधाम से विदाई समारोह मनाया गया।

प्रधानाचार्य विभोर सोमवंशी, एमडी हरभान सिंह, प्रशासक अनुराग सोमवंशी व डायरेक्टर वैभव सोमवंशी ने विचार व्यक्त किये और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। शिक्षक सचिन पाल, ज्ञान प्रकाश, अभिनव पाल, कीर्ति, आकृति, सोनाली आदि ने तिलक लगाकर बच्चों को मिठाई खिलाई और रक्षा सूत्र बांधा। सपनों को पंख लगाना, आगे बढ़ते जाना, नई राहें, नई मुकाम, सफलता से करो नाम, बिछड़ रहे है आज मगर यादें रहेगीं उम्र स्लोगन के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

# सर्व समाज को एकत्र रहकर समाज को शिक्षित व संगठित करें: वीरेन्द्र सिंह यादव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

संत शिरोमणि गाडगे महाराज का जन्मोत्सव सर्व समाज द्वारा धूमधाम से भोलेपुर स्थित गेस्ट हाउस में मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय वीरेन्द्र सिंह यादव, विशिष्ठ अतिथि अपर आयुक्त जीएसटी पंकज के सिंह व भाजपा नेत्री मिथलेश अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भूदेव सिंह राजपूत, केके शंखवार, कपिल, सुषमा कठेरिया आदि ने कार्यक्रम में शामिल होकर विचार व्यक्त किये। पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, बीके चौधरी, जवाहर सिंह गंगवार ने विचार व्यक्त किये। संचालन रामनरेश मराल व वीरेन्द्र कठेरिया ने किया।

सभा के अध्यक्ष पीपी सिंह व आयोजन सभा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह कठेरिया एवं रविन्द्रनाथ दिवाकर ने कार्यक्रम सम्पन्न कराया। मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथि ने कहा कि सर्व समाज को एकत्र रहकर अपने समाज को शिक्षित एवं संगठित व संघर्ष करने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों की रक्षा संगठित रहकर ही कर सकते है। हम लोग कुरीतियों एवं अंधविश्वासों को त्यागे एवं महिलाओं को शिक्षित होने पर बल दिया। प्रधानाचार्य संतोष कुमार दिवाकर, राहुल कनौजिया, दीपक माथुर, सोनेलाल, सुनील, दुर्गेश कुमार, नवनीत कुमार, खुशीराम, कृष्ण कुमार शंखवार, राजेश दिवाकर, देव कठेरिया, रमेश चन्द्र कठेरिया, अखिलेश कुमार कठेरिया, अतुल मराल, रामनरेश कठेरिया, प्रभुदयाल, गंगाराम, रामनाथ वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद मंचासीन अतिथि



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व अभिभावक

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में ओपन स्कूल-डे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर के रेलवे रोड स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में ओपन स्कूल-डे कार्यक्रम को आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से लेकर 11वीं कक्षा के बच्चों व उनके अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। यहां बच्चों को नई शिक्षा पद्वति में आये आधुनिक विषय व आधुनिक तकनीकी के बारे में अवगत कराया गया। जिसमें करीब 500 बच्चों व अभिभावकों ने स्कूल को बारीकी से देखा और काफी प्रशंसा की। करीब 200 बच्चों ने प्रवेश परीक्षा दी। जिसका परिणाम चार दिन बाद घोषित किया जायेगा। जिन छात्रों ने पहले प्रवेश परीक्षा दी थी। उनका आज प्रवेश सुनिश्चित कर दिया गया। आपेन स्कूल-डे कार्यक्रम में तरह-तरह की एक्टिविटी, म्यूजिक, गेम, क्राफ्ट, लैब व अन्य क्रियाकलापों के जरिये स्कूल का परिचय करवाया गया। प्रबंधिका निमिषा गुप्ता, प्रधानाचार्य आलोक सक्सेना व उपप्रधानाचार्य रवि श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# लक्ष्य के प्रति केंद्रित होना होगा: सुयश तिवारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हार्टफुलनेस ध्यान के नियमित अभ्यास से मन का भटकना बंद हो जाता है। समस्याओं और चिंताओं में उलझने के बजाय हम समाधान की ओर बढ़ते हैं। यह हमें लक्ष्य के प्रति केंद्रित करने में मदद करता है। सुबह के समय 20 मिनट नियमित ध्यान के अभ्यास से शुरुआत कर सकते हैं, ये विचार एकात्म अभियान के तहत मोहम्मदाबाद ब्लॉक के मुरान गांव में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ से आए प्रशिक्षक सुयश तिवारी ने रखे। ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह सहित 24 ग्रामीणों ने प्रशिक्षण लिया।

हमीरपुर प्राथमिक विद्यालय में संत कबीर नगर से आए प्रशिक्षक आनंद कुमार ने प्रधानाचार्य कृष्ण मुरारी सहित छात्र छात्राओं को ध्यान कराया। देवरिया से आए प्रशिक्षक दीपक ने नगला देवी और कमालगंज में कप्तानगंज से आए प्रशिक्षक सतीश वर्मा ने 50 से अधिक ग्रामीणों को ध्यान कराया। प्रशिक्षक समीर कुमार ने याकूतगंज में 20 ग्रामीणों को ध्यान कराया। हरदोई से आए डॉ0 संजय विक्रम सिंह ने नारायणपुर गढ़िया, कंदरापुर गांव में 30 ग्रामीणों को ध्यान कराया। बस्ती निवासी प्रशिक्षक राम मिलन पांडेय, सेवानिवृत्त बीडीओ कामताप्रसाद, सौरभ कुमार व अमेठी केंद्र से आरपी यादव आदि उपस्थित रहे।



ध्यान लगाते संस्था से जुड़े सदस्य व अन्य

# बोर्ड परीक्षा में लापरवाही होने पर केंद्र व्यवस्थापक को माना जायेगा दोषी

▸ 24 फरवरी से 12 मार्च तक होने वाली बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक कार्य के लिए समय पर तैनात हो और सुबह व सायंकाल की पाली में सम्पूर्ण अवधि तक पाली वार ड्यूटी करें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने पत्र जारी कर समस्त प्रधानाचार्य व केंद्र व्यवस्थापकों को यूपी बोर्ड परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए निर्देशित किया है। 24 फरवरी से 12 मार्च तक होने वाली बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक कार्य हेतु समय पर तैनात हो और सुबह व सायंकाल की पाली में सम्पूर्ण अवधि तक पाली वार ड्यूटी करें। चार्ट अनिवार्य रुप से प्राप्त कर ले। शिक्षक-शिक्षिकायें जो भी ड्यूटी कर रहे है उनकी ड्यूटी स्वास्थ्य के अनुसार नहीं लगाये। किसी प्रकार की अव्यवस्था दिखायी दी तो केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी और वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

### बोर्ड परीक्षा आज, 47671 परीक्षार्थी लेगें भाग

**फर्रुखाबाद।** सोमवार से हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हो रही है। 24 फरवरी से शुरु होने वाली परीक्षा की जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। जिले में 77 केंद्रों को 6 जोन में बांटा गया है। हाईस्कूल और इंटर मीडिएट में 47671 परीक्षार्थी का पंजीकृत है। हाईस्कूल में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 24418 है। जिसमें बालक 13499 व बालिकायें 10919 है। वहीं इंटर मीडिएट में परीक्षार्थियों की संख्या 23253 है। जिसमें बालक 13236 व बालिकायें 10017 है। कुल जिले में हाईस्कूल व इंटर में पंजीकृत छात्र-छात्राओं की संख्या 47679 है। सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी कन्ट्रोल रुम में सीसीटीवी कैमरे से की जा रही है।

# सर्च लाइट भवन बीबीगंज में मनायी गई 89वीं शिव जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

रविवार को 89वीं शिव जयन्ती (महाशिवरात्रि) का कार्यक्रम सर्च लाईट भवन बीबीगंज में बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, एसडीएम कायमगंज गजराज सिंह, ईश्वरदास ब्रह्मचारी महाराज, सुरेश गोयल एवं केंद्र संचालिका बी.के. मंजू बहन मंचासीन रही। संचालन भारती मिश्रा ने किया।

बी0के0 गिरिजा बहन एवं बी0के साक्षी बहन ने अतिथियों का बैज लगाकर एवं पटके से स्वागत किया। शिवराम कश्यप ने सभी का शब्दों द्वारा स्वागत किया। कु0 अंशिका सिंह ने भाव नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसका सभी ने ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने केक काटकर ध्वजारोहण किया एवं प्रतिज्ञा करायी गई। डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि 365 दिन में 8 दिनों का बहुत महत्व है जिसमें मुख्य आज महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है, इस दिन किसी भी मुहूर्त में कोई भी शुभ कार्य किया जा सकता है। हमारा हर एक संकल्प एवं कर्म शिव मय हो शास्त्रों के अनुसार शिवत्व से बढ़कर कई अन्य शक्ति नहीं है, संस्कति का धर्म में बहुत महत्व है। धर्म कोई बस्तु नहीं, परन्तु वो हर चीज जो मनुष्य के इस लोक तथा परलोक का मार्ग प्रसस्त करें, वही सत्य धर्म है। हर कोई अपने दायित्व का सत्यता से पालन करें। अगर हम राष्ट्रीयता को बढ़ावा दे, विकासशील बन जाएगें। केन्द्र संचालिका बी.के. मंजु बहन ने कहा कि जयन्ति का अर्थ अवतरण होता है। जो कि परमात्मा के धरा पर आवतरित का इसारा करता है। अपने वक्तव्य में शिव एवं शंकर का स्पष्ट करते हुए कहा कि शास्त्र अनिश्चित काल से हमारे मार्गदर्शक के रूप में रहे हैं। गीता में शिव के लिए ऐसा वर्णित है कि विनु पग चलै सुनै विनु काना.. तो हमारे शास्त्रों के अनुसार शिव परमात्मा निराकार है, परन्तु शंकर एक आकारी शरीर वाले देवता हैं। बी0के0गिरिजा बहन ने सभी को योगाभ्यास कराया एवं कहा कि सांर में दुःख का कारण विकार है। विशिष्ट अतिथि विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि संसार को बदलने का मुख्य स्रोत शिक्षा है। शिक्षा ही भारत को विश्व गुरू बनाने का मुख्य आधार है। कार्यक्रम के अध्यक्ष ईश्वरदास महाराज ने अपने विचारों को व्यक्त किया एवं शिवरात्रि की शुभकामनाए दी। भारती मिश्रा ने कहा कि शिव ही कल्याणकारी है। ईश्वरीय सौगात के बाद दो मिनट परमात्मा को याद एवं धन्यवाद कर कायक्रम सम्पन्न हुआ। सुरेश गोयल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



झण्डा रोहण करते डीएम व विधायक मौजूद मंजू बहन आदि

## हथियापुर में सपा की पीडीए पंचायत सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी की पीडीए पंचायत हथियापुर के बूथ नंबर 66 में संपन्न हुई। कार्यक्रम के आयोजक शकील अहमद रहे। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि आज जिस प्रकार से पूरे प्रदेश में पीडीए समाज जागरूक हो गया है, उससे भारतीय जनता पार्टी की नींदे उड़ गई है। समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर पीडीए समाज को हक और अधिकार दिलाकर रहेंगे। जहां एक ओर अखिलेश यादव हर समाज को बराबरी का सम्मान देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। वहीं भाजपा लोगों को धर्म और जाति में बांटकर देश में दुश्मनी और नफत फैलाना चाहती। इस मौके पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, शिव शंकर शर्मा, चंद्रेश राजपूत, साजिद अली खान, मुख्तार आलम, मोहित यादव, अंकित यादव, विमलेश शर्मा, मुजाहिद अली, कमल हसन, माजिद अली, अंकुर शाक्य, राज मनोहर तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# महर्षि दयानंद सरस्वती की 201वें जन्मदिवस पर हुआ यज्ञ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय नवजागरण के पुरोधा प्रखर राष्ट्र चिंतक संत आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती के 201वें जन्म दिवस को जनपद की सभी आर्य समाजों में धूमधाम से मनाया गया। गुरु विरजानंद आर्ष गुरुकुल भोलेपुर में ब्रह्मचारियों द्वारा यज्ञ किया गया।

आचार्य संदीप आर्य ने यज्ञ संपन्न कराया। उन्होंने कहा महर्षि दयानंद सरस्वती भारतीय संत परम्परा के ऐसे दैदीप्यमान नक्षत्र थे। जिन्होंने धर्म के नाम पर चल रहे अंध विस्वास, पाखण्ड और आडम्बरों से ग्रसित जनमानस को वेद का मार्ग दिखाया। उन्होंने हमें बताया कि वेद ईश्वरीय वाणी है जो परमात्मा ने सभी मनुष्यों के कल्याण के लिए प्रदान की है। वेदों की अवज्ञा करने के कारण ही समाज मे अविद्या अंधकार और अनाचार बढ़ता जा रहा है, इसलिए सुखमय जीवन जीने के लिए उन्होंने वेदों की ओर लौटो का नारा दिया। स्वामी दयानंद स्त्री शिक्षा के प्रवल समर्थक थे। उस समय कुछ लोगों ने स्त्री शिक्षा पर रोक लगा दी थी, ऐसे समय में उन्होंने वैदिक कालीन विदुषी नारियों के उदाहरण देकर सभी को निरुत्तर कर नारी शिक्षा का मार्ग प्रसस्त किया तथा कन्याओं को वेडवेदांग की शिक्षा हेतु अपनी प्रेरणा से अनेकों कन्या गुरुकुल खुल वाये जो आज भी आर्य समाज द्वारा संचालित होकर मातृशक्ति का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रुकवा कर तथा विधवा पुनर्विवाह प्रारम्भ कराकर नारियों की दयनीय स्थिति में सुधार कर नारी जाति पर उपकार किया।

आचार्य चन्द्रेव शास्त्री ने कायमगंज क्षेत्र के ग्राम दारापुर में आर्य समाज के तत्वावधान में ऋषि जन्मोत्सव सम्पन्न कराया। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद ने वेदों में वर्णित एकेश्वरवाद से समाज को जोड़कर जड़ जड़ित पाषाण पूजा त्यागने का संकल्प कराया। मंत्री डा0 शिवराम सिंह आर्य ने आर्य समाज नबावगंज में क्षेत्रीय आर्यजनों की उपस्थिति में ऋषि जन्मोत्सव पर्व मनाया। इस मौके पर आचार्य रामप्रकाश, आचार्य ओमदेव शास्त्री, हरिओम शास्त्री, ब्रह्मचारी हर्ष आर्य, सुरेंद्र सिंह आर्य, सुरेश चंद्र आर्य, प्रशांत आर्य, उत्कर्ष आर्य, रमेश चंद्र, घनश्याम आर्य, उदिता आर्या, रितु आर्या आदि लोग मौजूद रहे।



यज्ञ में आहूति देते आचार्य व अन्य

# राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

तिकोना सब्जी मंडी स्थित पुष्कर कराटे अकादमी में राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि जीजीआईसी की प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत एवं बाल कल्याण बोर्ड के सदस्य सोमेश मिश्रा, शिवानी मिश्रा, किशोर कल्याण बोर्ड की सदस्य सुमन राठौर व भाजपा नेत्री बबीता पाठक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कोच पारस भारद्वाज व आरती भारद्वाज ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

दिल्ली में तालकटोरा स्टेडियम में 27 व 28 दिसंबर को हुई प्रतियोगिता भाग लेकर अपने जिले का नाम रोशन करने वाले छात्रों और छात्राओं ने मेडल प्राप्त किये थे। जिसमें अर्पिता भारद्वाज, पुष्कर भारद्वाज, उमंग, दीक्षा, शौर्य, ऋतिक, सुंदरम, आरव, सक्षम, आदित्य, पाखी, अभया, तनिष्का, कृष्ण, प्रबल आदि ने जनपद का नाम रोशन किया था। रविवार को उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नेशनल प्रतियोगिता में 20 प्रदेशों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। फर्रुखाबाद की टीम ने अपने जनपद का नाम ही नहीं बल्कि अपने प्रदेश का नाम दूसरे स्थान पर लाकर रोशन किया। कराटे एसोसिएशन ऑफ फर्रुखाबाद का विस्तार किया गया। जिसमें बबीता पाठक को उपाध्यक्ष और शिवानी मिश्रा को उपसचिव नियुक्त किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि हम लोग कराटे को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास के लिए तैयार हैं। कोच पारस भारद्वाज और आरती भारद्वाज इन बच्चों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि एकेडमी के बच्चे कई बार नेशनल स्तर पर अपने जिले का नाम रोशन कर चुके है। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने कहा कि आज के समय में यह सभी छात्रों को तो विशेष तौर पर सीखना चाहिए, क्योंकि उनके लिए तो बहुत जरूरी है जिससे वो किसी स्थिति में अपने आप की सुरक्षा कर सके। संचालन हर्षित मिश्रा ने किया।



प्रशस्ति पत्र के साथ मौजूद खिलाड़ी एवं अतिथिगण

### विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 45 देशों के राजदूत और डिप्लोमेट्स के साथ काशी तमिल संगमम में किया संवाद

# भारत की विविधता लोगों को करती है आश्चर्यचकित

**भारतीयों की एकजुटता से दुनिया भर के लोगों को लेना चाहिए सबक : रवांडा उप उच्चायुक्त**

समृद्धि न्यूज



**वाराणसी।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है, जो अक्सर लोगों को आश्चर्यचकित करता है कि इतनी सारी भाषाओं, परंपराओं और मान्यताओं के बावजूद यह देश कैसे एक साथ बना हुआ है। यह विविधता और इसमें अंतर्निहित एकता सभी भारतीयों को एक राष्ट्र के रूप में एकजुट रखती है। विदेश मंत्री रविवार को काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में तमिलनाडु से आए प्रतिनिधियों और विदेशी राजनयिकों के साथ संवाद कर रहे थे।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के ओंकार नाथ ठाकुर सभागार में परंपरा, प्रौद्योगिकी और विश्व, विषय पर आयोजित अकादमिक सत्र में विदेश मंत्री ने तमिल भाषा में वणक्कम काशी कहकर प्रतिनिधियों का स्वागत किया। काशी की प्राचीनता और आध्यात्मिकता का जिक्र कर विदेश मंत्री ने कहा कि काशी-तमिल संगमम काशी और तमिलनाडु के बीच विशेष सदियों पुराने जुड़ाव का उत्सव है। प्राचीन नगरी काशी दुनिया के सबसे पुराने शहरों में से एक है। पूरे भारत के लिए काशी एक तरह से सांस्कृतिक चुंबक की तरह है। जिससे देश के सभी हिस्सों के लोग गहराई से जुड़ते हैं।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के लोगों का काशी से विशेष लगाव है और काशी तमिल संगमम इसी अनूठे बंधन का उत्सव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी-तमिल संगमम आयोजित करने का जब फैसला किया था, तो इसका उद्देश्य यह था कि भारत की संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं का संगम बने। उन्होंने विदेशी राजनयिकों से संवाद करते हुए बताया कि काशी तमिल संगमम इस विविधता में एकता के उत्सव का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है, जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्पना की थी। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की गौरवशाली विरासत का जश्न मनाना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी तरह हम इसे आने वाली पीढ़ियों तक ले जाते हैं। साथ ही दुनिया को भारत के सुनहरे अतीत और जड़ों की महानता के बारे में बताते हैं।

**जयशंकर ने प्रतिनिधियों के सवालों का दिया जवाब**

विदेश मंत्री ने तमिल प्रतिनिधि राजगोपालन के एक प्रश्न का उत्तर भी दिया। प्रतिनिधि ने पूछा कि काशी में इस विशेष उत्सव के अवसर पर विदेश मंत्री किन प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डालना चाहेंगे। डॉ. जयशंकर ने कहा कि परंपरा प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने में मदद करती है और यहीं पर भारतीय ज्ञान प्रणाली सामने आती है। उन्होंने कहा कि भारतीय विश्वविद्यालय ड्रोन प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उन्नत वैज्ञानिक अध्ययन कर रहे हैं और उम्मीद है कि भविष्य में संस्थान कई और आशाजनक उपक्रम लेकर आएंगे। मंत्री एक तमिल प्रतिनिधि रूबन के प्रश्न का उत्तर दे रहे थे, जिन्होंने उल्लेख किया कि भारत अतीत में एक प्रौद्योगिकी नेता रहा है और इनमें से कई तकनीकों को भारत से दुनिया के साथ साझा किया गया था। उन्होंने जानना चाहा कि क्या इस संबंध में अध्ययन करने की कोई योजना है। एक अन्य तमिल प्रतिनिधि राजेश कुमार ने पूछा कि भाषा, विश्वास और परंपराओं में इसकी अपार विविधता के मद्देनजर राजदूत भारत को कैसे देखते हैं।

**भारत दुनिया को सह-अस्तित्व और एकजुटता का दिखाता है मार्ग**

संवाद में संदेश दिया गया कि भारत दुनिया को सह-अस्तित्व और एकजुटता का मार्ग दिखाता है। विदेशी राजनयिकों ने भी तमिल संगमम में शामिल होकर खुशी जाहिर की। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और दुनिया भर के 45 राजदूतों के साथ तमिल प्रतिनिधियों के बीच एक ज्ञानवर्धक बातचीत हुई। काशी तमिल संगमम 3.0 के हिस्से के रूप में सत्र ने वैश्विक प्रतिनिधियों को न केवल काशी और कांची की दो महान संस्कृतियों के संगम को करीब से देखने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया, बल्कि नई दिल्ली के भूगोल से परे भारत के बारे में अपनी समझ को भी गहरा किया। इरीट्रिया के राजनयिक ने काशी की यात्रा करने और दो महान संस्कृतियों के एकीकरण को देखने के विशेष अवसर की सराहना की। उन्होंने अपने भारतीय शिक्षकों को याद किया जो भारत की संस्कृति, इसके लोगों और इसकी विरासत के बारे में बताते थे। उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों के बीच के बंधन को स्वीकार किया जो उन्हें एक बनाता है।

## सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी चार दिवसीय फ्रांस यात्रा पर रवाना

एजेंसी

**फ्रांस के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ सैन्य संबंधों पर होगी चर्चा**

**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के मकसद से रविवार को फ्रांस की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। चार दिवसीय दौरे पर जनरल द्विवेदी फ्रांस के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ कई बैठकें करेंगे, जिनका उद्देश्य दोनों देशों के बीच मजबूत सैन्य संबंधों को बढ़ावा देना होगा। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा के बाद सेनाध्यक्ष की यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मुलाकात में उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के लिए फ्रांस के साझा दृष्टिकोण को सराहा था।

सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी यात्रा के पहले दिन 24 फरवरी को पेरिस के लेस इनवैलिड्स में फ्रांस के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। दिन की शुरुआत गार्ड ऑफ ऑनर से होगी, जिसके बाद फ्रांसीसी सेना प्रमुख जनरल पियरे शिलके साथ चर्चा होगी। बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मजबूत सैन्य संबंधों को बढ़ावा देना होगा। यात्रा कार्यक्रम में पेरिस में प्रतिष्ठित सैन्य स्कूल और संस्थान परिसर इकोले मिलिटेयर का दौरा भी शामिल है, जहां सीओएएस को फ्यूचर कॉम्बैट कमांड के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त जनरल द्विवेदी को फ्रांसीसी सेना के तकनीकी अनुभाग में जानकारी दी जाएगी और वे वर्सेल्स में बैटल लैब टेक का दौरा करेंगे। जनरल द्विवेदी 25 फरवरी कोमार्सिले जाएंगे, जहां वे फ्रांसीसी सेना की तीसरी डिवीजन का दौरा करेंगे और उन्हें तीसरी डिवीजन के मिशन और भूमिका, द्विपक्षीय अभ्यास शक्ति, भारत-फ्रांस प्रशिक्षण सहयोग और फ्रांसीसी सेना आधुनिकीकरण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# भारत में अमेरिकी फंड से चल रहीं हैं सात परियोजनाएं

**आर्थिक मामलों के विभाग की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 में हुआ खुलासा**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दावों के बीच नए तथ्य सामने आए हैं। जहां ट्रम्प भारत में वोटर टर्नआउट के नाम पर 182 करोड़ रुपए देने के बयानों को दोहरा रहे हैं, वहीं भारत में यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट से अभी 7 प्रोजेक्ट के लिए 840 करोड़ रुपए मिल रहे हैं लेकिन इसमें वोटर टर्नआउट के नाम पर किसी प्रोजेक्ट में फंड नहीं मिल रहा है।

विदेशी सहायता पर नजर रखने वाले वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की ताजा वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 में ये खुलासा हुआ है। इस बीच वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार 2008 के बाद से भारत को यूएसऐड से चुनाव संबंधी किसी मदद का रिकॉर्ड नहीं है। ट्रम्प ने चार दिन में चौथी बार अमेरिकी फंडिंग का सवाल उठाया ट्रम्प ने पिछले चार दिनों में चौथी बार भारत चुनाव में अमेरिकी फंडिंग पर सवाल उठाया है। इस बार उन्होंने कहा कि मेरे दोस्त मोदी को 182 करोड़ रुपए भेजे गए हैं। ये दूसरी बार है जब ट्रम्प ने इस मामले में मोदी का नाम लिया है। ट्रम्प ने 21 फरवरी को कहा था कि ये फंड भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए दिए गए। और हमारा क्या हमें भी अमेरिका में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए पैसा चाहिए। ट्रम्प ने बांग्लादेश में भेजे गए 250 करोड़ रुपए का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए ये फंड एक ऐसी संस्था को भेजा गया, जिसका नाम भी किसी ने नहीं सुना।

### राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक में छत्तीसगढ़ देश में दूसरे पायदान पर

**रायपुर।** नीति आयोग की ताजा जारी रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य सूचकांक के मामले में ऊंची छलांग लगाई है। बेहतर स्वास्थ्य सूचकांक के शीर्ष राज्यों में छत्तीसगढ़ दूसरे पायदान पर आया है। यह राज्य की मजबूत वित्तीय नीतियों और स्थिर आर्थिक प्रबंधन को दर्शाता है। राजकोषीय स्वास्थ्य मूल्यांकन कर नीति आयोग ने जारी ताजा अध्ययन रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ 2022-23 की रैंकिंग में देश में दूसरे नंबर पर आया है। पांच अलग-अलग सूचकांकों के आधार पर जारी रैंकिंग में छत्तीसगढ़ ने 55.2 अंक प्राप्त किए। भारत में राज्यों के राजकोषीय स्वास्थ्य के बारे में समझ विकसित करने के लिए नीति आयोग ने यह पहल की है। उल्लेखनीय बात यह है कि छत्तीसगढ़ लगातार तीसरे साल देश में दूसरे नंबर पर रहा। नीति आयोग की रैंकिंग में देश के 18 प्रमुख राज्यों को शामिल किया गया।

# बुजुर्ग समाज की धरोहर, उनकी देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी



माण्डवी फाउंडेशन ने वृद्धजनों को वितरित किए वस्त्र व फल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय माण्डवी फाउंडेशन ने बी-ब्लॉक राजाजीपुरम क्षेत्र में जरूरतमंद वृद्धजनों को वस्त्र और फल वितरित किए। संस्था के सदस्यों ने वृद्धजनों से संवाद कर उनकी जरूरतों को समझा और उन्हें सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा कि बुजुर्ग समाज की धरोहर होते हैं और उनकी देखभाल करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। संस्था समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदों की सहायता करती रहती है। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और उन्होंने संस्था के इस पहल की सराहना की। वृद्धजनों ने भी इस सहयोग के लिए माण्डवी फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में माण्डवी फाउंडेशन की टीम में आलोक त्रिपाठी, जय सिंह, सृजत सिंह, मीनाक्षी देवल व अन्य सहयोगियों में रागिनी सिंह, मनोरमा मौजूद रहीं।

### सीएम रेखा गुप्ता ने आवास पर समर्थकों से की मुलाकात, जताया आभार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शालीमार बाग स्थित आवास के बाहर रविवार सुबह भारी भीड़ देखी गई। समर्थक उनसे मिलने और बधाई देने के लिए उमड़ पड़े। इस दौरान कई सीएम रेखा के साथ तस्वीरें खिंचवाते और गुलदस्ते भेंट करते दिखे। सीएम रेखा गुप्ता ने भी अपने शुभचिंतकों और समर्थकों के सहयोग के लिए आभार जताया। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद से ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आवास पर उनके समर्थकों और शुभचिंतकों का तांता लगा हुआ है। रेखा गुप्ता सभी से मिलकर उनका अभिवादन स्वीकार कर रही हैं। शनिवार को दौलत राम कॉलेज की प्रिंसिपल सविता रॉय भी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिलने आईं। इस दौरान उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनके पास मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से जुड़ी कई बेहतरीन यादें हैं और उनका आशीर्वाद हमेशा उनके साथ रहेगा।

# एप्पल बेर खाने में स्वादिष्ट, देखने में छोटा, बिक्री तेज

समृद्धि न्यूज



**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र में कुड़ी गांव के पास किसान ने एप्पल बेर की खेती की है। किसान ने बताया कि एप्पल बेर की एक पेड़ लगभग 80 रुपए के आसपास आया और पूरा खर्च लगभग एक पेड़ लगभग सौ का पड़ा। किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार अनेक तरह के खंड विकास कार्यालय में गोष्ठी के माध्यम से प्रचार प्रसार कर रही है। इसके अलावा किसानों को अनेकों तरह के फल उगाने के लिए प्रोत्साहन दे रही है।

इसी को देखते हुए किसान रामशंकर ने बताया कि लगभग 15 बिस्वा में एप्पल बेर की खेती की गई है। एक पेड़ की पूरी लागत लगभग सौ रुपए के आसपास हो रही है। 15 बिस्वा मे लगभग 200 बेर के पेड़ लगाए गए हैं। एप्पल बेर लगाने के लिए खेतों को अच्छी तरह से तैयार कर ले और लगभग 3 फुट के आसपास गड्ढे खोदे और एक-एक गड्ढे की दूरी लगभग 15 फुट के आसपास होनी चाहिए। लेकिन 9 फीट के आसपास ही किसान ने एप्पल बेर लगाया है। पहले ही साल लगभग पूरे बेर में तीन कुंतल के आसपास उत्पादन हुआ और लेकिन इसकी उत्पादन दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जाती है। इसकी बिक्री भी अन्य बेर की अपेक्षा ज्यादा हुई और इस समय मंडी भाव में रूपये 40 के आसपास यह बेर बिक रही है।

खुले भाव में यह 60 से 80 रुपए में बिक रही है। एप्पल बेर खाने में काफी स्वादिष्ट है। और यह सेव की तरह एप्पल बेर की दिख रहा है साइज में छोटा है लेकिन स्वादिष्ट है किसान ने बताया कि रोजाना 30 से 40 किलो बिक्री हो रही है।

इसके अलावा उन्होंने बताया कि शिवरात्रि पर 3 दिन पहले ही इस बेर को तोड़कर सोनभद्र और मिर्जापुर जिले में बिक्री के लिए भेज दिया जाता है। एप्पल बेर की मांग ज्यादा होने पर इसकी बिक्री देसी बेर के अपेक्षा ज्यादा है। 20 दिन से इस बेर की बिक्री हो रही है। यह 15 जनवरी फरवरी मार्च अप्रैल मध्य तक चलता है इस वर्ष लगभग 70 प्रतिशत ही एप्पल बेर में फल आया। यह देखने में आकर्षण का केंद्र भी बना हुआ है। जानकारी के अभाव में यहां लोग नहीं पहुंच पा रहे हैं।

### छत्रपति महाराज के 12 किलों को विश्व धरोहर का दर्जा दिलाने की कोशिश

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज के 12 किलों को यूनेस्को विश्व धरोहर का दर्जा दिलाने के लिए महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार के नेतृत्व में चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रविवार को पेरिस के लिए रवाना हो गया है। प्रतिनिधिमंडल में मंत्री एडवोकेट शेलार के साथ अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खडगे, पुरातत्व एवं संग्रहालय निदेशालय के उप निदेशक हेमंत दलवी और वास्तुकार शिखा जैन हैं। सांस्कृतिक मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार महाराष्ट्र सरकार ने भारत के मराठा सैन्य परिदृश्य की अवधारणा के तहत छत्रपति शिवाजी महाराज के 12 किलों को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा है। इन किलों में रायगढ़, राजगढ़, प्रतापगढ़, पन्हाला, शिवनेरी, लोहागढ़, सलहेर, सिंधुदुर्ग, सुवर्णदुर्ग, विजयदुर्ग, खंडेरी किला और जिंजी किला है। इस प्रस्ताव के अनुरूप महाराष्ट्र सरकार का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 26 फरवरी तक पेरिस के दौरे पर रहेगा।

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में शिक्षकों की भूमिका अहम

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षक ही छात्रों के विचारों में लोकतान्त्रिक सिद्धांतों का समावेश करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष बिरला रविवार को संसद भवन परिसर में संसदीय शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (एबीआरएसएम) के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। बिरला ने कहा कि शैक्षिक संस्थान, जैसे आईआईटी और एनआईटी न केवल ज्ञान का प्रसार करने में अग्रणी हैं, बल्कि उन्होंने दुनिया की कई समस्याओं के समाधान भी दिए हैं। यही कारण है कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे छात्र वैश्विक संदर्भ और तेजी से बदलती तकनीकों के साथ तालमेल बैठाने की क्षमता विकसित करें। इस सन्दर्भ में उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि अपने अनुभवों और विचारों को साझा करके छात्रों को एक नई दिशा दिखाते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा प्रौद्योगिकी और नवाचार हब बनाने के प्रयासों के परिप्रेक्ष में नवाचार और अनुसंधान में राष्ट्रीय क्षमताओं को और बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## खबरें एक नजर में

**हिमाचल प्रदेश में भूकंप के झटके, मंडी में कांपी धरती**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर भूकंप के झटके लगे हैं। रविवार सुबह मंडी जिले में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए जिससे कुछ देर के लिए लोगों में भय का माहौल बन गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 मापी गई और इसका केंद्र मंडी जिले में 31.48 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.95 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। भूकंप के झटके सुबह 8 बजकर 42 मिनट पर आए और कुछ सेकंड तक महसूस किए गए। इसका केंद्र मंडी में जमीन की सतह से सात किमी नीचे रहा। हालांकि इसकी तीव्रता कम होने के कारण जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। मंडी जिला से सटे इलाकों में भी झटके महसूस किए गए लेकिन कहीं भी किसी प्रकार की क्षति की रिपोर्ट नहीं मिली है।

**बिहार के आठ जिलों से होकर गुजरेगा गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे**

**पूर्वी चंपारण।** गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक बनने वाली एक्सप्रेस-वे के एलाइनमेंट को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। यह एक्सप्रेस-वे बिहार के आठ जिलों से होकर गुजरेगी, जिसमें पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, किशनगंज और अररिया शामिल है। केंद्र से एलाइनमेंट की मंजूरी मिलने के बाद जल्द ही भूमि अधिग्रहण और टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। बिहार के उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इसकी जानकारी देते हुए कहा है, कि एक्सप्रेस वे को लेकर 6 माह में टेंडर जारी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि गोरखपुर से सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे के निर्माण पर 37,465 करोड़ की राशि खर्च होगी। एक्सप्रेस वे की लंबाई 568.42 होगी। जिसमे 417.15 किमी का हिस्सा बिहार में होगा। यह एक्सप्रेस वे 6 लेन की बनेगी। गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक बनने वाले सिक्स लेन एक्सप्रेस वे मार्ग में गंडक, बागमती और कोसी नदी पर तीन बड़े पुल का भी निर्माण होगा।

**ट्रंप की जीत से लेफ्ट बुरी तरह हताश और परेशान : पीएम मेलोनी**

**वॉशिंगटन।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने शनिवार को लेफ्टिस्ट लीडर्स पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए उनकी कड़ी आलोचना की है। मेलोनी ने कहा कि जब 90 के दशक में बिल क्लिंटन और टोनी ब्लेयर ने ग्लोबल लेफ़्टिस्ट लिबरल नेटवर्क बनाया तो उन्हें स्टेट्समैन कहा गया लेकिन जब ट्रम्प, मेलोनी, माइली (अर्जेंटीना के राष्ट्रपति) या मोदी बात करते हैं तो उन्हें लोकतंत्र के लिए खतरा बताया जाता है। वॉशिंगटन के कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस (सीपीएसी) में एक वीडियो लिंक के माध्यम से जुड़ी इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि ट्रम्प की जीत से लेफ्ट बुरी तरह हताश और परेशान है। ऐसा इसलिए नहीं है कि कंजर्वेटिव्स जीत रहे हैं, बल्कि कंजर्वेटिव्स अब वैश्विक स्तर पर एक साथ आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जब ट्रम्प, मेलोनी, माइली या मोदी बात करते हैं तो इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताया जाता है। उन्होंने इसे दोहरा मानदंड बताते हुए कहा कि उन्हें अब इसकी आदत पड़ चुकी है और जनता भी इस झूठ पर यकीन नहीं करती।

**जम्मू के मांडा में यात्री बस दुर्घटना में घायलों का इलाज जारी**

**जम्मू।** शनिवार देर रात कटरा से जम्मू आ रही यात्री बस जम्मू के मांडा क्षेत्र में नियंत्रित हो कर गहरी खाई में जा गिरी थी। हादसे में बस के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई और 17 श्रद्धालु घायल हो गए थे। घायलों में तीन को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों का इलाज जीएमसी जम्मू में चल रहा है। मृतक ड्राइवर की पहचान हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा निवासी राकेश कुमार के रूप में हुई है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए ड्राइवर के परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं और घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना की है।

**यात्रियों से भरी बेकाबू बस दुकान में घुसी, चार की मौत**

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना जिले के मिनाखां में शनिवार रात तेज रफ्तार बस बेकाबू होकर सड़क किनारे स्थित एक दुकान में घुस गई, जिससे 4 लोगों की मौके पर मौत हो गई। इस दुर्घटना में कम से कम 22 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह बस मालंच से कोलकाता की ओर जा रही थी। घटना बासंती हाईवे के जयगांव इलाके में हुई, जब सामने से आ रही एक अन्य गाड़ी को टक्कर से बचाने के प्रयास में चालक ने नियंत्रण खो दिया। बस सीधे एक चाय की दुकान में जा घुसी, जिससे दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुकान में मौजूद 8 लोग इसकी चपेट में आ गए जिनमें 4 की मौत हो गई। जबकि बस में सवार लोगों सहित कम-से-कम 22 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ बचाव कार्य शुरू करते हुए घायलों को मिनाखां अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल लोगों को कोलकाता के बड़े अस्पतालों में रेफर किया गया है।

**पैदल घर जा रहे तीन युवकों को वाहन ने रौंदा, मौत**

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर अदलहाट थाना क्षेत्र के पथरौरा गांव के पास रात एक बजे अज्ञात वाहन ने पैदल घर जा रहे तीन युवकों को रौंद दिया। तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस नेतीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजदिया है। सूचना पर पहुंची सीओ चुनार मंजरी राव व थाना प्रभारी ने घटना की जांच की। थाना क्षेत्र के मूसेपुर गांव निवासी 22 वर्षीय शिव पूजन पुत्र राजकुमार व 20 वर्षीय विकास पुत्र मिठाई व एक अन्य अज्ञात के साथ थाना क्षेत्र के कौड़ियांकला से रात लगभग एक बजे पैदल ही घर लौट रहे थे। पथरौर गांव के पास किसी अज्ञात वाहन नेतीनों युवकों को कुचल दिया। जिससे तीनों की मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला। गस्त पर निकली पुलिस नेसड़क पर मृत तीन युवकों को देखा और शव को मोर्चरी हाउस भेज दिया। पुलिस मृत तीसरे युवक की शिनाख्त करने में जुट गई है। सूचना पर मृत दो युवकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

**रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत**

**सक्तेशगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** चुनार थाना क्षेत्र चौकी शक्तेशगढ़ के नूनौटी गांव मेंरविवार को दोपहर में अप रेलवेट्रैक पर मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस नेशव को पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया है। चुनार कोतवाली क्षेत्र के नूनौटी गांव निवासी 35 वर्षीय गौतम पुत्र राम प्रताप अपनेही गांव के पूर्वाचौका से अपने घर जा रहा था। रेल की पटरीक्रॉस करते समय मालगाड़ी के चपेट मेंआ गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक को छह वर्षीय एक बेटी और आठ वर्षीय एक एक पुत्र है।

**महाकुंभ से स्नान कर वापस आ रहे 20 यात्री घायल**

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** कटरा कोतवाली क्षेत्र के नटवा के पास खड़ी एक निजी बस में रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में 20 यात्री घायल हो गए। सभी प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर वापस लौट रहे यात्रियों की बस खड़ी बस में टकरा गई। इस दुर्घटना में बीस यात्री घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार तीन यात्रियों की हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंचकर सभी घायलों का नजदीक ही अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को मण्डलीय अस्पताल ईलाज के लिये रेफर किया गया। बताया गया कि प्राइवेट बस पर सवार सभी श्रद्धालु यात्री छत्तीसगढ़ के बताये जा रहे है।

**सूडान में हैजा फैलने से 58 लोगों की मौत, 1300 व्यक्ति बीमार**

**काहिरा।** सूडान के एक शहर में हैजा फैलने से पिछले तीन दिनों में 58 लोगों की मौत हो गई जबकि लगभग 1,300 व्यक्ति बीमार हो गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सूडान के दक्षिणी शहर कोस्ती में दूषित पेयजल के कारण हैजा फैला है।

# प्रधानमंत्री मोदी आज पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त करेंगे जारी

एजेंसी



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को बिहार के भागलपुर में एक दिवसीय दौरे पर पहुंच रहे हैं। इस दौरान वह आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। साथ ही पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त जारी किसानों के खातों में भेजने के अलावा प्रधानमंत्री द्वारा करीब 2,000 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की घोषणाएं भी की जाएंगी। इस विशाल रैली में भागलपुर और पड़ोसी जिले बांका, मुंगेर और लखीसराय के करीब पांच लाख किसानों के शामिल होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा और राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के नेता और कार्यकर्ता उत्साहित हैं। भाजपा के तमाम बड़े नेता पहले ही भागलपुर का दौरा कर तैयारियां का जायजा ले चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने लोगों से अपील की है कि वह प्रधानमंत्री की सभा में आएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को भागलपुर के हवाई हड्डा मैदान में किसानों के कल्याण, उनकी खुशहाली और समृद्धि के लिए एक ऐतिहासिक जनसभा को संबोधित करने आ रहे हैं। सभी बिहारवासियों से अनुरोध है कि लाखों की तादाद में पधारकर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनें और किसानों की खुशहाली के बारे में संवाद करें।

उधर प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। हवाई अड्डा मैदान को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कर्मी तैनात कर दिये गए हैं। सुरक्षा-व्यवस्था की कमान एसपीजी ने संभाल ली है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर ट्रैफिक में बड़ा बदलाव किया गया है। भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान स्थित सभा स्थल तक पहुंचने के लिए लोगों को कम से कम एक किलोमीटर सफर करना होगा।

### उत्तराखंड के राज्यपाल ने महाकुम्भ में मंडपम व स्टॉलों का किया निरीक्षण

**महाकुम्भ नगर।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को प्रयागराज, महाकुम्भ के सेक्टर 7 कैलाशपुरी मार्ग स्थित उत्तराखंड मंडपम का भ्रमण किया। उन्होंने एसडीआरएफ के जवानों से वार्ता की और मंडपम में स्थित स्टॉलों का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने हाउस ऑफ हिमालय, बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति, उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद, उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद, उत्तराखंड बांस एवं रेशा परिषद तथा उत्तराखंड खादी बोर्ड द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की सराहना की। राज्यपाल ने मंडपम में स्थित स्टॉल्स की सुंदरता तथा मंडपम में स्थित टेंट सिटी की भव्यता की सराहना की तथा राज्य द्वारा विकसित टेंट सिटी में रात्रि विश्राम किया। राज्यपाल के उत्तराखंड मंडपम में आगमन पर उद्योग निदेशालय के उपनिदेशक राजेंद्र कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर राज्यपाल का स्वागत किया तथा उन्हें अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। राजेंद्र कुमार ने उन्हें अवगत कराया कि उत्तराखंड मंडपम के माध्यम से राज्य के चार धाम शीतकालीन यात्रा स्थलों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन



समृद्धि न्यूज

**चुनार (मिर्जापुर)।** स्थानीय गंगेश्वर नाथ स्थित शिवा उत्सव वाटिका में बीएचयू के क्षेत्रीय नेत्र संस्थान के एचओडी प्रो. आरपी मौर्य के नेतृत्व में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने 418 मरीजों का परीक्षण कर दवाएं वितरित की। शिविर में मोतियाबिंद, ग्लुकोमा (काला मोतिया) जैसे रोगों से पीड़ित मरीजों का परीक्षण कर उन्हें नेत्र शल्य चिकित्सा की सलाह दी गई। शिविर का उद्घाटन चेयरमैन मंसूर अहमद ने फीता काट कर किया।

मुख्य अतिथि बीएचयू के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. एसएन शंखवार ने कहा कि नेत्र संस्थान की यह पहल सराहनीय है, जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र मरीजों को मिलेगा। प्रो. मौर्य ने कहा कि जानकारी के अभाव में देश के 12 फीसदी मरीज समलबाई जैसी बीमारी से ग्रस्त होकर अपनी आंखों की रोशनी खो रहे हैं। लापरवाही के कारण हर सातवां व्यक्ति आंख की रोशनी खोने के बाद उपचार के लिए चिकित्सक के पास आता है। भारत में 70 लाख लोग प्रतिवर्ष सिर्फ कार्नियल ब्लाइंडनेस के कारण आंख की रोशनी खो दे रहे हैं। प्रो. मौर्य ने लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हर 15 दिन में वाराणसी के आसपास के जनपदों में इस प्रकार के शिविर बीएचयू द्वारा लगाए जाएंगे। शिविर में चिकित्सक डा. प्रियंका सिंह, डा. आशा, डा. दिलीप यादव, डा. काजल पाल, डा. सुरभि, डा. जैनब, डा. मानस, डा. प्रेरणा, डा. कीर्ति व नेत्र परीक्षक अमितश चंद्रा, प्रशांत व आशुतोष त्रिपाठी की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। कार्यक्रम संयोजक मनीष सिंह ने आगतों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व डिप्टी सीएमओ डा. अशोक सोनकर, प्रो. धीरेंद्र कुमार सिंह, डा. धीरेंद्र बहादुर सिंह, डीसीएफ चेयरमैन विजय वर्मा, सुरेश वर्मा, शशांक मिश्र, श्रीधर चतुर्वेदी, संजय कुमार सिंह, आलोक श्रीवास्तव आदि थे। शिविर में चुनार के विनोद सिंह, संतोष मिश्रा, दुर्गेश प्रसाद, शकुंतला देवी, मनीष अग्रवाल, आकांक्षा, डीपी अग्रवाल, मंजु अग्रवाल, कृष्ण कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, आशुतोष व विकास ने प्रेरित होकर जनसेवा के लिए नेत्रदान का संकल्प लिया और इसके लिए परिवार प्रतिज्ञा प्रपत्र भरा।